CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 12-28-2025 23:05 Color:


महानगर > मुंबई > सोमवार, 29 दिसंबर 2025 > पौष 7 शक संवत 1947 पौष शुक्ल नवमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 76, संख्या 205 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



सारा ने बताई सशक्त महिला की परिभाषा ▸p10



ब्रेट ली को ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में एंट्री ▸p11

अपने आंसू पब्लिक को नहीं दिखातीः शहनाज़ गिल ▸▸ पेज 10



IIT बॉम्बे में एलुमनी का पावर शो, 50 करोड़ का कमिटमेंट ▸▸ पेज 5



जरदारी ने माना, मिली थी बंकर में छिपने की सलाह ▸▸ पेज 12

# 'चीनी नहीं, इंडियन हैं, कौन-सा सर्टिफिकेट दिखाऊं?'

## त्रिपुरा के छात्र की देहरादून में हत्या मामले में 1 फरार


■ NBT रिपोर्ट, देहरादूनः त्रिपुरा के रहने वाले 24 साल के एमबीए स्टूडेंट को नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी। बेटे की हत्या के बाद BSF में तैनात तरुण चकमा टूट गए हैं। वह इंसाफ चाहते हैं। उन्होंने बताया कि FIR दो-तीन दिन बाद दर्ज की गई। बेटे की नौकरी भी लग गई थी।



एंजेल चकमा

एंजेल की देहरादून के अस्पताल में मौत हुई। वह 17 दिनों से अधिक समय तक जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे। उन पर चाकू से 9 दिसंबर को हमला हुआ। एंजेल चकमा ने कहा था, 'हम चीनी नहीं हैं...इंडियन हैं। यह साबित करने के लिए कौन-सा सर्टिफिकेट दिखाऊं?' इसके बाद भी इन लोगों ने कथित तौर पर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की।

यह घटना लोकल मार्केट से रोजमर्रा का सामान खरीदे जाने से शुरू हुई थी। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अराजक तत्वों से सख्ती से निपटेंगे। इस केस में पांच आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। दो नाबालिग हैं। एक फरार आरोपी की धर-पकड़ के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। उस पर 25 हजार का इनाम रखा गया है। पुलिस की एक टीम को उसकी तलाश में नेपाल भेजा गया है।



वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर हुई घटना।

### जागरुकता और सख्त ऐक्शन की ज़रूरत

त्रिपुरा के एमबीए स्टूडेंट की देहरादून में हत्या किसी भी देशभक्त का सीना तार-तार कर दे, लेकिन देशभक्ति की परिभाषा ही बदली जा रही तो क्या उम्मीद करें? तरक्की दिखाने के लिए हम चांद को चूमना चाहते हैं, लेकिन वो दाग भी छोड़ सकते हैं जिससे धरती फट जाना चाहे।

NBT व्यू

भारत विविधता में एकता का दावा करता है, पर ऐसी घटना उस दावे को कठघरे में लाती है। पूर्वोत्तरवासियों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी, भेदभाव, हिंसा कोई अपवाद नहीं, बल्कि पूर्वाग्रहों की अभिव्यक्ति है। क्षेत्र, भाषा या रूप-रंग से परे हर भारतीय सम्मान-सुरक्षा का हकदार है। जागरुकता, सख्त कार्रवाई दोनों जरूरी हैं।

### वाराणसी में हुई जापानी टूरिस्ट्स से बदसलूकी

■ NBT न्यूज, वाराणसीः वाराणसी घूमने आए जापानी पर्यटकों के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। इसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना दशाश्वमेध घाट पर 25 दिसंबर को हुई बताई जा रही है। विडियो में कुछ लोग जापानी परिवार पर गंगा को गंदा करने का आरोप लगाते हुए अभद्रता करते दिख रहे हैं। पर्यटक दल में महिलाएं और सैंटा क्लॉज की टोपी और रियमसूट पहने बच्चे नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ जोड़कर माफी मांगी, लेकिन लोग उन्हें काफी भला-बुरा कह रहे हैं। काशी के DCP ने कहा कि जापानी टूरिस्ट्स को नहाने को लेकर टोका गया था। मारपीट या हमला नहीं किया गया।

### जन्मदिन की पार्टी में जाने पर मुस्लिम युवकों पर फाइन

■ NBT रिपोर्टः उत्तर प्रदेश के बरेली में एक कैफे में अपने हिंदू दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होने पर दो मुस्लिम युवकों के खिलाफ शांति भंग के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों युवकों और कैफे के एक स्टाफ पर फाइन लगाया। TOI की खबर के मुताबिक बजरंग दल के कुछ लोग कैफे में घुस आए और हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि एक नर्सिंग स्टूडेंट ने अपने साथ पढ़ने वालों को पार्टी के लिए बुलाया था। जांच में कुछ गलत होने की बात सामने नहीं आई। लड़की ने कहा, 'राइट विंग के मेंबर पार्टी में जबरन घुसकर मेरे दोस्तों पर हमला किया। वहां सिर्फ दो मुस्लिम युवक थे।'



कैफे में एक ग्रुप ने हंगामा किया।

# जनवरी से बोरीवली के लिए 22 नई लोकल ट्रेनें होंगी शुरू!

Priya.Pandey@Timesofindia.com

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : पश्चिम रेलवे कांदिवली और बोरीवली के बीच छठी लाइन का काम तेज गति से कर रही है। इस लाइन का काम पूरा होने के बाद बोरीवली से चर्चगेट के बीच 22 सर्विस बढ़ जाएंगी, जिससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। जनवरी में यह सुविधा लोगों को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जल्द नए टाइम-टेबल में भी इसका उल्लेख किया जा सकता है। बता दें कि इस प्रोजेक्ट के पूरे होने का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए काम बहुत सटीकता से किया जा रहा है। साथ ही सबअर्बन रेल नेटवर्क की लंबे समय से लंबित यात्री कैपेसिटी बढ़ाने के काम को भी मजबूत किया जा रहा है।



15 डिब्बों की सर्विस बढ़ेगी

पहला चरण अंधेरी से बांद्रा (जल्द होगा लागू)

दूसरा चरण बांद्रा से दादर (विचाराधीन)

तीसरा चरण दादर से चर्चगेट (विचाराधीन)

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### ...फरवरी तक मानकर चलिए

यह काम 18 जनवरी तक पूरा हो पाएगा। इसके बाद लाइन की फिटनेस चेक और अन्य जरूरी काम किए जाएंगे। रेलवे के दावों के इतर ऐसा मानकर चलें कि इसमें अभी वक्त लगने वाला है। फरवरी मध्य तक यह सर्विस बढ़ सकती है। वहीं, छठी लाइन बांद्रा टर्मिनस और बोरीवली के बीच सबअर्बन सर्विस से लंबी दूरी की ट्रेनों को अलग करने की इजाजत देगी। एक अधिकारी ने बताया कि इसे अलग करने से ट्रेन के समय में सुधार, पुख्ता सुरक्षा और मौजूदा ट्रैक पर भीड़ कम होने की उम्मीद है।

### कांग्रेस और वंचित बहुजन आघाडी के बीच गठबंधन



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव के लिए रविवार को कांग्रेस और प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाडी (VBA) के बीच गठबंधन की घोषणा की गई है। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय तिलक भवन में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह ऐलान किया गया। मुंबई की 227 सीटों में से वंचित बहुजन आघाडी 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राज्य की अन्य 28 मनपाओं में गठबंधन को लेकर निर्णय स्थानीय स्तर पर लिया जाएगा, जिसके लिए दोनों दलों ने स्थानीय नेतृत्व को अधिकार दिए हैं।

**अजित पवार गुट ने जारी की 37 उम्मीदवारों की लिस्ट:** अजित पवार की एनसीपी ने रविवार को 37 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। नवाब मलिक के भाई समेत परिवार के तीन सदस्यों को उम्मीदवार बनाया गया है। ▸▸ पेज 2

### अरावली विवादः सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

■ भाषा, नई दिल्लीः अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर उठे विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया है और वह सोमवार को मामले की सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी, जिसमें न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर को अरावली पहाड़ियों की एक समान परिभाषा को स्वीकार करते हुए, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले अरावली क्षेत्रों में विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक नए खनन पट्टों के आवंटन पर रोक लगा दी थी।

# शरद पवार और अदाणी ने की एक-दूसरे की तारीफ



"अदाणी गुजरात के सूखा-प्रभावित बनासकांठा जिले से आते हैं। वह मुंबई आए और बिल्कुल शून्य से शुरुआत की और आज उनका व्यवसाय देश के 23 राज्यों में फैला हुआ है। – शरद पवार, NCP (SP) प्रमुख

"शरद पवार चाहे मुख्यमंत्री रहे हों या मंत्री रहे हों, उन्होंने दलगत सीमाओं से ऊपर देश की कृषि नीति, सहकारी संस्थाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आकार दिया है। – गौतम अदाणी, चेयरमैन, अदाणी समूह

■ भाषा, बारामती : एनसीपी (SP) प्रमुख शरद पवार और उद्योगपति गौतम अदाणी रविवार को एक मंच पर नजर आए। दोनों ने एक-दूसरे की जमकर तारीफ भी की। मौका था बारामती में शरदचंद्र पवार कृत्रिम मेधा उत्कृष्टता केंद्र के उद्घाटन समारोह का।

इस दौरान पवार ने कहा कि उद्योगपति गौतम अदाणी की जीवन यात्रा बड़े सपने देखने वाले मेहनती युवाओं के लिए प्रेरणा है। वहीं, अदाणी ने शरद पवार को अपना मार्गदर्शक बताते हुए कहा, वरिष्ठ नेता ने जमीनी हकीकत को राष्ट्रीय एजेंडे के साथ सफलतापूर्वक जोड़ा है।

**बारामती में कृत्रिम मेधा उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन**

अदाणी ने कहा, मुझे पवार साहब को 3 दशक से अधिक समय से जानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैंने उनसे जो कुछ सीखा है, उसकी कोई तुलना नहीं है, लेकिन ज्ञान से परे उनकी बुद्धिमत्ता और गहरी सहानुभूति ही है, जिसने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला है। गौरतलब है कि कार्यक्रम में सांसद सुप्रिया सुले, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी पत्नी व अन्य भी मौजूद रहे।

### बांग्लादेशी नेता हादी के हत्यारे भारत में नहीं: BSF

■ पीटीआई, शिलांगः मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने बांग्लादेश पुलिस के उन दावों को रविवार को खारिज किया कि 'इंकलाब मंच' के नेता शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे भारत में दाखिल हो गए हैं। मेघालय में BSF के प्रमुख, आईजी ओ.पी. उपाध्याय ने कहा कि ये दावे निराधार और भ्रामक हैं। ढाका पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने दावा किया था कि दो मुख्य संदिग्ध हलुआघाट सीमा के रास्ते मेघालय में दाखिल हो गए हैं। मेघालय पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस को इस तरह की किसी गतिविधि की सूचना नहीं मिली है। ▸▸ पेज 12

**ढाका पुलिस बोली, मेघालय में दाखिल हो गए हैं**

# BJP संगठन शक्ति की तारीफ करने वाले दिग्विजय के बयान को मिला थरूर का साथ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित पार्टी के 140वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान शशि थरूर ने अपने पार्टी सहयोगी दिग्विजय सिंह के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए। दरअसल, दिग्विजय ने शनिवार को आरएसएस और बीजेपी की संगठनात्मक शक्ति की तारीफ करते हुए एक पोस्ट लिखा था, जिसमें उन्होंने कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया था। हालांकि, उन्होंने शनिवार को कांग्रेस की वर्किंग कमिटी की बैठक से पहले अपनी पोस्ट पर सफाई दी थी। कहा था कि वह आरएसएस, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घोर विरोधी हैं लेकिन संघ के संगठनात्मक ढांचे के कायल हैं।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर से जब रविवार को दिग्विजय के इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो थरूर ने कहा कि संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए और इसमें कोई संदेह नहीं है। दिग्विजय के बगल में बैठने और दोनों के बीच बातचीत को लेकर पूछे गए सवाल पर थरूर ने कहा कि वे दोस्त हैं और आपस में नियमित रूप से चर्चा करते रहते हैं। उन्होंने इसे सामान्य संवाद बताते हुए किसी तरह के विवाद को खारिज किया।

**शशि थरूर ने मीडिया से कहा कि संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए**

**बोले, दिग्विजय दोस्त हैं और आपस में नियमित रूप से चर्चा करते रहते हैं**



कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर दिग्विजय और थरूर साथ बैठे नजर आए।

### पोस्ट तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही BJP: श्रीनेत

इस बीच, कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, 'मुझे लगता है कि बीजेपी दिग्विजय के पोस्ट के मूल भाव को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। संघ, जो नफरत फैलाता है और महात्मा गांधी के हत्यारे (नाथूराम) गोडसे की विचारधारा से प्रेरणा लेता है, हमें उनसे कुछ भी सीखने की जरूरत नहीं है।' श्रीनेत ने दावा किया, 'हम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हैं और हमने ब्रिटिश शासन के अन्याय और शोषण के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम लड़ा तथा उसे जन आंदोलन में बदला। हमें किसी से कुछ भी सीखने की जरूरत नहीं है, बल्कि दूसरों को हमसे सीखना चाहिए।'

# अकाल तख्त का आदेश- पार्क, होटल में आनंद कारज नहीं

■ NBT रिपोर्ट, चंडीगढ़ः अकाल तख्त साहिब पर रविवार को पांच सिंह साहिबानों की संयुक्त बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। 2025 की अंतिम बैठक में लिए गए ये फैसले सीधे सिख संगत से जुड़े हैं। अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने बताया कि आनंद कारज अब सिर्फ गुरुद्वारों में ही होगा। पार्क, होटल और अन्य खुले या व्यावसायिक जगहों पर आनंद कारज की पूरी तरह मनाही होगी। गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप को किसी भी विवाह स्थल पर ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।



**अकाल तख्त साहिब पर पांच सिंह साहिबानों ने लिए अहम फैसले**

**पावन स्वरूपों से जुड़े मामलों में राजनीतिक दल का हस्तक्षेप नहीं**

पावन स्वरूपों से जुड़े मामलों में कोई भी राजनीतिक दल हस्तक्षेप नहीं करेगा। वर्तमान सरकार और सत्ताधारी राजनीतिक दल को चेतावनी दी गई कि यदि सिखों के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप बंद नहीं किया गया, तो पंथक परंपराओं के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सिख गुरुओं पर नहीं बनेंगी AI फिल्में

बैठक में AI विडियो और फिल्मों के निर्माण पर जत्थेदार ने कहा कि तकनीक भले ही आधुनिक हो, लेकिन बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि धार्मिक विषयों पर इस प्रकार की फिल्में या विडियो नहीं बनाए जा सकते, क्योंकि इससे सिख मर्यादाओं और परंपराओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बिना अनुमति कोई भी फिल्म नहीं बनाई जा सकती।

### शादी के 22 दिन बाद फंदे से लटके मिले दंपती के शव

■ NBT न्यूज, सीतापुरः 22 दिन पहले प्रेम विवाह करने वाले खुशीराम (22) और मोहिनी (19) के शव रविवार सुबह अनिया कलां के महामाई मंदिर में लगे पेड़ से एक ही फंदे से लटकते मिले। उन्होंने यहीं शादी की थी। दोनों के पैर जमीन से छू रहे थे। खुशीराम और मोहिनी बनतीपुरवा निवासी थे और रिश्ते में भाई-बहन लगते थे।

**मौसम** उत्तर में बर्फबारी थमी, इसलिए उत्तर से आने वाली हवाएं पड़ गईं कमजोर, हल्की ठंड रहेगी बरकरार

# वीकेंड तक करना होगा अच्छी ठंड का इंतज़ार

■ NBT रिपोर्ट मुंबई : अच्छी ठंड के लिए मुंबईकरों को आगामी वीकेंड तक का इंतजार करना पड़ेगा। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, शुक्रवार तक मुंबई के तापमान में कोई गिरावट नहीं होने वाली है। सुबह में हल्की ठंड बरकरार रहेगी, लेकिन दिन में पारा 32 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। मुंबई में पिछले 20 दिसंबर को इस सीजन की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई थी, न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन उसके बाद तापमान में वृद्धि हुई और तब से लेकर शनिवार रात तक न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस के इर्द-गिर्द दर्ज किया जा रहा है। वहीं, अधिकतम तापमान पिछले कई दिनों से 32-33 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

**शुक्रवार तक मुंबई के तापमान में कोई गिरावट नहीं**

**20 दिसंबर को थी इस सीजन की सबसे ठंडी रात**



### इसलिए तापमान में हुई बढ़ोतरी

क्षेत्रीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस और रविवार को अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ ने यह तापमान शुक्रवार तक बरकरार रहने की बात कही है। मौसम विशेषज्ञ राजेश कपाड़िया ने बताया, फिलहाल उत्तर में बर्फबारी नहीं हो रही है, ऐसे में उत्तर से आने वाली हवाएं कमजोर पड़ गई हैं, इसलिए तापमान में थोड़ी बढ़त बनी हुई है।

### सुबह के समय ही रहेगी गुलाबी ठंड

मौसम विशेषज्ञ कपाड़िया ने बताया, महानगर में फिलहाल सुबह के समय गुलाबी ठंड कायम रहेगी, लेकिन तापमान में गिरावट शुक्रवार के बाद ही संभव है। उन्होंने कहा, उत्तर में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने वाला है, जिसके चलते बर्फबारी होगी और ठंडी हवाएं चलेंगी। इन ठंडी हवाओं के चलते मुंबई के तापमान में गिरावट की गुंजाइश बनी हुई है। फिलहाल वीकेंड तक हल्की ठंड बरकरार रहेगी।

# सबमरीन पर जाने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्रपति बनीं मुर्मु

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नेवी के सबमरीन में सवार होकर समुद्री यात्रा की। वह सबमरीन पर जाने वाली दूसरी राष्ट्रपति बनीं। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सबमरीन पर गए थे। राष्ट्रपति रविवार को कर्नाटक के करवार नेवल बेस गईं। उन्होंने नेवी की स्वदेशी कलवरी क्लास सबमरीन INS वाघशीर में सवार होकर यात्रा की। उनके साथ नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी भी थे।



"यह स्वदेशी पनडुब्बी भारतीय नौसेना की व्यावसायिक उत्कृष्टता, युद्ध की तैयारी और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का एक शानदार उदाहरण है। – द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

खबरों के अंदर की बात NBT Lens देखें पेज 3, 5

GOOD न्यूज गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-9

### अंतर्ज्ञान

सहनशीलता कमजोरी नहीं, परिपक्वता है, जो व्यक्ति दूसरों के व्यवहार से तुरंत टूट जाता है, उसने अभी मन की जड़ें मजबूत नहीं कीं। सहनशील होना मतलब है – प्रतिक्रिया नहीं, प्रतिक्रिया से ऊपर उठना। इसका मतलब यह नहीं कि अन्याय स्वीकार करें, बल्कि यह समझें कि गुस्से से कुछ नहीं सुधरता। सहनशीलता आत्मा की ढाल है, जो हर चोट को ज्ञान में बदल देती है। यह वह मौन शक्ति है, जो जीवन के तूफानों में भी दीपक को जलाए रखती है। सहनशीलता का अर्थ है, भीतर शांति बनाए रखना जब बाहर सब अस्थिर हो। यही आत्मा की सच्ची ताकत है – न झुकना, न झुलसना, बस जलते रहना प्रकाश में।

### कैसा होगा आपका साल 2026

आध्यात्मिक गुरु सद्गुरुश्री दयाल (डॉ. स्वामी आनंदजी) बता रहे हैं पहली 4 राशियों मेष, वृष, मिथुन और कर्क का वार्षिक राशिफल। ▸▸ पेज 5

### 2026 नई उम्मीद

2025 में मुंबई की रफ्तार को नई धार मिली है। इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में मेट्रो, ब्रिज और सड़कों के निर्माण के साथ-साथ नवी मुंबई में शुरू हुए इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने मुंबईकरों को काफी राहत दी है। सड़क और पुल परियोजनाओं के मामले में 2025 मुंबई के लिए बेहद अहम रहा। महानगर में कई प्रोजेक्ट्स जिनकी रफ्तार कुंद हो चुकी थी, उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में बेहतर काम हुआ है। देखें पेज 4

2026 में किन बदलावों से गुजरेगी दुनिया और भारत पर उनका क्या पड़ेगा असर? इकॉनमी, जल संकट से AI और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर 26 सवाल हमने पूछे 26 एक्सपर्ट्स से... अपने पिटारे में क्या खास लेकर आ रहा है यह बरस... देखें ▸▸ पेज 6-7

### फटाफट खबरें

**हवाला के जरिए आती थी कफ सिरप की पेमेंट**

उत्तर प्रदेश के कफ सिरप की तस्करी में पुलिस ने पांच लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें विष्णु पांडेय और लोकेश अग्रवाल ने तीन बोगस फर्म खोल रखी थीं। इन फर्मों के खाते में नकद जमा कर तस्करी के सरगना शुभम के खाते में ट्रांसफर किए जाते थे। अन्य आरोपितों दिनेश, आशीष यादव व स्वप्निल केसरी ने पूछताछ में बताया कि बांग्लादेश से कफ सिरप की पेमेंट हवाला और मोल्ड के जरिए होती थी।

**पश्चिम बंगाल के CEO को Y+ सुरक्षा मिली**

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) मनोज अग्रवाल को CISF की Y+ श्रेणी सुरक्षा दी गई है। वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) की सुनवाई के दौरान खतरों पर यह इंतजाम किया गया है।

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 32.1 | 20.4 |
| सांताक्रूज | 32.7 | 17.2 |
| सूर्यास्त सोमवार | 6:10 बजे | |
| सूर्योदय मंगलवार | 7:11 बजे | |

NBT नवभारत टाइम्स सड़क व रेल यात्री वहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

## फटाफट खबरें

### 'मोटापे के इलाज की दवाएं होंगी अहम'

■ भाषा, नई दिल्ली: सन फार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गणोरकर ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में मोटापा और मधुमेह जैसी बीमारियों की दवाएं घरेलू दवा उद्योग की वृद्धि का एक प्रमुख आधार होंगी। ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 (जीएलपी-1) रिसेप्टर एगोनिस्ट ऐसी दवाएं है, जो इंसुलिन के उत्पादन को नियंत्रित कर टाइप-2 मधुमेह, उच्च रक्त शर्करा और मोटापे के इलाज में उपयोग की जाती हैं। गणोरकर ने कहा, "आने वाले वर्षों में जीएलपी-1 उपचारों तक बेहतर पहुंच भारतीय दवा उद्योग के लिए एक प्रेरक होगी।'

### रॉल्स रॉयस भारत में विस्तार के लिए तैयार

■ भाषा, नई दिल्ली: ब्रिटेन की एयरो-इंजन विनिर्माता कंपनी रॉल्स रॉयस ने रविवार को कहा कि वह भारत को ब्रिटेन के बाहर अपना तीसरा "गृह बाजार" बनाने पर विचार कर रही है। यह योजना जेट इंजन, नौसैनिक प्रणोदन, थल प्रणालियों और उन्नत इंजीनियरिंग सहित कई क्षेत्रों में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार की गई है। रॉल्स रॉयस इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष सशी मुकुंदन ने कहा कि कंपनी भारत में बड़े निवेश की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के एयरो इंजन को भारत में विकसित करना प्राथमिकता है, ताकि उन्नत मध्यम युद्धक विमान कार्यक्रम के तहत भारत में बनने वाले लड़ाकू विमानों को शक्ति दी जा सके।

### SS रिटेल ने सेबी को सौंपे दस्तावेज

■ भाषा, नई दिल्ली: मोबाइल रिटेल कंपनी SS रिटेल ने IPO के माध्यम से 500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी की पहली सार्वजनिक पेशकश 300 करोड़ रुपये के शेयरों के ताजा निर्गम के साथ-साथ प्रवर्तकों और अन्य शेयरधारकों द्वारा 200 करोड़ रुपये की बिक्री की पेशकश (OFS) का संयोजन होगी। नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28 में नए स्टोर खोलने के लिए आवश्यक निर्माण और सजावट पर होने वाले पूंजीगत खर्च, कार्यशील पूंजी की जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# ग्लोबल रुझानों, FII के रुख से तय होगी बाजार की चाल!

## सेंटिमेंट्स आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों प्रभावित होंगे: एक्सपर्ट्स

AI Image




■ NBT रिपोर्ट

मुंबई: इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, ग्लोबल रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से प्रभावित होगी। विश्लेषकों ने कहा कि साथ ही वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी।

इस साल के कुछ ट्रेडिंग सेशन ही बाकी रहने के कारण भारतीय शेयर बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है। रिलायंस ब्रोकिंग लिमिटेड में रिसर्च हेड अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह कैलेंडर वर्ष 2026 की शुरुआत होगी, और दिसंबर के वायदा-विकल्प सौदे पूरे होने के कारण अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। घरेलू स्तर पर निम्न प्रमुख आंकड़ों पर नजर रहेगी, उनमें नवंबर का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई शामिल हैं।" उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिका से जुड़े व्यापक आर्थिक संकेतों पर करीबी नजर रखेंगे, जिनमें एफओएमसी बैठक का ब्यौरा और फेडरल रिजर्व की बैलेंस शीट से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 112.09 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 75.9 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़ा।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुदी आर ने कहा, "2025 के कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने के कारण भारतीय इक्विटी बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है। इस सप्ताह निवेशकों की धारणा घरेलू और विदेशी, दोनों स्तरों पर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से प्रभावित होगी।" उन्होंने कहा कि नवंबर के वाहन बिक्री आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी, ताकि क्षेत्रवार रफ्तार की पुष्टि हो सके।

कच्चे तेल की कीमतः हाल की भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी हुई है। इनमें अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के तेल एक्सपोर्ट पर अधिक दबाव डालना और कुछ अफ्रीकी इलाकों में सुरक्षा संबंधी मुद्दे शामिल हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमत 0.4% बढ़कर 62.48 डॉलर प्रति बैरल हो गई है, जिससे ज्यादा महंगाई और बिजनेस के लिए बढ़ती लागतों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

# सोने-चांदी की रफ्तार 2026 में बनी रहेगी या लगेगा ब्रेक?

## बेहतर रिटर्न पाने के लिए 'एसेट एलोकेशन' का पालन करें: नीलेश शाह




WGC की रिपोर्ट पर नजर रखने की सलाह

एसेट एलोकेशन पर फोकस रखें निवेशक

■ NBT, मुंबई: सोने और चांदी में पिछले कुछ समय से जो जबरदस्त तेजी देखी गई है, वह 2026 में शायद जारी न रहे। हालांकि, इन कीमती धातुओं का आउटलुक अभी भी पॉजिटिव दिख रहा है। कोटक महिंद्रा एएमसी के एमडी नीलेश शाह ने यह बात कही है। उन्होंने निवेशकों को सलाह दी कि वे अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न पाने के लिए 'एसेट एलोकेशन' यानी संपत्ति आवंटन के 'धर्म' का पालन करें।


नीलेश शाह ने ईटी नाउ के साथ एक खास बातचीत में बताया कि जिस तरह की मजबूती इन कीमती धातुओं में देखने को मिली है, वैसी 2026 में दोहराए जाने की संभावना कम है। फिर भी उन्होंने कहा कि सोना और चांदी दोनों के लिए आगे का रास्ता सकारात्मक बना हुआ है। इसकी वजहें हैं केंद्रीय बैंकों की सोने में लगातार खरीद और चांदी की औद्योगिक मांग। खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के क्षेत्र में यह काफी मजबूत है।

शेयर बाजार के निवेशकों के लिए नीलेश शाह ने कहा कि उन्हें 'एसेट एलोकेशन के धर्म' का पालन करना चाहिए। इसका मतलब है कि अपने पोर्टफोलियो को रियल एस्टेट, डेट, इक्विटी और कीमती धातुओं के बीच बांटना चाहिए। एक निवेशक को खुले दिमाग से काम लेना चाहिए और सही आवंटन के सिद्धांत का पालन करना चाहिए। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 70 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है, जो 1979 के बाद की सबसे बड़ी वार्षिक बढ़त है। वहीं, चांदी में करीब 160 फीसदी की तेजी आई है।

एक्सपर्ट ने यह भी बताया कि निवेशकों को वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट देखनी चाहिए। इससे पता चलेगा कि 'केंद्रीय बैंक क्या कर रहे हैं।' जब तक वे खरीदारी कर रहे हैं और एक निश्चित कीमत तक खरीदने को तैयार हैं, तब तक सोने की कीमतें मजबूत बनी रहेंगी। नीलेश शाह ने कहा कि चांदी में यह तय करना होगा कि क्या चांदी के औद्योगिक इस्तेमाल के लिए कोई वैकल्पिक समाधान उभर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब किसी औद्योगिक वस्तु की कीमत बहुत ज्यादा बढ़ जाती है तो उसकी चीजों को बदला जा सकता है। ऐसे में सोना और चांदी दोनों का भविष्य सकारात्मक है। लेकिन यह केंद्रीय बैंकों की खरीद और उनके हस्तक्षेप पर निर्भर करेगा।

# विदेशियों को भाया देसी वाइन का फ्लेवर, दोगुना हुआ एक्सपोर्ट

AI Image




क्या देसी वाइन जीत रही है विदेशी बाजार?

■ NBT: भारत में अंगूर के अलावा दूसरे फलों से बनने वाली वाइन विदेश में अपनी खास जगह बना रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारत में वाइन बनाने वाली कंपनियां देश में धीमी बिक्री के बीच विदेशी बाजारों पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। ट्रेड थिंक टैंक जीटीआरआई (GTRI) के विश्लेषण के मुताबिक इस वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में भारत से वाइन का निर्यात रिकॉर्ड 6.7 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। यह पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा है।

ईटी की एक रिपोर्ट में उद्योग के जानकारों के हवाले से कहा गया है कि अब भी अंगूर से बनी वाइन का निर्यात बाजार में दबदबा है। लेकिन गैर-अंगूर वाली भारतीय वाइन भी विदेशों में धीरे-धीरे पसंद की जा रही है। शुक्रवार को मुंबई से 800 केस Curry Favour ब्रांड की फ्रेंचू वाइन विदेश भेजी गई। इस प्रोजेक्ट से जुड़े दो सलाहकारों ने बताया कि नासिक की Seven Peaks Winery में बनी यह वाइन जामुन से बनी है। पहली बार इस वाइन का निर्यात किया गया है। यह वाइन न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के कुछ चुनिंदा रेस्टोरेंट्स में जल्द ही मिलने लगेगी। इस प्रोजेक्ट से जुड़े सलाहकारों में से एक, अजय शॉ ने कहा, हमें अमेरिका के बाजार में ऊंचे टैरिफ की वजह से अपनी निर्यात कीमत को प्रतिस्पर्धी रखना पड़ा। इसके बावजूद, यह व्यवस्था खरीदार और हमारे दोनों के लिए फायदेमंद है। 'मेड-इन-इंडिया लेबल वाली वाइन संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, चीन, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लगातार अपनी जगह बना रही है। इस वित्त वर्ष के अप्रैल-अक्टूबर के दौरान हुई बिक्री पूरे 2024-25 के लिए अनुमानित 5.8 मिलियन डॉलर से भी आगे निकल गई है। पहले भी गैर-अंगूर वाली भारतीय वाइन को एक्सपोर्ट किया जा चुका है। पुणे की Rhythm Winery अपनी अल्फोंसो आम वाइन यूके को निर्यात करती है। वहीं, कश्मीरी सेब से बनी L74 Craft Cider ब्रिटिश बाजार के कुछ खास हिस्सों में उपलब्ध है।

### 'जिम इक्विपमेंट के लिए बायबैक ऑफर'

■ NBT, मुंबई: फिटनेस इक्विपमेंट के निर्माण और ट्रेड में तीन दशकों से लगी जेराई फिटनेस लिमिटेड ने बायबैक ऑफर की घोषणा की है। यह ऑफर 1 जनवरी, 2026 से शुरू हो रहा है। बायबैक ऑफर 1,04,000 जिम को टारगेट करेगा, जिसके 8% के CAGR से बढ़ने और 2029 तक 1,51,000 जिम तक पहुंचने की उम्मीद है।

बायबैक ऑफर में 1 लाख से अधिक जिम को टारगेट करने का लक्ष्य रखा गया है

कंपनी के चेयरमैन राकेश राय ने बताया कि भारतीय फिटनेस इक्विपमेंट मार्केट का अनुमान 2024 में 2,500 करोड़ रुपये था, और यह 2029 तक 4,600 करोड़ रुपये होने वाला है। बायबैक का मकसद देश भर में जिम के पुराने इक्विपमेंट को बदलने और नए जिम इक्विपमेंट पर रिटेल कीमतों पर 50% तक की छूट पाने में मदद करना है और यह 26 जनवरी 2026 तक वैलिड रहेगा। स्वस्थ जीवन शैली और फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता को देखते हुए जिम की संख्या बढ़ रही है। इससे फिटनेस इक्विपमेंट की मांग भी बढ़ रही है।

# 'ट्रेड फाइनेंस का भविष्य टेक्नोलॉजी-आधारित प्लेटफॉर्म'

AI Image



■ NBT, मुंबई

इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर्स अथॉरिटी (IFSCA) के चेयरमैन के. राजारमन ने कहा कि TReDS जैसी पहलों ने घरेलू ट्रेड फाइनेंस तक पहुंच बढ़ाई है, खासकर MSMEs के लिए, लेकिन अभी भी विकास की काफी गुंजाइश है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रेड फाइनेंस का भविष्य टेक्नोलॉजी-आधारित प्लेटफॉर्म में है जो पारदर्शिता बढ़ाते हैं, जोखिम कम करते हैं, और लेंडर्स को स्थायी रूप से आगे बढ़ने में मदद करते हैं। भारत का लक्ष्य 2030 तक USD 2 ट्रिलियन का एक्सपोर्ट करना है, उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ट्रेड फाइनेंस तक कुशल, कम जोखिम वाली पहुंच बहुत जरूरी होगी।

उन्होंने बताया कि मौजूदा फैक्टरिंग और ट्रेड क्रेडिट वॉल्यूम लगभग USD 45 बिलियन है, जो भारत के लगभग USD 425 बिलियन के मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट का सिर्फ 10% है, जबकि ग्लोबल बेंचमार्क लगभग 20% है। वे M1 ग्रुप द्वारा आयोजित थॉट-लीडरशिप फोरम, समाह 2025 के तीसरे एडिशन में मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समाह 2025 ने भारत में अगली पीढ़ी के ट्रेड और सप्लाई चेन फाइनेंसिंग को आकार देने के लिए सप्लाई चेन फाइनेंस इकोसिस्टम में सहयोग के महत्व पर जोर दिया। इस फोरम में बैंकिंग सेक्टर ने हिस्सा लिया, जिसमें पब्लिक सेक्टर बैंक, प्राइवेट बैंक, मल्टीनेशनल बैंक और NBFCs शामिल थे। इसमें सप्लाई चेन फाइनेंस सॉल्यूशंस के एक व्यापक सूट - UFX (यूनिफाइड फाइनेंसिंग एक्सपीरियंस) का अनावरण भी किया गया।

### अदाणी का सैन्य क्षमताओं में निवेश

■ भाषा, नई दिल्ली: अदाणी समूह अगले साल रक्षा विनिर्माण में 1.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने बताया कि इसके तहत मानवरहित प्रणालियों और उन्नत हथियारों में क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि अगले साल कंपनी मानवरहित और स्वायत्त प्रणालियों, उन्नत निर्देशित हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई आधारित बहुक्षेत्रीय अभियानों तथा रखरखाव, मरम्मत और प्रशिक्षण अवसंरचना के विस्तार में निवेश करेगी। हवा, समुद्र और जमीनी क्षेत्रों में स्वायत्त प्रणालियां ऐसे मानवरहित मंच हैं, जो सेंसर, सॉफ्टवेयर और सुरक्षित नेटवर्क के माध्यम से न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ संचालित होती हैं। इससे सैनिकों के लिए जोखिम कम होता है। सूत्रों ने बताया कि 2025 में कंपनी के 'दृष्टि 10 ड्रोनों' को भारतीय नौसेना और थल सेना में लंबी अवधि के खुफिया, निगरानी और टोही मिशनों के लिए शामिल किया गया।

रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना

नवभारत टाइम्स


# Enterटेनमेंट masalamix

### रणवीर की एनर्जी बहुत पॉजिटिव है: दानिश



फिल्म धुरंधर में उजैर बलोच का किरदार निभाने वाले दानिश पंडोर ने रणवीर सिंह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, रणवीर भाई लोगों को स्पेशल फील कराते हैं। वे प्रेरित करते, हौसला बढ़ाते हैं। उनकी एनर्जी बहुत पॉजिटिव है। वे निस्वार्थ और सह-कलाकार के रूप में बहुत उदार हैं।

## सारा ने बताई सशक्त महिला की परिभाषा



सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान ने हाल ही में एक सशक्त महिला की परिभाषा बताई है। अदाकारा ने कहा, 'मेरे लिए एक सशक्त महिला वह है, जो अपनी बात कहने से नहीं डरती। आज समाज विकसित हो चुका है और महिलाएं अधिक स्वतंत्र हो गई हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इसकी शुरुआत भीतर से होती है। खुद को सशक्त बनाने की क्षमता, अपने विश्वासों के लिए खड़े होने की क्षमता और अपने हक के लिए आवाज उठाने की क्षमता, यही असली ताकत है।'

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे हमेशा अपनी बात कहने का अधिकार मिला है। मुझे कभी खुद को चुप नहीं कराना पड़ा। घर में बड़े होते समय भी, सवालों और विचारों का हमेशा स्वागत किया जाता था। मैं नहीं जानती कि आवाज न होने का क्या मतलब होता है। यह हर किसी को नहीं मिलता और उन लोगों को सलाम जो ऐसी दुनिया में रहते हैं, जो हमेशा उनका साथ नहीं देती।' सारा ने इस दौरान अपने पिता पर हुए हमले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'मैंने सीखा है कि जब मुश्किल दौर आपका आता है तो आपको उसे डिग्निटी और ग्रेस के साथ हैंडल करना चाहिए। बतौर परिवार हम लोगों ने मुश्किल समय भी देखा है। खासकर इस साल जब अब्बा पर चाकू से हमला हुआ था।'

## अपने आंसू पब्लिक को नहीं दिखातीः शहनाज़ गिल



शहनाज गिल मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। यह नाम उन्होंने काफी संघर्ष से बनाया है। शहनाज की जर्नी में काफी उतार-चढ़ाव भी आए लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। हाल ही में उन्होंने अपनी फैन को मजबूत रहने की सलाह दी।

शहनाज से एक फैन ने बताया कि बतौर जूनियर आर्टिस्ट वह कितना स्ट्रगल कर रही है। ये सब बताते हुए वह रोने लगी। फैन को दिलासा देते हुए शहनाज ने कहा कि हम भी रोते हैं। मैंने भी काफी बार ये सब झेला है। मैंने हमेशा ये कोशिश की है कि अपने वो आंसू किसी को भी पब्लिक में ना दिखाऊं।

फैन को समझाते हुए शहनाज ने कहा, 'आपको मजबूत बनना होगा। खुद के लिए खड़ा होना होगा और ये सोचना बंद करना होगा कि दुनिया क्या सोच रही है। ये चीजें हर किसी के साथ होती हैं। आप इस दुनिया में अकेले नहीं हो अगर अपने आसपास देखोगे तो हर कोई संघर्ष कर रहा है। हां, बाहर से लोग हंस रहे हैं, बल्कि हम एक्टर्स भी आपको हंसते दिखेंगे, लेकिन हम भी दुखी हैं। हम भी रोते हैं। हम लोग इसलिए नहीं दिखाते क्योंकि हमारी जिंदगी पब्लिक में है और लोग जज करेंगे, ट्रोल करेंगे पर आप स्ट्रॉन्ग रहो। ये कलयुग है। अगर आप अपना दुःख खुले में दिखाओगे, लोग आपका फायदा उठाएंगे। इस दुनिया में ऐसे ही लोग भरे हुए हैं इसलिए खुद को मजबूत रखो तो आप आगे बढ़ पाओगे।'

# 'पद्मिनी कोल्हापुरे थीं ओरिजिनल रजनी'

**छोटे-बड़े पर्दे पर रजनी, तहकीकात जैसे धारावाहिक और बड़े पर्दे पर मित्तल वर्सेज मित्तल, गर्लफ्रेंड, हवस और हालिया सायरा खान केस से चर्चा में रहे लेखक-निर्देशक करण राजदान एनएसडी की पौध हैं। टीवी और फिल्मों में एक अरसा गुजार चुके करण इन दिनों चर्चा में हैं अपने दूरदर्शन के सीरियल रजनी 2.0 से। यह आज से चालीस साल पहले घर-घर मशहूर हुए रजनी सीरियल का पार्ट 2 है। उनसे एक खास मुलाकात।**

Rekha.Khan@timesofindia.com



करण राजदान

अपने शुरुआती दिनों के बारे में उनका कहना है, '14 साल की उम्र में मुझे फिल्मों का ऐसा चस्का लगा कि मैं फिल्में देखने के लिए बंक मारने लगा। आगे चलकर मैंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में दाखिला ले लिया। एफटीआईआई में भी मैंने 6 महीने बिताए, जहां से मेरी राइटिंग की समझ पक्की हुई। मुझे अहसास हुआ कि हीरो का रोल पाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता और विलेन बनने का मतलब था कि हमेशा मार खाते रहो, तो मुझे लगा कि लेखक ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जिसके पास पूरी स्वतंत्रता होती है। इस तरह से बतौर लेखक मेरी यात्रा शुरू हुई।

> मैं सीरियल का लेखक था, लेकिन बासु दा ने मुझे प्रिया के पति की भूमिका देकर एक्टर भी बना दिया।

### बासु चटर्जी ने मुझे राइटर से एक्टर बना दिया

पुराने दिनों को याद करते हुए वे कहते हैं, 'उस वक्त मेरी उम्र करीब पच्चीस साल रही होगी। मैं ताजा-ताजा नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से पास आउट होकर आया था। रजनी के निर्देशक बासु चटर्जी थे। उन्होंने तब मेरे भीतर एक राइटर को पहचान लिया था। एक दिन ड्रिंक के दौरान बासु दा ने बताया कि उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के साथ पायलट शूट कर लिया है। दूरदर्शन ने सीरियल पास तो कर दिया था, लेकिन पद्मिनी के पास डेट्स नहीं थीं। तब उन्होंने मुझसे रजनी के लिए तीन नाम पूछे, बिंदिया गोस्वामी, अनीता राज और प्रिया तेंडुलकर। मैंने तुरंत प्रिया के नाम पर मुहर लगा दी। बासु दा ने पूछा कि बिंदिया और अनीता जैसी जानी-मानी अभिनेत्रियों को छोड़कर मैं प्रिया को क्यों चुन रहा हूं। मैंने उनसे कहा, 'बिंदिया और अनीता की एक तय इमेज है, जबकि प्रिया की कोई बनी-बनाई छवि नहीं है। अगर वह यह किरदार करेंगी, तो पूरी तरह उसी में ढल जाएंगी।' तब तक प्रिया मराठी और गुजराती में काम कर चुकी थीं। उनके पिता विजय तेंडुलकर मराठी थिएटर का बड़ा नाम थे। हालांकि, मैं सीरियल का लेखक था, लेकिन बासु दा ने मुझे प्रिया के पति की भूमिका देकर एक्टर भी बना दिया। उन्होंने प्रिया से हंसते हुए कहा, 'तुम्हारे लिए कोई पति नहीं मिल रहा था तो करण को ही बना दिया।' यही डायलॉग उन्होंने हमारी शादी में भी दोहराया। जब रजनी 2.0 की कास्टिंग की बारी आई, तो कई टीवी और फिल्म अभिनेत्रियां इस रोल को करने की इच्छुक थीं। लेकिन मैंने एक बार फिर बिना किसी इमेज वाली, थोड़ी-सी अननोन एक्ट्रेस आराधना शर्मा को चुना।

### दूरदर्शन के बाहर मुर्दाबाद के नारे

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वे कहते हैं, 'हमने एक एपिसोड बनाया था, जो उन टैक्सी वालों पर आधारित था, जो मीटर डाउन करके सवारी ले जाने के लिए खड़े तो रहते थे, मगर चलते नहीं थे। अब ये कानून के खिलाफ है। मगर हमारे एपिसोड्स से टैक्सी वाले भड़क गए और उन्होंने वर्ली स्थित दूरदर्शन के ऑफिस के बाहर मोर्चा निकाला और नारे बाजी करने लगे। मगर बासु दा एकदम शांत थे। मैं हैरान था। मैंने जब पूछा, तो वे बोले कि मुझे क्यों फर्क पड़ेगा? वो लोग बासु भट्टाचार्य मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे, मैं तो बासु चटर्जी हूं न? (हंस पड़ते हैं) तो आप ही सोचिए कि इतने तनाव भरे माहौल में भी उनका सेन्स ऑफ ह्यूमर कमाल का था। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा।'

### काम मिलना बंद हो गया था

'साल 2011 में मैंने एक फिल्म बनाई थी, आगाह द वॉर्निंग। यह 26/11 के आतंकी हमले पर आधारित थी। मैं 26/11 की घटना से बहुत आहत था। तभी मुझे एक मैसेज मिला कि जिस्म नहीं तो मजहब भी नहीं। मगर मेरी उस फिल्म को देखने भी कोई नहीं आया, क्योंकि एक समुदाय को वो अच्छी नहीं लगी और दूसरे समुदाय के लोग इस कॉन्सेप्ट में यकीन करते नजर नहीं आए। उसके बाद 5-7 साल का दौर मेरे लिए मुश्किल था, क्योंकि मेरे पास काम आना बंद हो गया। मगर फिर मुझे हिंदुत्व मिली और गाड़ी पटरी पर आ गई।'

### मेरी फिल्म का टाइटल हवस नहीं होना चाहिए था

'देखिए, मैं अपने इर्द-गिर्द घटती जिंदगी से ही कहानियां उठाता हूं। उसी दौर में मैंने तीन बुजुर्गों पर आधारित एक बेहद संवेदनशील फिल्म उमर बनाई थी, लेकिन अफसोस कि दर्शक उसे देखने नहीं आए। जबकि उसमें सतीश कौशिक, कादर खान और प्रेम चोपड़ा जैसे मंझे हुए कलाकार थे और जिमी शेरगिल भी अहम भूमिका में थे। उस समय मुझे लगा कि अगर मेरी पहली सेंसिटिव फिल्म के लिए लोग थिएटर नहीं आए, तो शायद वे बोल्ड और अलग तरह के विषयों पर बनी फिल्मों से जुड़ेंगे। उसी दौर में महेश भट्ट साहब जैसे निर्देशक भी जिस्म जैसी फिल्में बना रहे थे। माहौल कुछ ऐसा ही था, इसलिए मैंने गर्लफ्रेंड और हवस जैसी फिल्में बनाईं। जहां तक मित्तल वर्सेस मित्तल की बात है, उसमें मैंने मैरिटल रेप जैसे जरूरी और अनदेखे मुद्दे को उठाया था। मेरी परवरिश ऐसी रही है कि मेरे लिए ये विषय बोल्ड नहीं, बल्कि जिंदगी की सच्चाई और हकीकत हैं। हां, हवस के टाइटल को लेकर आज भी मुझे मलाल है। मुझे नहीं लगता कि फिल्म का नाम ऐसा होना चाहिए था।'

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP11 User: cci Time: 12-28-2025 22:49 Color:



हमें दिखाना है कि भारत की महिला हॉकी टीम भी किसी से कम नहीं है। तोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद महिला हॉकी का ग्राफ जो ऊपर गया था, उसे फिर लौटाना है। पिछला साल अच्छा नहीं रहा लेकिन अगला साल नई सुबह लेकर आएगा। - दीपिका सेहरावत, हॉकी प्लेयर, भारत



**25** टेस्ट सीरीज (3+ टेस्ट मैच वाली) में क्लीन स्वीप किया है ऑस्ट्रेलिया ने विपक्षी टीम पर। ऑस्ट्रेलिया क्लीन स्वीप के जरिए सर्वाधिक टेस्ट सीरीज जीतने वाली टीम है। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड (17 सीरीज) है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. ब्रेट ली ने वनडे इंटरनेशनल में कितने विकेट लिए हैं? A) 310 B) 380 C) 381 D) 275
2. लक्ष्य सेन ने साल 2025 में कुल कितने खिताब जीते? A) 2 B) 3 C) 1 D) 7

**कल के जवाब**
1. C) 18 2. A) कोलकाता नाइटराइडर्स

**लकी WINNER**

1. रीनू डाका, दयालपुर, दिल्ली
2. बारिस अली खान, लखनऊ, यूपी
3. निलेश पाल, ठाणे, महाराष्ट्र

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### संधू का सातवां खिताब

■ **जमशेदपुर:** युवराज संधू ने रविवार को टाटा ओपन 2025 गोल्फ टूर्नामेंट में एक स्ट्रोक की जीत के साथ पीजीटीआई में एक ही सीजन में सबसे ज्यादा सात खिताब जीतने का नया रेकॉर्ड बनाया। संधू ने आखिरी दौर में छह-अंडर 65 का कार्ड खेला जिसमें आखिरी होल पर जीत दिलाने वाली बर्डी शामिल थी।

### उबैदुल्लाह पर लगा बैन

■ **कराची:** निजी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने पर पाकिस्तान के इंटरनैशनल कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत पर राष्ट्रीय महासंघ ने अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ ने कहा कि राजपूत ने बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र विदेश यात्रा की और भारतीय जर्सी पहनी। मैच की उनकी तस्वीरें वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई।

टी20 टीम में शामिल किए जाने के बाद अब वनडे टीम में भी बना सकते हैं जगह

# किशन ने बजा दी पंत के लिए खतरे की घंटी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन पिछले एक दो महीने से जबरदस्त फॉर्म में हैं और ईशान के इस फॉर्म ने ऋषभ पंत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। कभी टीम इंडिया के पोस्टर बॉय और आगामी कप्तान का तमगा हासिल कर चुके पंत अलग-अलग फॉर्मेट में धीरे-धीरे भारतीय टीम में अपनी जगह खोते दिख रहे हैं।

ईशान ने पिछले दिनों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाए और विजय हजारे ट्रॉफी की शुरुआत भी धमाकेदार अंदाज में की। टूर्नामेंट के अपने पहले ही मैच में किशन ने सिर्फ 39 गेंदों पर 125 रन ठोक दिए, जिसमें 7 चौके और 14 छक्के शामिल थे। टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में अचानक शामिल किए गए ईशान अब वनडे फॉर्मेट में भी अपना दावा ठोक रहे हैं। टीम इंडिया वनडे फॉर्मेट में अभी भी स्पेशलिस्ट विकेटकीपर की तलाश में है। भारत ने पिछली वनडे सीरीज साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली थी, जिसके लिए टीम में पंत भी शामिल थे लेकिन विकेटकीपिंग की भूमिका केएल राहुल ने निभाई थी। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने जा रही वनडे सीरीज में पंत की जगह ईशान को टीम में शामिल किया जा सकता है और उम्मीद के मुताबिक उन्हें अंतिम एकादश में जगह भी मिल सकती है।

**घरेलू में अच्छे प्रदर्शन का ईनाम:** ईशान को घरेलू क्रिकेट में विस्फोटक प्रदर्शन का इनाम मिल रहा है। झारखंड के कप्तान के रूप में किशन ने अपनी टीम को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया और 517 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। इसके अलावा वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी रहे।

ईशान कद में भले छोटे हो, लेकिन उनके शॉट्स बहुत बड़े होते हैं। केविन पीटरसन ने भी मुझसे उस तरह रिवर्स स्विच हिट नहीं मारा, जैसे इस युवा खिलाड़ी ने मारा। बीच में वह टीम में नहीं थे, लेकिन उन्हें दोबारा टीम में देखकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। उनके पास जबरदस्त ताकत है। वह बहुत ही मजबूत खिलाड़ी हैं। वह युवा है, लेकिन काफी परिपक्वता के साथ खेलते हैं। - हरभजन सिंह, पूर्व क्रिकेटर, भारत


ईशान किशन

**पिछले 15 लिस्ट-ए मैच में दोनों का प्रदर्शन**

| ऋषभ पंत | | ईशान किशन |
|---|---|---|
| 15 | इनिंग्स | 14 |
| 572 | रन | 607 |
| 125* | हाइएस्ट | 134 |
| 40.85 | ऐवरेज | 43.35 |
| 1 | शतक | 2 |
| 4 | अर्धशतक | 1 |

*टेबल में दी गई ऋषभ पंत की 15 पारियां पिछले पांच साल के दौरान खेली गई हैं, जबकि इन पांच सालों में ईशान किशन ने लिस्ट-ए में 43 मैच खेल डाले हैं।


ऋषभ पंत

**पंत को नहीं मिल रहे मैच:** वनडे क्रिकेट में पंत सात साल पहले डेब्यू करने के बावजूद अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं, लेकिन इसकी बड़ी वजह उनका दुर्भाग्यपूर्ण कार हादसा भी रहा है। पंत ने पिछले तीन साल में सिर्फ एक ही वनडे मैच खेला है। टेस्ट टीम का नियमित हिस्सा होने के बावजूद उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलने का भी शायद ही मौका मिलता है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में पंत पूरे समय बेंच पर रहे। वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में भी उन्हें एक भी मैच नहीं मिला। हालिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में भी पंत को फिर से नजरअंदाज किया गया।

# स्पोर्ट्स @2026

सबसे बड़ा चैलेंज

## जूनियर्स को उठानी होगी बड़ी जिम्मेदारी

तकरीबन दो वर्षों में भारतीय बैडमिंटन में वह सुर्खियां लगभग गायब रहीं, जिन्हें कभी पढ़ते ही रोमांच भर जाता था-पीवी सिंधु ने जीता खिताब, साइना नेहवाल बनीं चैंपियन, एचएस प्रणॉय फाइनल में, रेड्डी-शेट्टी जोड़ी दुनिया के टॉप पर। इन हेडलाइंस की कमी की सबसे बड़ी वजह सीनियर खिलाड़ियों की गिरती फॉर्म और लगातार बनी रही फिटनेस की समस्याएं रही। अब अगला साल भारतीय बैडमिंटन के लिए किसी बड़ी परीक्षा से कम नहीं होने वाला है। भारत बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 की मेजबानी कर रहा है, और देश की उम्मीदें होंगी कि घरेलू मैदान पर भारतीय शटलर पोडियम तक पहुंचे। सीनियर्स की बढ़ती उम्र और डगमगाती लय के बीच 2026 भारतीय जूनियर्स के लिए निर्णायक साल साबित हो सकता है। आने वाले समय में भारतीय बैडमिंटन का भविष्य इन उभरते हुए खिलाड़ियों के कंधों पर ही टिका दिखेगा।


तन्वी शर्मा

**सबसे बड़ा सवाल**

साल 2025 में भारत के कई जूनियर खिलाड़ियों ने इंटरनैशनल लेवल पर शानदार प्रदर्शन करके भविष्य की उम्मीदें जगाई हैं। एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में शैना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने गोल्ड जीता। बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप्स में तन्वी शर्मा ने सिल्वर जीता। आयुष शेट्टी, उन्नति हुड्डा, अनमोल खरब, त्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद ने भी अलग-अलग स्तर पर अपनी छाप छोड़ी। क्या ये खिलाड़ी सीनियर लेवल पर बड़े चैलेंज के लिए तैयार होंगे?


लक्ष्य सेन

**11** सिंगल्स खिताब साल 2025 में जीते एन से-यंग ने और एक सीजन में सर्वाधिक सिंगल्स खिताब जीतने के जापान के केंटो मोमोटा के रेकॉर्ड की बराबरी की। सीजन में उनका जीत का प्रतिशत 94.8% रहा

### लक्ष्य का टारगेट

तमाम उतार-चढ़ाव के बाद भी लक्ष्य सेन साल 2025 का अंत नंबर-13 वर्ल्ड रैंकिंग्स के साथ करेंगे, जो भारतीयों में बेस्ट है। उन्होंने 2025 की शुरुआत चोटों से की, लेकिन अंत एक खिताब (ऑस्ट्रेलियन ओपन) के साथ किया। वह दो अन्य बड़े टूर्नामेंट्स के फाइनल में भी पहुंचे। इस प्रदर्शन से 2026 में उनसे बेहतर की उम्मीद जगी है। वह पीठ की चोट से उबर चुके हैं और अगले साल उनका टारगेट अधिक खिताब जीतकर टॉप-10 में पहुंचने का होगा।

### भारत की चुनौतियां

**1-फिटनेस का मसला:** पीवी सिंधु, एचएस प्रणॉय, किदांबी श्रीकांत जैसे सीनियर खिलाड़ियों के लिए अगले साल पूरे सीजन फिट रहना बड़ी चुनौती होगी।

**2-प्रदर्शन में निरंतरता:** युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी और फिट भी रहना होगा ताकि वह बड़े टूर्नामेंट्स के अंतिम चरणों में दबाव झेल सकें।

**3-युवाओं का टारगेट:** आयुष शेट्टी, उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब जैसे जूनियर्स को सीनियर सर्किट में खुद को स्थापित करना होगा।

**साल 2026 में बैडमिंटन: कुछ महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं**


| टूर्नामेंट | तारीख | वेन्यू |
|---|---|---|
| मलयेशिया ओपन | 6-11 जनवरी | कुआलालंपुर |
| इंडिया ओपन | 13-18 जनवरी | नई दिल्ली |
| ऑल इंग्लैंड ओपन | 10-15 मार्च | बर्मिंघम |
| थॉमस ऐंड उबेर कप | 24 अप्रैल-3 मई | डेनमार्क |
| BWF वर्ल्ड चैंपियनशिप | 17-23 अगस्त | नई दिल्ली |
| वर्ल्ड टूर फाइनल्स | 8-13 दिसंबर | चीन |

## 'सदमे की स्थिति' में थे MCG पिच के क्यूरेटर

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) के चीफ पिच क्यूरेटर मैथ्यू पेज ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच बॉक्सिंग-डे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह 'सदमे की स्थिति में' थे। उन्होंने माना कि नीरस ड्रॉ से बचने के लिए तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिच तैयार की गई, लेकिन पिच पर 10 मिलीमीटर घास छोड़ना भारी पड़ा। पिच पर 142 ओवरों के खेल में कुल 36 विकेट गिरे। पेज को साल 2017 एशेज सीरीज में MCG पर हुए ड्रॉ के बाद नियुक्त किया गया था।

पेज ने कहा, 'पहले दिन के बाद मैं सदमे में था। हम निश्चित रूप से निराश हैं कि यह मैच केवल दो दिन तक चला। यह रोमांचक टेस्ट मैच था लेकिन यह लंबी अवधि तक नहीं चला। हम इससे सबक लेंगे और अगले साल बेहतर विकेट तैयार करने की पूरी कोशिश करेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं पहले कभी इस तरह के टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं रहा और उम्मीद है कि भविष्य में मैं फिर से कभी इस तरह के टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं रहूंगा।' पेज ने कहा, 'हम जानते हैं कि यह मैच हमारी योजना के अनुसार नहीं चला। हमें पूरे चार-पांच दिन तक चलने और गेंद के बीच संतुलन बने रहने की उम्मीद थी।'

द एशेज पिच विवाद


चीफ पिच क्यूरेटर मैथ्यू पेज

**36** विकेट गिरे थे MCG की पिच पर चौथे टेस्ट में दो दिन के खेल के दौरान

## हंपी टॉप पर, गुकेश और अर्जुन दूसरे पर

■ **एजेंसियां, दोहा:** मौजूदा चैंपियन कोनेरू हंपी ने फिडे वर्ल्ड रैपिड ऐंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप के महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त बनाए रखी है। दूसरे दिन के खेल के बाद हंपी चीन की झू जिनर के साथ 6.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। ओपन वर्ग में भारत के डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी के नौ राउंड के बाद 6.5 अंक हैं। दोनों संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। व्लादिस्लाव आर्टेमिएव और हैंस नीमन (7.5 अंक) से शीर्ष पर हैं। आर्टेमिएव ने मैग्नस कार्लसन और एरिगैसी को हराकर दिन की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इस हार के बाद कार्लसन ने प्लेइंग एरिया से बाहर जाते वक्त उनके साथ चल रहे कैमरे को उन्होंने हाथ से एक तरफ धकेल दिया। कार्लसन की इस हरकत की कड़ी आलोचना हो रही है।

वर्ल्ड रैपिड ऐंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप


ग्रैंडमास्टर हंपी

## स्मृति की रेकॉर्ड पारी से टीम का हाईएस्ट टोटल

भारत v श्रीलंका, चौथा टी20I

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** स्मृति मंधाना श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के चौथे टी20 मैच में तेज 80 रन की पारी खेली। इस दौरान वह विमिंस इंटरनैशनल क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाली दुनिया की सिर्फ चौथी बैटर बन गईं। वह मिताली राज के बाद ऐसा करने वाली सिर्फ दूसरी भारतीय हैं। स्मृति ने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए सबसे कम 281 पारियां खेलीं।

स्मृति ने अपनी पारी में 48 बॉल पर 11 फोर और 3 सिक्स भी जमाए। वह टी20I में भारत के लिए सर्वाधिक सिक्स जमाने वाली महिला प्लेयर भी बनीं। उन्होंने इस मामले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ा। दूसरे छोर पर शेफाली वर्मा (79 रन, 46 बॉल, 12 फोर, 1 सिक्स) ने भी तेज पारी खेली जिसकी बदौलत भारत ने 221/2 का टोटल बनाया। यह टी20I में भारतीय महिला टीम का सर्वाधिक स्कोर है। इससे पहले उनका हाईएस्ट टोटल 217 रन था।


स्मृति मंधाना

**विमिंस इंटरनैशनल क्रिकेट में सर्वाधिक रन**

| प्लेयर | देश | रन |
|---|---|---|
| मिताली राज | भारत | 10868 |
| सूजी बेट्स | न्यूजीलैंड | 10652 |
| शार्लट एडवर्ड्स | इंग्लैंड | 10273 |
| स्मृति मंधाना | भारत | 10053 |

## पाइपर्स की जीत की धुन, रॉयल्स को 2-0 से हराया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कप्तान नवनीत कौर और टेरेसा विश्वास के गोल की बदौलत एसजी पाइपर्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग में जीत के साथ आगाज किया। उन्होंने टूर्नामेंट के पहले मैच में घरेलू दर्शकों के बीच खेल रही रांची रॉयल्स को 2-0 से मात दी। रविवार को हुए पहले मैच में दोनों टीम के बीच पहला क्वॉर्टर बराबरी का रहा, जहां दोनों टीमें गोल स्कोर करने में सफल नहीं रहीं। दूसरे क्वॉर्टर में पाइपर्स ने अपना अटैक तेज किया और 25वें मिनट में उन्होंने दो लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। हालांकि, पाइपर्स मौके को भुना नहीं पाए। दो मिनट बाद ही पाइपर्स के लिए पहला गोल उनकी कप्तान नवनीत की स्टिक से आया। आखिरी क्वॉर्टर में टेरेसा ने दूसरा गोल कर पाइपर्स की जीत पक्की की।

हॉकी इंडिया लीग


नवनीत कौर

## ली हॉल ऑफ फेम में शामिल

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली को उनके शानदार इंटरनैशनल करियर के लिए ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। ली इस उपलब्धि को हासिल करने वाले कुल 62वें प्लेयर हैं। अपनी रफ्तार और सटीकता के लिए पहचाने जाने वाले ली क्रिकेट इतिहास के सबसे तेज गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। ली 2003 और 2007 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियन टीम का अहम हिस्सा थे और 2008 में उन्हें एलन बॉर्डर मेडल से सम्मानित किया गया था। ली ने 76 टेस्ट में 310, 221 वनडे में 380 और 25 टी20I में 28 विकेट लिए थे। ली के इंटरनैशनल क्रिकेट में कुल 718 विकेट हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए चौथे सर्वाधिक हैं।

क्रिकेट कनेक्ट


हॉल ऑफ फेम ट्रॉफी के साथ ब्रेट ली

### टीम में बाबर-शाहीन नहीं

**लाहौर:** पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी20I सीरीज के लिए ऑलराउंडर शादाब खान को टीम में शामिल किया है, जबकि बाबर आजम और शाहीन अफरीदी को जगह नहीं मिली है। ये दोनों फिलहाल बिग बैश लीग (BBL) में खेल रहे हैं। टीम की कमान सलमान अली आगा संभालेंगे।

## करिश्मा और ऋत्विक ने जीता सिंगल्स का खिताब

■ **एजेंसियां, विजयवाड़ा:** सूर्या करिश्मा तमिरी ने तन्वी पात्री को सीनियर नैशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में हराकर विमिंस सिंगल्स का खिताब जीता। वहीं, ऋत्विक संजीवी ने मैंस सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। 19 वर्षीय करिश्मा ने रविवार को खेले गए फाइनल में तन्वी को 17-21, 21-12, 21-14 से मात दी। मैंस सिंगल्स में ऋत्विक ने भरत राघव को फाइनल में 21-16, 22-20 से हराया। शिखा गौतम और अश्विनी भट की जोड़ी ने विमिंस डबल्स में खिताब जीता। हरिहरन अम्साकरुणन और रुबान कुमार ने मैंस डबल्स का टाइटल जीता।

सीनियर नैशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप


ऋत्विक संजीवी सूर्या करिश्मा

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
अपने जिस प्रकार की छवि लोगों के बीच बनाई है, उसके बल पर आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा। दोपहर तक आर्थिक संतोष भी खत्म होंगे परंतु कार्यक्षेत्र की धीमी गति से मानसिक तनाव पैदा हो सकता है। हर बात का दोहरा अर्थ निकलता है, सावधान रहें।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। व्यवसाय में रोजगार का विस्तार होगा। निवेश संबंधी साझेदारी करने की स्थिति बनेगी, लेकिन निजी संबंधों के मामले में विपरीत रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे। एक नया दोस्त आपके प्रति आकर्षित होगा लेकिन वह अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त नहीं कर सकेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज के दिन किसी काम में आप फंस सकते हैं। अपने प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए मेहनत और लगन की जरूरत तो होती है। आज न चाहते हुए भी आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ सकता है जो औरों के लिए असुविधाजनक साबित होगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज सुबह से ही आपके आसपास का वातावरण आपके अनुकूल नहीं चल रहा है। ऐसे समय में भी आपको अपना धैर्य नहीं छोड़ना है। हो सकता है आज ही आपको स्वास्थ्य संबंधी प्रॉब्लम्स भी हों। बेहतर होगा कि आप दिन के पहले हिस्से में किसी अच्छे डॉक्टर से मिल लें।

**LEO** 23 July - 22 Aug
इन दिनों आपका सबकुछ ठीक-ठाक ही चल रहा है। कारोबार की स्थिति भी सुधरती जा रही है। किसी बड़े अधिकारी के आशीर्वाद से नौकरी में भी आपकी स्थिति मजबूत है। आज के दिन आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिन्हें आप समय पर पूरा करेंगे। आपकी तरक्की से विरोधियों का मनोबल गिरेगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
किसी-किसी समय जब आप अच्छे मूड में रहते हैं तो अपने पड़ोसी का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं। इसका लाभ वे चापलूस भी उठा लेते हैं जो वास्तव में पीछे जाकर आपकी बुराई करते हैं। ऐसे ही लोगों से आज आपको विशेष सावधानी बरतनी है। संतान से लेकर रात्रि तक मित्रों से चर्चा होगी।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आगे का समय आपका कठिन रहने वाला है। किसी परीक्षा के लिए आपको तैयार रहना है। अब आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई लिखा-पढ़ी करना चाहते हैं, तो दिन के समय कहीं कर डालें। काफी के कामों के लिए भी दोपहर तक का समय अनुकूल है। आज दिन के समय अधिक भागदौड़ रहने के कारण थकान होगी। हो सके तो सायंकाल का समय परिवार के साथ मिलकर करने में बिताएं।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
कभी-कभी कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो जाते हैं। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं, वही धोखा दे जाता है। कुछ ऐसी ही घटना आज भी होगी। बाकी आपका दिन मिश्रित फलदायक है। एकाध काम अच्छा हो जाने से टेंशन कम होगी। साथ ही रात्रि के समय अच्छे समाचार मिलने से हर्ष होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
कई दिनों से आप किसी छोटे-मोटे काम के बिगड़ जाने से आशंकित हैं। हो सकता है आज आपके इस काम में सुधार हो जाए। फिर भी किसी व्यर्थ के डर या आशंका से आपका मन अशांत रह सकता है। दोपहर के बाद कुछ भागदौड़ करने से छिटपुट लाभ हो सकते हैं।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन कुछ जानकारीपूर्ण और आपकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने वाला होगा। अच्छे व्यक्तियों से मुलाकात होगी और किसी बड़े लाभ की आशा में दिन सार्थक नजर आएगा। प्रियजनों की तरफ से भी अच्छी खबरें मिलेंगी और कोई योजना बनाते वक्त आपकी सलाह ली जाएगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
यह समय अपने कार्यक्षेत्र में सभी पुराने अटके पड़े कामों को पूरा करने का है। इस बीच कुछ अपने ही लोग आपकी चिंता भी बढ़ा सकते हैं। यदि आप किसी प्रेम समस्या में उलझे हैं, तो उसका फैसला भी जल्दी करें। आज के दिन घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। समय का आनंद उठाएं।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। दिन के पहले हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ हाथ में आने से उलझन बढ़ सकती है। जहां तक हो सके, इनमें से महत्वपूर्ण कार्य सुबह ही पूरे कर लें, क्योंकि दोपहर बाद समय ठीक नहीं है। आपके बने कामों में रुकावटें पैदा होंगी और उससे मानसिक असंतोष शाम तक बना रहेगा। मित्रों का सहयोग लेना जरूरी होगा। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष राहु और केतु आपके वर्ष के प्रतिनिधि ग्रह बने रहेंगे। सितंबर आते तक शनि व बृहस्पति की चाल इस वर्ष आपके मार्ग में कुछ अधिक प्रभाव देने वाली होगी क्योंकि वर्ष के आरंभ यानी जनवरी 2026 में शनि ग्रहों का गुरु, शुक्र, बुध योग रहने से झगड़े-विवाद से बचे रहें तो ही अच्छा रहेगा। फरवरी-मार्च में आपका स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा, खान-पान में परहेज रखना जरूरी होगा। अप्रैल-मई महीने के अंत तक का समय बहुत ही अनुकूल और लाभकारी सिद्ध होगा। जून-जुलाई में किसी औचित्य को ध्यान दिए बगैर आप नए व्यापार के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं, अन्यथा फिर अंतत में गिर सकते हैं। सितंबर में आपका भौतिक पक्ष मजबूत होगा। यह वर्ष अक्टूबर से नवंबर तक विशेषकर काम काजी महिलाओं के लिए उत्साहवर्धक सिद्ध होगा। विद्यार्थी संकुचित दृष्टिकोण से अध्ययन न करें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (मंगलवार, 30 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 9, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, दशमी, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 15, रजब 9, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 30 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 3 बजे से अपराह्न 4 बजकर 30 मिनट तक। दशमी तिथि प्रातः 7 बजकर 5 मिनट तक उपरांत एकादशी तिथि का आरंभ। गर करण प्रातः 7 बजकर 5 मिनट तक उपरांत वणिज करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मेष राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत पर्व-पुत्रदा प्रातः 7 बजकर 40 मिनट तक, गण्डमूल।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 5 | | |
| 2 | | | 8 | | 5 | | | 7 |
| | 3 | 5 | 9 | | 1 | 4 | 2 | |
| 6 | | | 5 | | 3 | | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | 2 | | 4 | | | 3 |
| | 4 | 9 | 7 | | 2 | 3 | 6 | |
| 8 | | | 1 | | 6 | | | 9 |
| | | 7 | | | | 8 | | |

### TELEVISION



big magic

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09:00 | बब्लू डब्लू | 14:30 | हम पांच |
| 10:00 | कहत्रुप कुडकल | 15:00 | अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 | राष्ट्र के रक्षक | 16:30 | प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 | अलादीन | 19:30 | राष्ट्र के रक्षक |
| 12:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 | चीरू |
| 13:30 | भ से भाड़े | | |

## देश

# ऑपरेशन सिंदूर, शुभांशु, महाकुंभ का ज़िक्र, मन की बात में मोदी ने गिनाई 2025 की उपलब्धियां

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**


**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि 2025 भारत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धियों का साल रहा, जिसने देश को नई पहचान और नया आत्मविश्वास दिया। साल के आखिरी मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि अभियान ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से किसी कीमत पर समझौता नहीं करता। पीएम ने कहा कि कुछ ही दिनों में 2026 दस्तक देने वाला है और बीते साल में भारत का प्रभाव हर क्षेत्र में साफ दिखाई दिया। 2025 ने हमें ऐसे कई पल दिए जिन पर हर भारतीय को गर्व हुआ चाहे वह देश की सुरक्षा हो, खेल का मैदान हो, विज्ञान की प्रयोगशालाएं हों या फिर वैश्विक मंच।

**खेलों का भी यादगार साल:** प्रधानमंत्री ने खेल उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि 2025 भारत के लिए खेलों का भी यादगार साल रहा। पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती, महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप अपने नाम किया और महिला दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप में भी भारत ने इतिहास रचा।

**विज्ञान और स्पेस के क्षेत्र में भी गौरव:** विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर मोदी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बने जो देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत को उम्मीद और भरोसे की नजर से देख रही है जिसकी सबसे बड़ी वजह भारत की युवा शक्ति है।

प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा के प्रयासों का जिक्र करते हुए बताया कि देश में चीतों की संख्या अब 30 से अधिक हो गई है। साथ ही उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वजारोहण जैसे आयोजनों को आस्था, संस्कृति और विरासत का प्रतीक बताया।

स्वदेशी को लेकर बढ़ते उत्साह पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग अब वही प्रोडक्ट खरीद रहे हैं, जिनमें भारतीय मेहनत और मिट्टी की खुशबू हो। उन्होंने स्वीकार किया कि वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियां भी रहीं लेकिन देश अब 2026 में नई उम्मीदों और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार है।



File

## अंकिता मर्डर की CBI जांच की मांग, कांग्रेस का प्रदर्शन

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून:** उत्तराखंड में हुए अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने पूरे राज्य में विरोध तेज कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के बंगाली कोठी चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया।

कार्यकर्ताओं ने हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सरकार इस मामले में सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंकिता के परिजनों ने पहले ही एक वीआईपी का नाम लिया था। अब बीजेपी के एक पूर्व विधायक द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता का नाम वीआईपी के रूप में सामने लाए जाने से मामला साफ हो गया है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 12-28-2025 22:43 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### जब पहला स्वदेशी टैंक सेना में आया

आज ही के दिन 1965 को भारत में बना पहला मुख्य टैंक 'विजयंत' सेना में शामिल हुआ। इसे तमिलनाडु की 'हेवी वीकल्स फैक्ट्री' में तैयार किया गया था। विजयंत ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में पश्चिमी मोर्चे पर दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए थे। इसके अलावा, इसने 1980 के दशक तक कई सैन्य ऑपरेशनों में अहम भूमिका निभाई। भारत में बने होने से इसने रक्षा क्षेत्र में देश का गौरव और आत्मनिर्भरता बढ़ाई।

# NBT



### भविष्य में होंगे ऑटोमेटेड स्मार्ट टैंक


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में युद्ध का रूप तेजी से बदलेगा और टैंकों की अहमियत भी बढ़ेगी। ये पहले से ज्यादा हल्के, तेज और स्मार्ट और स्वचालित होंगे। टैंकों में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, ड्रोन से कोऑर्डिनेशन और मजबूत सुरक्षा सिस्टम होंगे। पहाड़ी, रेगिस्तानी और शहरी इलाकों में उनकी भूमिका अलग-अलग होगी। भारत के लिए स्वदेशी टैंक सीमा सुरक्षा, आधुनिक सेना और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत रीढ़ बनेंगे।



AI Images

## SPEED News

**भ्रष्टाचार के खिलाफ नवीनतम कार्रवाई के** तहत चीन की संसद ने उच्च पदस्थ तीन सैन्य अफसरों को बर्खास्त कर दिया है। ये कई कार्यक्रमों से मौजूद नहीं थे।





File



AP

**पांच साल के गृहयुद्ध के बाद म्यांमार में नई** सरकार चुनने की प्रक्रिया चल रही है। रविवार को आम चुनाव के पहले चरण में वोटिंग हुई। पिछला चुनाव नवंबर 2020 में हुआ था।

**इस्राइल ने सोमालीलैंड को एक** स्वतंत्र देश के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता दे दी है। 21 देशों ने इस फैसले के खिलाफ साझा बयान जारी कर विरोध जताया है।





File

**OpenAI के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने** स्वीकार किया है कि AI एजेंट्स अब समस्या बन रहे हैं, क्योंकि ये मॉडल कंप्यूटर सुरक्षा कमजोरियों को खोजने लगे हैं।

# हिमालय तक सड़क, सुरंगें और एयरस्ट्रिप बना रहा भारत: रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट

**चीन के** साथ संभावित भविष्य के टकराव को देखते हुए भारत हिमालयी इलाकों में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा विकसित कर रहा है। अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, सड़कों, सुरंगों और हवाई पट्टियों के निर्माण पर सैकड़ों मिलियन डॉलर खर्च किए जा रहे हैं, ताकि विवादित सीमा क्षेत्रों में सेना की तैनाती और सप्लाई व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

**US मीडिया का दावा- गलवान झड़प के बाद इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर**

भारत और चीन के बीच 2,200 मील लंबी सीमा रेखा, जिसे लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (LAC) कहा जाता है, लंबे समय से तनाव का केंद्र रही है। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में हुए हिंसक संघर्ष ने दोनों देशों की सैन्य तैयारियों की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया। विश्लेषकों के अनुसार, उस समय चीन अपने बेहतर सड़क और रेल नेटवर्क के कारण कुछ ही घंटों में अतिरिक्त बल पहुंचाने की स्थिति में था, जबकि भारत को दुर्गम और सीमित सड़कों के चलते एक सप्ताह तक लग सकता था।

सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि 2020 की घटना के बाद भारत की सोच में बड़ा बदलाव आया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को पूरी तरह नए सिरे से मजबूत करने की जरूरत है। इसी रणनीति के तहत कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका उद्देश्य ऊंचाई वाले इलाकों को सैन्य चौकियों और स्थानीय बस्तियों से जोड़ना है।

File



सेना के पूर्व अधिकारियों ने कहा कि लद्दाख में सैनिकों तक सामान पहुंचाना विशाल और जटिल प्रक्रिया है। नई सुरंग से समय की बचत होगी।

**पुल भी बना**

### पैंगोंग झील में भी गतिविधियां तेज

**पैंगोंग त्सो** झील क्षेत्र में भी गतिविधियां तेज हैं। यह झील भारत के लद्दाख और चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र तक फैली हुई है और लंबे समय से विवादित रही है। 2020 के बाद दोनों देशों ने यहां सड़कों और ढांचों का तेजी से विस्तार किया। चीन ने हाल ही में झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारों को जोड़ने वाला एक पुल भी पूरा किया है, जिससे उसकी सैन्य आवाजाही और आसान हो गई है।

### बांग्लादेश पुलिस का दावा, हादी हत्या मामले के दो संदिग्धों के भारत भागने का संदेह

# बांग्लादेशी छात्र नेता के हत्यारे भारत में नहीं, खबरें झूठी: BSF

■ पीटीआई, शिलांग

**मेघालय में** सुरक्षा एजेंसियों ने बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि ढाका में मारे गए 'इंकलाब मंच' के नेता शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे भारत में दाखिल हो गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और मेघालय पुलिस दोनों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की किसी भी घुसपैठ का कोई सबूत नहीं मिला है।

मेघालय में बीएसएफ के महानिरीक्षक ओपी उपाध्याय ने कहा कि हत्यारों के भारत में प्रवेश से जुड़े दावे 'निराधार और भ्रामक' हैं। उन्होंने बताया कि हलुआघाट सेक्टर से मेघालय में किसी व्यक्ति के अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने की न तो कोई पुष्टि हुई है और न ही बीएसएफ को इस तरह की कोई रिपोर्ट मिली है।

**मेघालय में घुसपैठ के दावे को BSF ने खारिज किया**

इससे पहले ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया था कि हादी हत्याकांड के दो मुख्य संदिग्ध स्थानीय सहयोगियों की मदद से सीमा के रास्ते मेघालय में दाखिल हुए हैं। हालांकि, मेघालय पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि गारो हिल्स क्षेत्र में संदिग्धों की मौजूदगी से जुड़ा कोई इनपुट या खुफिया जानकारी उपलब्ध नहीं है। स्थानीय पुलिस इकाइयों ने भी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दर्ज नहीं की है।

अधिकारी ने बताया कि राज्य पुलिस केंद्र सरकार की एजेंसियों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए है और सीमा पर स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। बीएसएफ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों को हर समय हाई अलर्ट पर रखा गया है। बीएसएफ अधिकारियों ने दोहराया कि इस सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा की लगातार निगरानी की जा रही है और अवैध तरीके से सीमा पार करने की किसी भी कोशिश का तुरंत पता लगाकर सख्ती से निपटा जाएगा।

**'अंतरिम सरकार में चलेगा केस'**

बांग्लादेश के आंतरिक मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कहा है कि उस्मान हादी की हत्या का मुकदमा इस अंतरिम सरकार के कार्यकाल में चलाया जाएगा। उम्मीद है कि 7 जनवरी 2026 को इस मामले में चार्जशीट दाखिल करना संभव होगा।



बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार और दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में लंदन स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर हिंदू समुदाय ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

### भारत की चिंताओं पर ढाका ने दी सफाई

बांग्लादेश ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को लेकर भारत की टिप्पणियों को खारिज करते हुए उन्हें गलत बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस.एम. महबूब-उल आलम ने कहा कि ऐसी बातें बांग्लादेश की सांप्रदायिक सद्भाव की परंपरा को गलत तरीके से पेश करती हैं। उन्होंने दावा किया कि छिटपुट घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है और उनका इस्तेमाल बांग्लादेश विरोधी भावनाएं भड़काने के लिए किया जा रहा है। भारत ने हाल ही में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर चिंता जताई थी।

### हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध, लंदन में प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट: बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार और दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में लंदन स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर शनिवार को हिंदू समुदाय का शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुआ। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, करीब 500 प्रदर्शनकारियों ने 'हिंदू लाइव्स मैटर' के नारे लगाए और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग की। इसी दौरान करीब 10 लोग अलगाववादी झंडे लेकर हाई कमीशन के सामने पहुंचे और भारत व हिंदुओं के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने छात्र नेता उस्मान हादी की भी प्रशंसा की। हालात बिगड़ने से रोकने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग किया। आयोजकों ने अलगाववादियों पर जानबूझकर उकसाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल प्रज्वल ने कहा कि अलगाववादियों का इस मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है और वे जानबूझकर उकसाने की कोशिश कर रहे हैं।

**बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग उठी, नारे लगा**

### चुनाव से पहले एनसीपी में दरार

बांग्लादेश में फरवरी में प्रस्तावित चुनाव से पहले छात्र-नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (NCP) जमात-ए-इस्लामी के साथ संभावित गठबंधन को लेकर आंतरिक फूट का सामना कर रही है। पार्टी के 30 नेताओं ने इस प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त ज्ञापन जारी किया है, जबकि दो वरिष्ठ सदस्यों ने इस्तीफे की घोषणा की है। पार्टी की नेता तसनीम जारा ने पद छोड़कर आगामी चुनाव निर्दलीय लड़ने का ऐलान किया है। बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत नाजुक बनी हुई है। उनके डॉक्टरों ने यह जानकारी दी।

# हादी के संगठन ने किया हंगामा, ढाका ठप

■ NBT रिपोर्ट: इंकलाब मंच के नेताओं और समर्थकों ने रविवार को अपने नेता उस्मान हादी की हत्या के विरोध में ढाका के शाहबाग चौराहे को जाम कर दिया। ANI की रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रदर्शन देशभर के कई डिविजनल शहरों में किए गए व्यापक बंद का हिस्सा था। शाहबाग पर आधिकारिक रूप से प्रदर्शन दोपहर 2 बजे शुरू हुआ, हालांकि कई प्रदर्शनकारी सुबह से ही सड़कों पर मौजूद थे और न्याय की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी शुक्रवार से शाहबाग पर धरने पर बैठे थे। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि चार्जशीट जल्द दाखिल होगी। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।



**10 को अरेस्ट किया गया:** पुलिस के अनुसार, अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में इस्तेमाल दो पिस्तौल और एक बाइक बरामद की गई है और चेक जब्त किए गए हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि चार्जशीट 7 जनवरी तक दाखिल की जाएगी। इस बीच, सिलहट सहित अन्य शहरों में भी सड़क जाम की खबरें हैं।

# दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, रेप पीड़िता की तबीयत बिगड़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली के जंतर-मंतर पर रविवार को उन्नाव रेप केस के दोषी कुलदीप सेंगर की जमानत के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इसमें रेप पीड़िता के समर्थन में आइसा के बैनर तले जेएनयू और डीयू के छात्र शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने कुलदीप सिंह सेंगर को फांसी देने की मांग की। हालांकि, इस दौरान एक महिला कुलदीप सिंह सेंगर के समर्थन में पोस्टर लेकर पहुंची, जहां पीड़िता के समर्थकों के बीच कहासुनी हुई। वहीं, लगातार नारेबाजी, भीड़ और मानसिक दबाव के बीच पीड़िता अस्वस्थ महसूस करने लगीं और उनकी तबीयत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पानी पिलाने और बैठाने की कोशिश की। हालत बिगड़ती देख तुरंत एंबुलेंस बुलाई गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

उन्नाव रेप पीड़िता अपनी मां सहित कई महिलाओं के साथ करीब एक बजे जंतर मंतर पर पहुंचीं। जेएनयू और डीयू के छात्र दोपहर बाद यहां नारेबाजी करते नजर आए। 'इंसाफ चाहिए' और 'फांसी दो' के नारों के साथ तालियों की थाप गूंजती रही, जिससे प्रदर्शन स्थल पर आक्रोश साफ महसूस किया जा सकता था। वहीं, कई स्टूडेंट्स के हाथ में 'हत्यारे बलात्कारी कुलदीप सिंह सेंगर की बेल रद्द करो', 'उन्नाव रेप पीड़िता को न्याय दो', 'बलात्कारियों को रिहा करना बंद करो' जैसे पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया और न्याय की मांग की। छात्रों का कहना था कि दोषी को जमानत मिलना पीड़िता के साथ दोबारा अन्याय है।

Surender Kumar



जंतर मंतर पर रविवार को जेएनयू और डीयू के छात्रों ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान रेप पीड़िता ने कहा कि मैं अपनी बहनों और बेटियों का हमेशा आभारी रहूंगी, जो हमारे साथ आवाज बनकर खड़ी हैं। ये इसलिए हमारे साथ हैं ताकि इस देश में हर बहन और बेटी को इंसाफ मिल सके। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे जान से मारने की धमकी तक दी जा रही है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि ऐसे रेपिस्ट को अपनी पार्टी में जगह न दें।

### हमारी जान बचा लीजिए : पीड़िता

■ प्रदर्शन के दौरान मौजूद पीड़िता ने अधिकारियों से जवाबदेही की मांग की और कहा कि उसके परिवार को और ज्यादा सुरक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने गुहार लगाते हुए कहा, मैं मुख्यमंत्री से गुजारिश कर रही हूं कि हमें सुरक्षा दें। ये लोग बहुत ताकतवर हैं। कृपया अपनी बेटी को बचा लीजिए। उन्होंने बताया कि मेरे पति को नौकरी से निकाल दिया गया है, हम बेरोजगार हैं, अब हम कहां जाएंगे? पीड़िता की मां ने कहा कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और उम्मीद है कि इस मामले में न्याय मिलेगा। उन्होंने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, हमें पीटा गया, हमारे रिश्तेदारों को मारा गया और उन पर झूठे केस दर्ज किए गए। मेरी सरकार से विनती है कि उसे (सेंगर को) रिहा न किया जाए।

# जरदारी ने माना, मिली थी बंकर में छिपने की सलाह

■ पीटीआई, लाहौर

**पाकिस्तान के** राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने खुलासा किया कि मई में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने पर उन्हें अपने सुरक्षा अधिकारी ने 'बंकर में छिपने' की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है लेकिन खुद की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने स्वीकार किया कि 10 मई की सुबह भारत ने उनके नूर खान एयरबेस पर हमला किया, जो भारत-पाक चार दिवसीय संघर्ष के आठ महीने बाद पहली बार सामने आया। डार ने कहा कि इस दौरान पाकिस्तान ने भारत से मध्यस्थता नहीं मांगी, लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने नई दिल्ली से बात करने की इच्छा जताई।



आसिफ अली जरदारी

**पाकिस्तान के डिप्टी पीएम ने भी नूर खान एयरबेस पर हमले की बात स्वीकारी**

## ITIs में अपग्रेड की शुरुआत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITIs) को अपग्रेड करने और नए जमाने के कोर्सेज की मांग को पूरा करने के लिए इंडस्ट्री को जोड़ने की शुरुआत की गई है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने राज्य सरकारों और प्रशिक्षण महानिदेशालय के माध्यम से उद्योग जगत को आईआईटी अपग्रेडेशन के लिए लाई गई पीएम-सेतु योजना में शामिल होने के लिए आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया है। देश की आईटीआई अब उद्योग जगत के साथ सीधा जुड़ सकेंगी। आईटीआई इकोसिस्टम में एक ऐसा मॉडल तैयार होगा, जिसमें उद्योग जगत जगह ट्रेनिंग मैनेजमेंट में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इससे इन संस्थानों से ट्रेनिंग लेने वाले युवाओं की जॉब मार्केट में मांग भी बढ़ेगी। उद्योग जगत की क्या जरूरतें हैं, उसको ध्यान में रखते हुए कोर्सेस तैयार होंगे।

## नेपाल: बालेन शाह बने PM उम्मीदवार

■ आईएएनएस, काठमांडू: नेपाल में 5 मार्च 2026 को होने वाले आम चुनाव से पहले राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के मेयर बालेन शाह को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। आरएसपी अध्यक्ष रबी लामिछाने और शाह के बीच रविवार को लंबी चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। समझौते के तहत लामिछाने पार्टी अध्यक्ष बने रहेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि शाह और लामिछाने का गठबंधन पुरानी पार्टियों के दबदबे को चुनौती दे सकता है।

## रेप के दोषी को मिली माफी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बलात्कार के एक मामले में दोषी पाए गए व्यक्ति की सजा और दोषसिद्धि को पूरी तरह रद्द कर दिया है। अदालत ने गौर किया कि शिकायत करने वाली महिला और दोषी पुरुष ने अब आपस में शादी कर ली है। कोर्ट ने कहा कि गलतफहमी की वजह से आपसी सहमति वाले रिश्ते को कानूनी रंग दे दिया गया था। निचली अदालत ने दोषी मानते हुए 10 साल की जेल और जुर्माने की सजा सुनाई थी।

**बचाव पर जोर** ऑस्ट्रेलिया के नकली बैच के दावों के बीच निर्माता कंपनी ने दी सफाई, अब विशेषज्ञों ने भी दी राय

# एंटी रेबीज वैक्सीन के सही रखरखाव के साथ ही सीरम लगवाना भी बेहद ज़रूरी: एक्सपर्ट

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: एंटी रेबीज वैक्सीन को लेकर ऑस्ट्रेलिया की चेतावनी और नकली बैच के दावों के बीच विशेषज्ञों ने साफ किया है कि रेबीज से बचाव सिर्फ वैक्सीन लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके सही रखरखाव और गंभीर घावों में एंटी-रेबीज सीरम (इम्युनोग्लोबुलिन) का समय पर इस्तेमाल भी उतना ही जरूरी है। इस बीच हैदराबाद स्थित इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (IIL) ने ऑस्ट्रेलियन टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्युनाइजेशन के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें भारतीय कंपनी की एंटी-रेबीज वैक्सीन अभयरेब को नकली बताया गया था। साथ ही कहा है कि ऐसे बयानों से आम लोगों और स्वास्थ्य कर्मियों में अनावश्यक भ्रम फैल रहा है।

एम्स के मेडिसिन विभाग के डॉ. नीरज निश्चल के मुताबिक कुत्ते या रेबीज वाले जानवर के काटने के बाद उससे जुड़े जरूरी उपायों का जानना जरूरी है। उनके मुताबिक, अगर काटने वाली जगह पर घाव ज्यादा है तो रेबीज के तुरंत बचाव के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को एंटी रेबीज वैक्सीन के अलावा एंटी रेबीज सीरम/इम्युनोग्लोबिन का इंजेक्शन भी देना चाहिए। वैक्सीन कुछ दिनों में एंटीबॉडी बनाना शुरू करता है लेकिन जब घाव अधिक हो तो खतरा ज्यादा होता है। ऐसे घाव में एंटी रेबीज सीरम भी लगवाया जाता है। सीरम का इंजेक्शन एंटीबॉडी स्तर के बनने से पहले ही वायरस को निष्क्रिय करना शुरू कर देता है। घाव को 15 मिनट तक साफ पानी के साबुन के साथ धोना बेहद जरूरी है। जितना जल्दी हो 24 एंटी रैबीज की पहली डोज लगवाएं। इसके बाद फिर तीसरे, 7वें, 14वें और 28वें दिन इसे लगवाना होता है। झाड़-फूंक और घरेलू उपचार के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए।

File





### नकली रेबीज वैक्सीन का वैश्विक खतरा

वैश्विक स्तर पर देखें तो नकली या खराब रैबीज वैक्सीन के मामले नए नहीं हैं। फिलिपींस में 2017 से 2018 के बीच रैबीज वैक्सीन के दो नकली बैच अस्पतालों की सप्लाई चेन में पहुंच गए थे। जांच में सामने आया कि 1,711 मरीजों को नकली वैक्सीन लगने की आशंका थी। चीन में 2016-18 के दौरान सामने आया वैक्सीन घोटाला भी अक्सर उदाहरण के तौर पर दिया जाता है। चांगचुन चांगशेंग बायोटेक कंपनी पर कोल्ड-चेन फेल्योर के चलते खराब रेबीज वैक्सीन और बाद में डीपीटी वैक्सीन सप्लाई करने के आरोप लगे। इस मामले में लाखों डोज बाजार में पहुंच चुकी थीं। जांच के बाद चीनी अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई की, कंपनी पर करीब 9.1 अरब युआन का जुर्माना लगाया गया।

# नए साल में अंजदीप और तारागिरी से मज़बूत होगी नेवी की सुरक्षा

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नए साल की शुरुआत में भारतीय नौसेना की ताकत और बढ़ने जा रही है। जनवरी में इंडियन नेवी को दो नए वॉरशिप- तारागिरी और अंजदीप मिल सकते हैं। तारागिरी नीलगिरी क्लास का फ्रिगेट है, जबकि अंजदीप शैलो वॉटर क्राफ्ट है। तारागिरी नीलगिरी क्लास का चौथा फ्रिगेट होगा, जबकि नौसेना को इस श्रेणी के कुल सात जहाज मिलने हैं। अंजदीप भी शैलो वॉटर क्राफ्ट की श्रृंखला में चौथा पोत है, जिनकी कुल संख्या 16 होगी। प्रोजेक्ट 17A के तहत बने नीलगिरी क्लास फ्रिगेट अत्याधुनिक स्टेल्थ तकनीक, ऑटोमेशन और बेहतर सरवाइविलिटी से लैस हैं। तारागिरी में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, MF-STAR रडार, बराक-8 मिसाइल सिस्टम और उन्नत एंटी-सबमरीन क्षमता शामिल हैं, जिससे नौसेना की मारक क्षमता मजबूत होगी।

File



तारागिरी नीलगिरी क्लास का फ्रिगेट है, अंजदीप शैलो वॉटर क्राफ्ट है।

### कुल 16 शैलो वॉटर क्राफ्ट मिलेंगे

इंडियन नेवी को कुल 16 शैलो वॉटर क्राफ्ट मिलने हैं। जिसमें तीन नेवी में शामिल हो गए हैं। जनवरी में एक और एंटी सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (ASW-SWC) अंजदीप नेवी में शामिल हो जाएगा। ये सबमरीन निशानों, खोज और बचाव मिशन और निम्न-तीव्रता वाले समुद्री अभियानों को अंजाम दे सकता है। समंदर में कम इंटेंसिटी के ऑपरेशन में भी यह शिप मददगार होंगे। समंदर में माइन बिछाने के ऑपरेशन में भी ये एंटी सबमरीन शिप इस्तेमाल किए जा सकेंगे। ये शिप करीब 77 मीटर लंबा है, इनमें अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रूप से विकसित एंटी सबमरीन रॉकेट और उथले पानी में काम करने वाला सोनार लगा है, जिससे पानी के नीचे मौजूद खतरों की प्रभावी पहचान और उनसे निपटना संभव हो पाता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 12-28-2025 23:21 Color:



**2017** में BMC चुनाव में जीतने वाले 19% उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज थे।

## जनता की मांग

### विलेपार्ले पूर्व में खुदाई कार्य से लोगों को हो रही परेशानी



विलेपार्ले पूर्व के प्रभाग क्रमांक 84 में तिलक विद्यालय और रमाबाई परांजपे बालमंदिर स्कूल के गेट के पास बीएमसी द्वारा सड़क की आधे से अधिक हिस्से की खुदाई करके छोड़ दी गई है। इस कारण स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों और आसपास रहने वाले कई वरिष्ठ नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को जान जोखिम में डालकर स्कूल और घर तक आना-जाना पड़ रहा है। यह मार्ग वन-वे होने के बावजूद कई दोपहिया वाहन चालक दिनदहाड़े 'नो पार्किंग' नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान इधर नहीं है।

- उत्कर्ष

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं है, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते है, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ (फोटो सहित) लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

## सुना है कि...

### दावेदार नेताओं का प्रचार शुरू

बीएमसी चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों का रविवार देर रात तक पार्टियों ने उनके नामों की घोषणा नहीं की थी। इसके बावजूद टिकट के दावेदार नेताओं ने अपना प्रचार तेज कर दिया है। संभावित उम्मीदवार गली-गली, बिल्डिंग, मॉर्निंग वॉक, गार्डन और मार्केट में समर्थकों के साथ जाकर चुनाव प्रचार कर रहे है। इन नेताओं का कहना है कि पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें काम पर लग जाने को कहा है इसलिए हमें प्रचार शुरू कर दिया है।

### वर्षा गायकवाड नदारद

रविवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में महाराष्ट्र अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल प्रकाश ने आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाडी के साथ बीएमसी चुनाव में गठबंधन की घोषणा की। लेकिन इस दौरान मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड वहां उपस्थित नहीं थीं। गठबंधन की घोषणा के दौरान वर्षा का वहां मौजूद न रहना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कहा जा रहा है कि वर्षा गायकवाड बीएमसी चुनाव अकेले लड़ना चाहती थी, उनकी इच्छा के विरुद्ध प्रदेश अध्यक्ष ने वंचित बहुजन आघाडी से गठबंधन किया है, इसलिए वर्षा वहां मौजूद नहीं थीं। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि वर्षा गायकवाड कांग्रेस का दलित चेहरा बनना चाहती है, ऐसे में वंचित के साथ गठबंधन से उनके मिशन को धक्का लग सकता है।

धूमकेतु

# 25 साल बाद BMC चुनाव में कांग्रेस-VBA एक साथ

## राज्य की अन्य 28 मनपाओं में स्थानीय स्तर पर होगा निर्णय

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** कई दिनों की कशमकश के बाद आखिरकार कांग्रेस और प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाडी (VBA) के बीच बीएमसी चुनाव के लिए गठबंधन की घोषणा हो गई। रविवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की घोषणा की गई कि मुंबई में 227 सीटों में से वंचित बहुजन आघाडी 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दोनों दलों ने कहा कि राज्य की अन्य 28 महानगरपालिकाओं में गठबंधन पर स्थानीय स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए दोनों दलों ने स्थानीय नेतृत्व को अधिकार दिए हैं।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि कांग्रेस के स्थापना दिवस पर गठबंधन होना विशेष महत्व रखता है। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय तिलक भवन में हर्षवर्धन सपकाल और वंचित बहुजन आघाडी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धैर्यवर्धन पुंडकर ने गठबंधन की घोषणा की। इस दौरान सपकाल ने कहा कि बीएमसी चुनाव में बीजेपी को रोकने केलिए यह नैसर्गिक गठबंधन किया गया है। बीजेपी सरकार ने प्रशासक के जरिए बीएमसी में भ्रष्टाचार के कीर्तिमान बनाए है। कांग्रेस और VBA मिलकर बीजेपी के भ्रष्टाचार को रोकेंगी।

हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि कांग्रेस और वंचित बहुजन आघाडी का गठबंधन एक स्वाभाविक गठबंधन है। दोनों दलों के विचार समान है। दोनों दल संवैधानिक मूल्यों से समझौता नहीं करते। वर्ष 1998 और 1999 के चुनावों में दोनों के बीच गठबंधन हुआ था। अब 25 वर्षों बाद दोनों दल फिर एक साथ आए हैं। इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगा, लेकिन एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है।




### 'BJP को रोकने के लिए दोनों दल साथ'

VBA के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धैर्यवर्धन पुंडकर ने कहा कि देश को बांटने वाली बीजेपी को रोकने के लिए दोनों दल एक साथ आए हैं। गठबंधन के लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने पहला कदम उठाया और शुरुआत से ही सकारात्मक भूमिका निभाई। मुंबई महानगरपालिका चुनाव में वंचित बहुजन आघाडी 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। VBA के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ मोकले ने कहा कि गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर चर्चा कभी पूरी तरह संतोषजनक नहीं होती, लेकिन कहीं न कहीं रुकना पड़ता है। गठबंधन के लिए दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। मुंबई महानगरपालिका के लिए गठबंधन की घोषणा की गई है। तिलक भवन में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के साथ सचिन सावंत आदि उपस्थित थे।

- ■ 62 सीटों पर BMC चुनाव लड़ेगी VBA
- ■ दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक चर्चा

### धार्मिक, जातिगत विभाजन से कांग्रेस ही बचा सकती है: सपकाल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि देश को संविधान में निहित पार्टी की विचारधारा की जरूरत है, क्योंकि समाज को जाति, धर्म, भाषा और संप्रदाय के आधार पर बांटा जा रहा है। रविवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां तिलक भवन में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए सपकाल ने सत्ताधारी बीजेपी पर सामाजिक सद्भाव को कमजोर करने और इसे बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश आज गंभीर संकट का सामना कर रहा है। एकमात्र विचारधारा जो देश को बचा सकती है, वह कांग्रेस की विचारधारा है। 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी तो मिल गई, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव के लिए संघर्ष जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और आरएसएस का मानना है कि राजनीतिक और धार्मिक सत्ता कुछ लोगों के हाथों में रहनी चाहिए, लेकिन कांग्रेस का मानना है कि देश सभी का है और सभी नागरिकों का सत्ता और संपत्ति पर समान अधिकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा संविधान में निहित है। यह आध्यात्मिक है और दुनिया के कल्याण पर केंद्रित है। बीजेपी की विचारधारा लैंगिक समानता को कायम नहीं रखती है और भेदभाव को बढ़ावा देती है। कांग्रेस ऐसी सोच के खिलाफ मजबूती से खड़ी है।



सपकाल ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी की धन शक्ति, प्रशासनिक समर्थन और दबाव की रणनीति के बावजूद कांग्रेस ने हाल ही में हुए नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में उत्साहजनक परिणाम हासिल किए है। चुनाव में हमारे कार्यकर्ता झुके नहीं। इस भावना को बनाए रखें। हम लड़ेंगे और जीतेंगे।

# NCP (AP): 37 नामों की लिस्ट जारी

## अकेले BMC चुनाव लड़ेगी पार्टी



File Photo

### नवाब मलिक परिवार से 3 सदस्यों को मिला टिकट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** अजित पवार की एनसीपी ने बीएमसी चुनाव में अकेले मैदान में उतरने का फैसला किया है। रविवार को पार्टी ने 37 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में पूर्व पूर्व मंत्री नवाब मलिक के भाई समेत परिवार के तीन सदस्यों को उम्मीदवार बनाया गया है। बीएमसी चुनाव में नवाब मलिक के भाई कप्तान मलिक, बहन सईदा खान और कप्तान मलिक की बहू बुशरा मलिक को मैदान में उतारा गया है। एनसीपी की एमएलए सना मलिक ने बताया कि बीएमसी के लिए एनसीपी ने 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है। पहली लिस्ट में 37 उम्मीदवारों के नाम जारी किए गए है। उपमुख्यमंत्री एवं एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार ने मुंबई में पार्टी की चुनावी जिम्मेदारी नवाब मलिक और विधायक सना मलिक को दी है। पार्टी ने पहली सूची में कुल पांच पूर्व नगरसेवकों को टिकट दिया है, साथ ही नए चेहरों को भी मौका मिला है।

एनसीपी ने बीएमसी चुनाव में नवाब मलिक के परिवार से 3 लोगों को चुनावी रणभूमि में उतारा है। नवाब मलिक के भाई पूर्व नगरसेवक कप्तान मलिक प्रभाग नंबर 165 से, नवाब मलिक की बहन पूर्व नगरसेवक डॉ. सईदा खान प्रभाग नंबर 168 से और कप्तान मलिक की बहू बुशरा नदीम मलिक प्रभाग नंबर 170 से चुनाव लड़ने जा रही है। बुशरा मलिक पहली बार चुनाव मैदान में उतर रही हैं। रविवार को एनसीपी में शामिल हुए धनंजय पिसाल को पार्टी ने प्रभाग नंबर 111 से, मनीष दुबे को प्रभाग नंबर 3, ममता ठाकुर को प्रभाग नंबर 77 और चांदनी श्रीवास्तव को प्रभाग नंबर 142 से उम्मीदवार बनाया गया है। उम्मीदवारी मिलने से उत्साहित कप्तान मलिक ने कहा कि पार्टी ने उन पर भरोसा किया वह उनके लिए सम्मान की बात है। हमारी कोशिश होगी कि पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरूं। हमने परिसर में काफी काम किया है हमें उम्मीद है कि जनता का भी साथ हमें मिलेगा।

### AAP ने जारी की तीसरी सूची

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बीएमसी चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने रविवार को उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी। इस तरह आप मुंबई में अब तक कुल 51 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। आम आदमी पार्टी की प्रीति शर्मा मेनन ने कहा कि ऐसे समय में जब तमाम मजबूरियों के बावजूद अन्य राजनीतिक दल गठबंधन तय नहीं कर पाए है। आप ने बीएमसी चुनावों के लिए अपने कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार के रूप में मौका दिया है।

## डब्बावाला एसोसिएशन ने महायुति को दिया समर्थन

### असोसिएशन ने जताई ठाकरे गुट से नाराजगी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** प्रतिदिन लाखों लोगों के दफ्तर तक खाना पहुंचाने वाले डब्बा वालों ने बीएमसी चुनाव में महायुति को समर्थन दिया है। यह उद्धव ठाकरे गुट के बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में डब्बा वाला असोसिएशन ने उद्धव गुट को समर्थन दिया था। मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तलेकर ने मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम से मुलाकात के बाद यह घोषणा की। मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन ने साफ तौर पर कहा है कि पूर्व में दिए गए आश्वासनों के पूरा न होने से वह शिवसेना (ठाकरे गुट) से नाराज है। जबकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कामगारों के मुद्दे पर सकारात्मक कदम उठाए है। डब्बावाला एसोसिएशन ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में शिवसेना (ठाकरे) को समर्थन दिया था। उस समय असोसिएशन को आश्वासन दिया गया था कि लंबित मुद्दे सुलझाए जाएंगे और उन्हें मुंबई में किफायती दरों पर घर उपलब्ध कराए जाएंगे। हालांकि असोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तलेकर का कहना है कि चुनाव के दौरान किए गए वादे पूरे नहीं किए गए।



तलेकर ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में डब्बावालों के लिए के किफायती कीमत पर घर देने के मुद्दे पर निर्णय लिया गया है। दिवा-अंजुर क्षेत्र में 25 लाख 50 हजार रुपये में घर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिसमें म्हाडा ने अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा भवन को आधुनिक बनाने के लिए पांच करोड़ रुपये का निधि भी दी गई।

## सीट को लेकर BJP कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

■ **NBT न्यूज, कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) चुनाव नजदीक आते ही शिवसेना शिंदे गुट और बीजेपी के बीच लगभग तय हो चुके सीट बंटवारे को लेकर बीजेपी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। 122 सदस्यीय केडीएमसी में शिवसेना के 68 और बीजेपी के 54 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। इस फॉर्मूले के सामने आते ही बीजेपी के कई इच्छुक उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं में टिकट नहीं मिलने को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी नाराजगी के चलते बीजेपी के इच्छुक उम्मीदवार और कार्यकर्ता डोंबिवली स्थित बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के घर के बाहर जमा हुए और महायुति के फैसले का विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने मांग की कि महानगरपालिका चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव होता है, ऐसे में दोनों दलों को अलग-अलग चुनाव लड़ना चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को प्रतिनिधित्व मिल सके।

## उद्धव सेना ने जारी किया 'मुंबई मॉडल' बुकलेट



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :**

**बीएमसी चुनाव** में उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने से पहले 'मुंबई मॉडल' का शिवसेना भवन में विमोचन किया गया। इस बुकलेट में शिवसेना (UBT) पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे की ओर से कोविड काल में किए गए कार्यों के बारे में डिटेल में जानकारी दी गई है।

इस दौरान सांसद अनिल देसाई ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अपील की है कि वे चुनाव के दौरान कोरोना काल में उद्धव ठाकरे द्वारा किए गए कामों की जानकारी जनता तक पहुंचाएं।

उद्धव ने कहा कि हमें इस मुंबई को बीजेपी से बचाना है, जिसके लिए कुछ लोगों को कुर्बानी देनी होगी। जब पार्टियों के साथ गठबंधन होता है, तो सब कुछ प्लान के मुताबिक नहीं होता। कुछ देना पड़ता है, कुछ लेना पड़ता है। गठबंधन के फैसले को लागू करते समय सबसे जरूरी बात यह ध्यान में रखनी है कि मुंबई लोगों के हाथ में रहे, लेकिन इसे ही लक्ष्य बनाए रखें।

उद्धव ने कहा, मुंबई को BJP से बचाना है

## सपा ने जारी की 9 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बीएमसी चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने रविवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। इस लिस्ट में विभिन्न प्रभागों से 9 उम्मीदवारों के नाम शामिल किए गए है। मुंबई में सपा अब तक 30 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है। यह सूची समाजवादी पार्टी के मुंबई प्रमुख सचिव मेराज सिद्दीकी ने जारी की।

अब तक 30 उम्मीदवारों के नामों की हो चुकी है घोषणा

मेराज सिद्दीकी ने कहा कि पार्टी जल्द ही और उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी और मुंबई में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। दूसरी सूची में शामिल उम्मीदवारों के नाम और उनके वार्ड इस प्रकार है। इससे पहले सपा ने शुक्रवार को 21 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी।

समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि बीएमसी चुनाव में वह स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरेगी और मुंबई के अधिकांश प्रभागों लगभग 150 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

## आया राम, गया राम

### अजित गुट में गए पिसाल



■ **NBT रिपोर्ट मुंबई:** बीएमसी चुनाव के पहले शरद पवार गुट को एक बड़ा झटका लगा है। ईशान्य मुंबई जिलाध्यक्ष धनंजय पिसाल ने आज अपने सैकड़ों पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी अजित पवार गुट में औपचारिक रूप से प्रवेश किया। यह प्रवेश राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक की प्रमुख उपस्थिति में हुआ।

### NCP (AP) में गए माने

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के करीबी आशिष माने अजित पवार की एनसीपी में शामिल हो गए हैं। एनसीपी की तरफ से आशिष माने को चांदिवली के प्रभाग क्रमांक 159 से उम्मीदवारी दी गई है। आशिष ने एनसीपी में शामिल हो कर शिंदे को झटका दे दिया है। आशिष के उपमुख्यमंत्री से पारिवारिक संबंध होने की बात कही जा रही है।

### दिग्विजय पर कदम का कटाक्ष

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक शुरू होने से ठीक पहले एक्स पर एक पोस्ट किया था, जिसने राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी। इस पर बीजेपी नेता राम कदम ने कहा कि यह दिग्विजय सिंह के दिल की बात है, जो आखिर में बाहर आ ही गई। कदम ने कहा कि जानबूझकर या अनजाने में, सच्चाई सामने आ गई है। शशि थरूर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर रहे है, दूसरे कई सीनियर कांग्रेस नेताओं ने धीरे-धीरे राहुल गांधी से दूरी बना ली और प्रधानमंत्री के साथ काम करना पसंद किया। बता दें कि दिग्विजय ने एक पुरानी तस्वीर शेयर की थी और संघ की संगठनात्मक शक्ति की तारीफ की थी।

# मीरा-भाईंदर : कई उत्तर भारतीय नेताओं ने छोड़ा BJP का साथ

## कृपाशंकर ने उत्तर भारतीय नेताओं को लेकर दिया था बयान

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर

पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह के उत्तर भारतीय नेता से जुड़े बयान के बाद मीरा-भाईंदर की राजनीति में राजनीतिक उथल-पुथल तेज हो गई है। कुछ दिनों पहले कृपाशंकर सिंह ने कहा था, 'उत्तर भारतीय बासी बन सकता है, बेईमान नहीं।'

मीरा-भाईंदर की राजनीति में उथल-पुथल तेज

फिलहाल बीजेपी से जुड़े उत्तर भारतीय नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक धड़ा खुलकर नाराजगी जताते हुए पार्टी से दूरी बनाता नजर आ रहा है। यह असंतोष अब केवल चर्चा तक सीमित नहीं, बल्कि बगावत और दल-बदल का रूप ले चुका है। कृपाशंकर सिंह के बयान के ठीक अगले दिन कृपाशंकर सिंह के करीबी माने जाने वाले नवीन सिंह ने बीजेपी से अलग होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया। हालांकि, दो दिन बाद उन्होंने शिवसेना (शिंदे गुट) का दामन थाम लिया। इसके अलावा सुरेश दुबे, अजय सिंह राजपूत, संदीप तिवारी, हरिशंकर तिवारी और राजन पांडे जैसे कई पदाधिकारी बीजेपी से बगावत कर चुके हैं।



पूर्व प्रदेश पदाधिकारी अजय सिंह राजपूत ने थामा कांग्रेस का हाथ।



पूर्व उत्तर भारतीय मोर्चा पदाधिकारी संदीप तिवारी ने उद्धव के हाथों बांधा शिव बंधन।



पूर्व जिला उपाध्यक्ष नवीन सिंह ने शिंदे सेना में किया प्रवेश।

### 'मेहनती कार्यकर्ताओं की हुई अनदेखी'

वार्ड क्रमांक 21 से कांग्रेस उम्मीदवार अजय सिंह राजपूत ने अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। उन्होंने कहा, "मैं पिछले एक दशक से तन-मन-धन से मीरा-भाईंदर बीजेपी से जुड़ा रहा हूं। मैंने अपने पिछले वर्षों के काम और मेरिट के आधार पर नरेंद्र मेहता से टिकट की मांग की थी, लेकिन मेरे कार्यों का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। अंततः मेरे हाथ केवल निराशा लगी।' अजय सिंह का आरोप है कि पार्टी में मेहनती कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है। वहीं, शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हुए नवीन सिंह ने बीजेपी पर हमला किया और कहा, 'बीजेपी में उत्तर भारतीयों का कोई सम्मान नहीं है। मैंने अपनी जवानी के 14-15 साल पार्टी को दिए, लेकिन बदले में टिकट तो दूर, मुझे अपमानित किया गया।'

### उत्तर भारतीय नेताओं का बड़ा धड़ा अभी भी बीजेपी के साथ

फिलहाल उत्तर भारतीयों का बड़ा धड़ा बीजेपी के साथ ही जुड़ा है, लेकिन बीजेपी के कई वरिष्ठ उत्तर भारतीय नेता पार्टी में उपेक्षा और दोयम दर्जे के व्यवहार की बात स्वीकार करते हैं। उपेक्षा से नाराज राजस्थानी समाज के नेता शिवप्रकाश भूदेवा, सुरेश पुरोहित, निरंजन मोर और सुरेंद्र सिंह भाटी भी पार्टी से दूरी बना चुके हैं। बीजेपी में बागी बने पदाधिकारियों की पहली पसंद शिवसेना (शिंदे) हैं। आंकड़ों के मुताबिक अब तक बीजेपी से बगावत करने वाले 90% से अधिक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने प्रताप सरनाईक का नेतृत्व स्वीकार किया है।

# टिकट बंटवारे को लेकर उत्तर भारतीय नेताओं में मायूसी

## कल्याण-डोंबिवली: प्रतिनिधित्व के लिए बढ़ी नाराजगी

■ **NBT न्यूज, कल्याण :** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका चुनाव से पहले उत्तर भारतीय बहुल क्षेत्रों में राजनीतिक असंतोष लगातार गहराता जा रहा है। महानगरपालिका की कुल सीटों में से लगभग 7 से 8 सीटें उत्तर भारतीय मतदाताओं की बहुलता वाली मानी जाती हैं, लेकिन शिवसेना-बीजेपी की महायुति में चुनाव लड़ने के फैसले के बाद इन क्षेत्रों से इच्छुक उत्तर भारतीय चेहरों को टिकट न मिलने की आशंका ने नाराजगी को जन्म दिया है।

पिछले लोकसभा चुनाव में कल्याण लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्रीकांत शिंदे को जिताने के लिए उत्तर भारतीय समाज ने संगठित रूप से कम से कम 25 से अधिक जनसंपर्क, बैठक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए थे। इसके साथ ही समाज की ओर से एकमुश्त मतदान कर उन्हें भारी समर्थन दिया गया। इतना ही नहीं, विधानसभा चुनाव में भी क्षेत्र की 6 सीटों पर महायुति के उम्मीदवारों के पक्ष में उत्तर भारतीय मतदाताओं ने जमकर मेहनत की, जिसका परिणाम यह रहा कि इन सीटों पर महायुति को जीत हासिल हुई।

उस दौरान उत्तर भारतीय समाज को यह भरोसा दिलाया गया था कि आने वाले महानगरपालिका चुनाव में समाज को समुचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। हालांकि, चुनाव से ठीक पहले शिवसेना और भाजपा द्वारा महायुति में चुनाव लड़ने के निर्णय के बाद अब अधिकतर सीटों पर सिटिंग नगरसेवकों को ही टिकट दिए जाने की रणनीति सामने आ रही है।

सूत्रों की मानें तो भाजपा के पूर्व नगरसेवक मनोज राय को छोड़कर किसी अन्य उत्तर भारतीय नेता को टिकट मिलने की संभावना बेहद कम है। इससे शिवसेना और बीजेपी से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे उत्तर भारतीय बहुल क्षेत्रों के कई इच्छुक उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो केडीएमसी क्षेत्र में सबसे अधिक उत्तर भारतीय आबादी कल्याण पूर्व में मानी जाती है। खडेगोलीवली, शंकर पावशे चौक, कोलसेवाड़ी, विसावली, चक्की नाका, आडवली और नेतिवली जैसे इलाके उत्तर भारतीयों के मजबूत गढ़ माने जाते हैं। इसके अलावा डोंबिवली में सोनारपाड़ा और दावडी क्षेत्र भी उत्तर भारतीय बहुल क्षेत्र के रूप में पहचाने जाते हैं। इन इलाकों से शिवसेना और भाजपा-दोनों ही दलों से कई उत्तर भारतीय नेता टिकट के इच्छुक हैं।

### अब भी उम्मीद लगाए हैं

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि एक समय कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में उत्तर भारतीय समाज के 5 नगरसेवक निर्वाचित होकर आए थे, लेकिन 2015 तक यह संख्या घटकर मात्र 1 रह गई। बीते 10 वर्षों से महानगरपालिका चुनाव न होने के कारण कई उत्तर भारतीय नेता दिन-रात संगठन में सक्रिय रहकर तैयारी कर रहे थे और उन्हें इस बार प्रतिनिधित्व मिलने की प्रबल उम्मीद थी। हालांकि महायुति की घोषणा हो चुकी है, फिर भी कई उत्तर भारतीय नेता अब भी यह उम्मीद लगाए बैठे है कि दोनों पार्टियां वोटगणित को ध्यान में रखते हुए अंतिम समय में उन्हें प्रतिनिधित्व देंगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 12-28-2025 23:21 Color:



## फटाफट खबरें

### चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारी से मारपीट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव की ड्यूटी निभा रहे एक बीएमसी अधिकारी और विडियो ग्राफर के साथ विलेपार्ले के मिलन सबवे पर बदसलूकी और मारपीट का मामला सामने आया है। एफआईआर के अनुसार, घटना 28 दिसंबर की रात करीब 1.25 से 1.35 बजे की है। शिकायतकर्ता सुरेश राठौड़ (37), बीएमसी के 'के पूर्व विभाग में कनिष्ठ निरीक्षक हैं। वे चुनाव आयोग के निर्देश पर वाहनों की जांच और विडियोग्राफी करवा रहे थे। इस दौरान राठौड़ व विडियो ग्राफर धीरज पांचाल के साथ इसतेखार अहमद नामक आरोपी ने मारपीट व बदसलूकी की। विलेपार्ले पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

### सो रही महिला पर JCB चढ़ाया, हुई मौत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बांद्रा के चिंबई मैदान में सो रही एक बुजुर्ग महिला पर कथित तौर जेसीबी चढ़ा दिए जाने के आरोप में पुलिस ने सलीम नूर खान नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वारदात के वक्त वह नशे में थे। हादसा जेसीबी को रिवर्स लेने के दौरान हुआ।

### टूर पैकेज के नाम पर की ठगी, केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : गोरेगांव पुलिस ने जसमीत सिंह नामक एक व्यक्ति के खिलाफ 57 हजार की कथित ठगी का केस दर्ज किया है। एफआईआर के मुताबिक, शिकायतकर्ता अनुराधा सावंत परिवार और दोस्तों के साथ थाईलैंड ट्रिप जाना चाहती थी। उन्होंने फेसबुक पर थाईलैंड टूर पैकेज सर्च की और सिंह के संपर्क में आई। आरोप है कि थाईलैंड ट्रिप बुक के लिए सावंत ने 57 हजार अडवांस दिया लेकिन उन्हें नकली फ्लाइट टिकट थमा दिया।

### इंफ्ल्यूएंसर को ऑटो चालक ने दी धमकी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर टीना सोनी ने एक ऑटो चालक द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के बारे में विडियो बनाकर वायरल कर दिया। विडियो में टीना ने आरोप लगाया है कि वह ऑटो से एक इवेंट में भाग लेने शनिवार रात को जियो सेंटर जा रही थीं। इस दौरान ऑटो चालक ने उन्हें बीच रास्ते में उतार दिया और अपशब्द कहने लगा। पास ही ट्रैफिक वाला खड़ा था, जिसने कुछ नहीं कहा।


### ऐक्टर ने की ध्वनि प्रदूषण की शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : ऐक्टर सुशांत सिंह ने अंबोली में अपने घर के पास एक इमारत की रूफ टॉप पर चल रहे लेट नाइट पार्टी के दौरान बजने वाले संगीत को लेकर पुलिस कार्रवाई की मांग की है।

# आसान नहीं है मुंबई शहर में अंडरग्राउंड रेलगाड़ी चलाना

## ऐलिवेशन के कारण मालगाड़ी चढ़ाना होता है मुश्किल

Priya.Pandey@Timesofindia.com


AI Image

■ मुंबई : मुंबई में लोकल रेलवे की बढ़ती भीड़ को देखते हुए, इस साल महालक्ष्मी से चर्चगेट और परेल से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के बीच अंडरग्राउंड रेल नेटवर्क बनाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन अब ऐसा लगता है कि यह प्रोजेक्ट वर्तमान में संभव नहीं है।

एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि फिलहाल मुंबई में अंडरग्राउंड रेलवे लाइन बनाना आसान नहीं है। क्योंकि रेलवे के डिब्बे, मेट्रो के मुकाबले सीमित नहीं होते हैं, बल्कि अधिक होते हैं। मालगाड़ी की बात करें, तो यदि वो एक बार अंडरग्राउंड जाती है, तो उसे बाहर आने के लिए 1/100 का ऐलिवेशन लेना होगा, जो फिलहाल संभव नहीं है। इसी के साथ अंडरग्राउंड नेटवर्क बनाने के लिए इंजिनियरिंग से जुड़ी तमाम दिक्कतों का भी सामना करना पड़ेगा।

उदाहरण के तौर पर सीवुड्स रोड पर रेल ओवर ब्रिज बनाया गया है, यह ब्रिज तब बनाया जाता है, जब जगह की कमी हो, या फिर मौजूदा लाइन को डिस्टर्ब नहीं करना हो। यही वजह है कि रैंप भी छोटा होता है, नतीजन रेल को ऊपर चढ़ने में ज्यादा पावर की जरूरत होती है। अंडरग्राउंड रेलवे नेटवर्क में भी यह समस्या उत्पन्न होती है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में एडवांस टेक्नोलॉजी और आधुनिक इंजिनियरिंग मार्वल के इस्तेमाल से यह संभव भी हो सकता है। कुल मिलाकर फिलहाल योजना ठंडे बस्ते में चली गई।

### अंडरग्राउंड रेलवे लाइन से होने वाले फायदे

- टर्मिनस स्टेशन पर भीड़ कम
- लोकल की संख्या बढ़ाने में मदद
- पीक आवर में ट्रेनों की अधिकतम क्षमता

### प्रस्तावित अंडरग्राउंड रेलवे कॉरिडोर

- महालक्ष्मी - चर्चगेट (पश्चिम रेलवे)
- परेल - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मध्य रेलवे)

### 2 जापानी कंपनियां कर रही हैं स्टडी

मुंबई में अंडरग्राउंड रेल नेटवर्क के विषय में मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन (एमआरवीसी) ने मध्य रेलवे से बात भी की थी। साथ ही जापान की 2 कंपनियों को फिजिबिलिटी स्टडी करने के लिए कहा गया था, जिसकी रिपोर्ट 6 महीने में आने वाली थी। रेलवे प्रशासन का तर्क यह है कि यह योजना इसलिए बनाई गई थी, क्योंकि मुंबई में रेलवे के लिए जमीन बहुत बड़ी चुनौती है।

### CSMT-परेल: छठी लाइन संभव नहीं

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से परेल के बीच छठी लाइन बनाना संभव नहीं है। लाइन बिछाने के लिए लगने वाली 'जमीन' रेलवे के लिए रोड़ा बनी हुई है। हालांकि, रेलवे के अनुसार पांचवीं लाइन का निर्माण किया जाएगा। संबंधित अधिकारी का कहना है कि वर्तमान में प्लानिंग का काम जारी है, जिसमें पाया गया है कि सीएसएमटी और परेल के बीच जगह की कमी होने के कारण, यह प्रोजेक्ट रेलवे के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। इसीलिए फिलहाल यह काम संभव नहीं है।

### रेलवे प्रशासन ने आखिर इस योजना से क्यों खींचे हाथ?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सेंट्रल लाइन पर परेल से CSMT और वेस्टर्न लाइन पर महालक्ष्मी से चर्चगेट के बीच कॉरिडोर बनाने की योजना रेलवे ने ठंडे बस्ते में डाल दी है। सर्वे के मुताबिक मुंबई की भौगोलिक स्थिति अंडरग्राउंड कॉरिडोर के लिए जटिल है। एमआरवीसी यह सर्वे जापान की दो कंपनियों से करवा रही है। जो अंडरग्राउंड रेल नेटवर्क और मेट्रो नेटवर्क बनाने के लिए जानी जाती है। अंडरग्राउंड कॉरिडोर बनने पर मालगाड़ी के बाहर निकलने में दिक्कतें आतीं, इसीलिए MRVC ने योजना को आगे न बढ़ाने का फैसला किया है।

### संडे रहा प्रदूषित, AQI खराब

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : रविवार को मुंबई की औसत वायु गुणवत्ता असंतोषजनक रही। केवल 3 इलाके गोवंडी में 56 AQI, विले पार्ले में 92 और शिवड़ी में 93 AQI दर्ज किया गया। बाकी सभी इलाकों में 100 से 156 AQI दर्ज किया गया। दिसंबर में 28 में से केवल 2 दिन वायु गुणवत्ता ठीक की श्रेणी में रही है। बाकी सभी दिन AQI 100 के पार ही दर्ज की गई है। सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एप समीर के रैंकिंग के अनुसार रविवार को मुंबई की औसत AQI 126 दर्ज की गई। सबसे ज्यादा AQI बोरिवली में 156 और बीकेसी में 155 AQI, घाटकोपर में 148 AQI, और कोलाबा में 147 AQI दर्ज किया गया है।






# RMC प्लांटों की जांच के लिए 6 फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन

## मुंबई और नवी मुंबई के प्लांट पर MPCB की नजर



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (MPCB) ने कड़े कदम उठाए हैं। मुंबई और नवी मुंबई में रेडी मिक्स कंक्रीट (RMC) प्लांटों की जांच के लिए 6 विशेष जांच दस्ते (फ्लाइंग स्क्वॉड) गठित किए गए हैं।

वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर आयोजित विशेष समीक्षा बैठक में MPCB के अध्यक्ष सिद्धेश कदम और सदस्य सचिव एम. देवेंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि जो आरएमसी प्लांट निर्धारित नियमों और शर्तों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत मुंबई के लिए 4 और नवी मुंबई के लिए 2 विशेष जांच दल बनाए गए हैं, जो नियमित रूप से आरएमसी प्लांटों का निरीक्षण करेंगे। अब तक MPCB ने वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार 4 प्लांटों को बंद किया है। कुल 37 आरएमसी प्लांटों पर कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 37 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है। कदम ने कहा, बीएमसी के साथ मिलकर मंडल ने वायु प्रदूषण के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है।

### वायु गुणवत्ता की रोज हो रही समीक्षा

सदस्य सचिव एम. देवेंदर सिंह ने बताया, शहर की वायु गुणवत्ता की दैनिक समीक्षा की जा रही है। निर्धारित शर्तों के पालन की जांच के लिए उड़नदस्ते तत्काल निरीक्षण शुरू करेंगे। मुंबई महानगर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता मापने के लिए 32 स्थाई केंद्र हैं, जिनमें से 14 मुंबई शहर में सक्रिय हैं। इसके अलावा 22 मोबाइल वैन उपलब्ध हैं, जिसके जरिए जरूरत पड़ने पर तत्काल वायु गुणवत्ता मापन किया जा रहा है।

# WR पर कैंसल थीं 235 ट्रेनें, यात्री हुए परेशान

## सेंट्रल रेलवे पर भी ब्लॉक ने बढ़ाई मुसीबत



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : पश्चिम रेलवे के यात्रियों को रविवार को दोपहर के समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कांदिवली और बोरीवली के बीच चल रहे रेल इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य के कारण पूरे दिन में करीब 235 लोकल ट्रेनें रद्द रहीं। इसका सीधा असर प्रमुख स्टेशनों पर पड़ा, जहां प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ आम दिनों से ज्यादा रही।

यात्रियों ने बताया, अन्य के मुकाबले इस रविवार को उन्हें ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यात्रियों के अनुसार, ट्रेन सेवाओं में देरी के चलते उन्हें दफ्तर पहुंचने में काफी देर हो गई। बोरीवली स्टेशन की स्थिति तो और भी गंभीर रही, जहां प्लेटफॉर्म नंबर- 8 और 9 के 29 दिसंबर तक बंद रहने से शेष प्लेटफॉर्म पर दबाव बढ़ गया। एक यात्री ने NBT को बताया, रविवार को दोपहर के समय काफी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। विरार से चर्चगेट पहुंचना अधिक परेशानी भरा रहा। ट्रेनों के 20-25 मिनट देरी से चलने के कारण यात्रियों की संख्या बढ़ती रही। नतीजन भीड़ आम दिनों से भी अधिक हो गई। बता दें कि बच्चों के स्कूल का वेकेशन भी चालू है। इस वजह से अधिक लोग घूमने के लिए घर से निकल रहे हैं। यह भी भीड़ की एक वजह हो सकती है।

कई लोकल ट्रेनें करीब एक घंटे तक की देरी से आईं

# मंडाले से डायमंड गार्डन, दहिसर से काशीगांव के बीच जल्द दौड़ेगी मेट्रो

## BMC चुनाव से पहले या तुरंत बाद मुंबईकरों को मिल सकता है तोहफा


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव से पहले या उसके तुरंत बाद मुंबईकरों को 2 मेट्रो का तोहफा मिल सकता है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने मेट्रो-2बी और मेट्रो-9 के पहले फेज के तहत मेट्रो सेवा शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण मेट्रो की दोनों लाइनों पर सेवा शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है।

मेट्रो-2 बी के पहले फेज को करीब एक महीने पहले ही रेलवे मेट्रो सेफ्टी बोर्ड (CMRS) का सर्टिफिकेट मिल चुका है, जबकि मेट्रो- 9 की सीएमआरएस जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस सप्ताह में मेट्रो-9 के पहले फेज को सीएमआरएस का सर्टिफिकेट मिलने की उम्मीद है। एमएमआरडीए के एक अधिकारी ने बताया, मेट्रो की इस लाइन को ओपन करने की तैयारी काफी पहले से चल रही है। इसके लिए चुनाव आयोग से परमिशन लेनी होगी, क्योंकि चुनाव आचार संहिता लागू है। यदि परमिशन मिल गई, तो 15 जनवरी तक कभी भी दोनों लाइनों के पहले फेज को यात्रियों के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

### कहां से कहां तक चलेगी मेट्रो

**मंडाले से डायमंड गार्डन**

मेट्रो-2बी के पहले फेज के तहत मंडाले से डायमंड गार्डन (चेंबूर) के मार्ग को नवंबर में ही सीएमआरएस का सर्टिफिकेट मिल चुका है, लेकिन मेट्रो के तैयार 5.6 किमी के मार्ग के उद्घाटन के लिए बड़े नेताओं का समय नहीं मिलने के कारण मेट्रो-2बी के द्वार आम जनता के लिए नहीं खुल पाए हैं। मेट्रो-2बी के तहत डीएन नगर से मंडाले के बीच 23.6 किमी लंबा मेट्रो मार्ग तैयार किया गया है।

**दहिसर (पूर्व) से काशीगांव**

मेट्रो-9 कॉरिडोर के पहले फेज के तहत 4.973 किमी के मार्ग पर मेट्रो का संचालन शुरू करने के लिए सीएमआरएस जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आगामी कुछ दिन में दहिसर (पूर्व) से काशीगांव मेट्रो स्टेशन के बीच के मार्ग को सीएमआरएस का सर्टिफिकेट मिलने की उम्मीद है। दहिसर (पूर्व) से मीरा भाईंदर के बीच 13.5 किमी के मार्ग पर मेट्रो-9 का निर्माण कार्य जारी है।

# सनबर्न: सोने का कड़ा चुराने वाला आरोपी बाउंसर अरेस्ट



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : शिवडी सनबर्न फेस्टिवल के दौरान एक डॉक्टर से करीब 3 लाख के सोने के कड़े की चोरी करने के मामले में शिवडी पुलिस ने 24 वर्षीय बाउंसर विक्की गायकवाड़ को अरेस्ट किया है। पुलिस ने बताया, आरोपी मूल रूप से सोलापुर का रहने वाला है और चोरी के बाद गांव भागने की तैयारी में था। पुलिस ने उसे भागने से पहले ही चोरी के कड़े के साथ पकड़ लिया।

शिकायतकर्ता डॉक्टर शिवप्रसाद सज्जन (29) कर्नाटक के कलबुर्गी निवासी हैं। वे 19 से 21 दिसंबर के बीच आयोजित सनबर्न फेस्टिवल में शामिल होने मुंबई आए थे और फोर्ट इलाके के एक होटल में ठहरे हुए थे। 21 दिसंबर की शाम डॉक्टर अपने दोस्तों के साथ वीवीआईपी एरिया में बैठकर कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों में पहने सोने के कड़े निकालकर पैंट की जेब में रख लिए। देर रात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वे होटल लौटने लगे, तब जेब से कड़े निकलने का उन्हें पता चला। डॉक्टर ने शिवडी पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें सोने के कड़े के साथ 30 हजार रुपये नकद चोरी होने का दावा किया गया। मामले पुलिस ने जांच शुरू की और फेस्टिवल में तैनात स्टाफ की जानकारी के आधार पर बाउंसर विक्की गायकवाड़ को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी की बात कबूल की। पुलिस ने उसके पास से चोरी के सोने के कड़े बरामद कर लिए। सूत्रों के अनुसार, इस फेस्टिवल में 2 दर्जन से अधिक लोगों ने चोरी की शिकायतें दर्ज कराई हैं, जिसकी जांच जारी है।

- चोरी के बाद गांव भागने की तैयारी में था आरोपी, पुलिस ने पकड़ा
- 02 दर्जन से अधिक लोगों ने चोरी की शिकायतें दर्ज कराई
- 19 से 21 दिसंबर के बीच शिवडी में आयोजित हुआ था सनबर्न फेस्टिवल

# लोकल ट्रेन में कांग्रेस का विरोध, उन्नाव मामले में BJP को घेरा



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : उन्नाव रेप केस के दोषी और भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबित होने के बाद सियासत गरमा गई है। मुंबई में यूथ कांग्रेस ने इस फैसले को लेकर सीधे केंद्र और बीजेपी पर हमला बोला है। सांताक्रूज से चर्चगेट तक चली इस चलती-फिरती विरोध यात्रा में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को उन्नाव कांड की पूरी पृष्ठभूमि समझाई और बीजेपी सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए।

यूथ कांग्रेस का आरोप है कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारे जमीन पर सिर्फ जुमले बनकर रह गए हैं, जबकि सत्ता में बैठे लोग आरोपियों को राहत दिलाने में जुटे हैं। मुंबई यूथ कांग्रेस अध्यक्ष जीनत शबरीन के नेतृत्व में हुए 'अवेयरनेस प्रोटेस्ट' के जरिए यह बताने का प्रयास किया गया कि बीजेपी का 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारा जमीनी हकीकत में खोखला साबित हो रहा है। जीनत ने आरोप लगाया कि उन्नाव जैसा गंभीर मामला बीजेपी की कथनी और करनी के अंतर को उजागर करता है। उनके मुताबिक, जिस सरकार को पीड़िता के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए था, वही सरकार दोषी को राहत दिलाने वाली व्यवस्था का हिस्सा बनती दिख रही है। शबरीन ने चेतावनी दी कि यूथ कांग्रेस ऐसे हर फैसले के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष जारी रखेगी, जो अपराधियों को बचाने की कोशिश करता है।

# कलीना की कमर्शियल बिल्डिंग में लगी आग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सांताक्रूज पूर्व के कलीना इलाके में रविवार को एक कमर्शियल इमारत में आग लगने की घटना सामने आई। आग सीएसटी रोड पर भारत बैंक के सामने स्थित एमजीन चैंबर्स में लगी। घटना की सूचना रात 2.37 मुंबई फायर ब्रिगेड को मिली। आग के फैलाव को देखते हुए इसे लेवल-1 फायर घोषित किया गया। इमारत की छठी मंजिल पर स्थित एक बंद कार्यालय में आग लगी थी, जिससे बिजली की वायरिंग, इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन, फाइलें और रिकॉर्ड, लकड़ी का फर्नीचर, कंप्यूटर, दरवाजे, खिड़कियां, कुर्सियां आदि जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड के जवानों ने डेढ़ घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सुबह 4.14 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने या झुलसने की सूचना नहीं है। आग के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है।

**बिल्डिंग का फायर सिस्टम नहीं कर रहा था काम :** मुंबई फायर ब्रिगेड ने जांच में पाया है कि बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम काम नहीं कर रहा था। इस वजह से बिल्डिंग को नोटिस भी जारी किया गया। मुंबई फायर ब्रिगेड के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बिल्डिंग में न तो फायर अलार्म काम कर रहा था, न ही फव्वारे काम कर रहे थे।

# 2026 के ज़रिए कैंपस से कॉर्पोरेट तक की तैयारी

## मुंबई यूनिवर्सिटी करेगी 'टेक कनेक्ट- 2026' रोबोटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी पाना आज छात्रों के लिए बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए मुंबई यूनिवर्सिटी 'टेक कनेक्ट- 2026' नामक रोबोटिक्स प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है, जिससे छात्र पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी के लिए भी तैयार हो सकें। इस प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन 31 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक किया जा सकता है।

यूनिवर्सिटी के कल्याण स्थित स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंस और उसके सेंटर ऑफ एक्सिलेंस रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन की ओर से 'टेक कनेक्ट- 2026' रोबोटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता जान्यू टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से हो रही है। इस प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी से जुड़े सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र भाग ले सकते हैं। छात्र अकेले या अधिकतम 4 छात्रों की टीम बनाकर इसमें हिस्सा ले सकते हैं।

**क्या करना होगा छात्रों को :** छात्रों को रोजमर्रा की समस्याओं पर आधारित रोबोटिक्स समाधान तैयार करने होंगे। इसके लिए स्मार्ट कचरा प्रबंधन, औद्योगिक सुरक्षा, ऊर्जा बचाने वाली रोबोटिक्स, आपदा प्रबंधन, स्वचालित नेविगेशन सिस्टम जैसे विषय दिए गए हैं। जनवरी से फरवरी 2026 के बीच छात्र अपने प्रोजेक्ट की योजना बनाएंगे, उसे डिजाइन करेंगे और तैयार करेंगे।

**इंडस्ट्री एक्सपर्ट करेंगे जांच :** छात्रों के बनाए गए प्रोजेक्ट्स की जांच उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ करेंगे। इससे छात्रों को यह समझने में मदद मिलेगी कि कंपनियां किस तरह के काम और कौशल की अपेक्षा करती हैं।

### इंटर्नशिप और नौकरी का मिलेगा मौका

इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि अच्छे और चुने गए प्रोजेक्ट्स को उद्योग मंच पर दिखाने का मौका मिलेगा। साथ ही, जान्यू टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा, जिससे आगे चलकर नौकरी या स्टार्टअप का रास्ता खुल सकता है। साथ ही, स्पर्धा में जीतने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र मिलेगा।

## NBT अभियान | महेंद्र गुप्ता

## स्क्रीन से आजादी


AI Image

# जब स्क्रीन चुनें, तो इन बातों पर दें विशेष ध्यान

■ ऐसे समय में जब हम दिन का एक बहुत बड़ा हिस्सा किसी न किसी तरह की स्क्रीन से घिरे रहकर गुजार देते हैं, स्क्रीन की गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे आपकी आंखों को और पूरी सेहत को कुछ हद तक राहत जरूर मिल सकती है। हम आज यह जानते हैं कि किस तरह की स्क्रीन मोबाइल, लैपटॉप या डेस्कटॉप में अच्छी मानी जाती है।

कुछ पैमानों पर खरी होना चाहिए आपकी डिवाइस की स्क्रीन



### मोबाइल स्क्रीन

आपके मोबाइल की अच्छी स्क्रीन वह है, जिसमें :

- उच्च रिजॉल्यूशन हो। जैसे FHD+, QHD+
- उच्च रिफ्रेश रेट हो। जैसे: 90Hz, 120Hz+
- OLED / AMOLED पैनल हो (बेहतर कलर और ब्लैक लेवल)
- ब्राइटनेस और कलर सटीकता भी अहम: यह तब बेहतर साबित होती है, जब आप विडियो, गेमिंग, फोटो शूटिंग/ एडिटिंग मोबाइल पर करते हैं।
- यदि स्क्रीन का आउटडोर यूज है, तो चाइल स्क्रीन का आकार छोटा होता है, ऐसे में पिक्सेल डेंसिटी (PPI) महत्वपूर्ण है।

### डेस्कटॉप मॉनीटर स्क्रीन



सबसे अच्छा क्यों माना जाता है?

- बढ़िया कलर सटीकता के कारण।
- बेहतर रिसोल्यूशन, रिफ्रेश रेट होती है।
- कर्व्ड / प्रोफेशनल कलर मॉनिटर का विकल्प
- अलग-अलग पोर्ट विकल्प

याद रखें: डेस्कटॉप स्क्रीन आंखों के लिए सबसे अधिक आरामदायक और अनुकूलनीय होती है।

### लैपटॉप स्क्रीन

आपके लैपटॉप की अच्छी स्क्रीन वह है, जिसमें :

- रिजॉल्यूशन FHD, 2.5K, 4K हो।
- पैनल टाइप: IPS (वाइड व्यू), OLED (बेहतरीन कंट्रास्ट) हो।
- कलर कवरेज: 100% sRGB या 90%+ Adobe RGB होना अच्छा माना जाता है।
- ब्राइटनेस: 300+ nits रोजमर्रा में अच्छा होता है।
- एंटी-ग्लेयर कोटिंग हो।

याद रखें: लैपटॉप स्क्रीन का आकार बड़ा होता है, इसलिए कम्प्रोमाइज कम होता है और व्यूइंग एंगल्स बढ़िया होना जरूरी है।

### स्क्रीन के गलत चयन से हो सकती हैं ये समस्याएं



खराब स्क्रीन क्वालिटी से आंखों में थकान, जलन, सूखापन और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कम ब्राइटनेस, खराब कॉन्ट्रास्ट और गलत रंगों के कारण पढ़ने-लिखने व काम करने में दिक्कत आती है, जिससे एकाग्रता और उत्पादकता घटती है। अधिक ब्लू लाइट और फ्लिकर नींद को प्रभावित कर सकते हैं। विडियो, गेमिंग और डिजाइन जैसे कार्यों में अनुभव और आउटपुट की गुणवत्ता खराब होती है। लंबे समय तक ऐसी स्क्रीन के यूज से आंखों पर दबाव पड़ता है, खासकर बच्चों और पहले से कमजोर आंखों वाले लोगों के लिए यह ज्यादा नुकसानदेह हो सकता है।

### OLED डिस्प्ले तकनीक क्या है?

ऊपर हमने OLED यानी Organic Light Emitting Diode तकनीक की बात की। आखिर ये है क्या। यह एक आधुनिक डिस्प्ले तकनीक है, जिसमें स्क्रीन के हर पिक्सल खुद रोशनी पैदा करता है। इसमें अलग से बैकलाइट की जरूरत नहीं होती। यह प्रीमियम स्मार्टफोन, हाई-एंड लैपटॉप, स्मार्ट टीवी, स्मार्टवॉच आदि में इस्तेमाल होती है। यह आमतौर पर महंगी होती है।

### जानिए इसकी खास बातें

- गहरा काला रंग: पिक्सेल बंद होने पर बिल्कुल काला दिखता है।
- बेहतर कलर और कॉन्ट्रास्ट।
- वाइड व्यूइंग एंगल।
- कम पावर खपत (खासकर डार्क मोड में)
- पतली और हल्की स्क्रीन

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP4 User: ccl Time: 12-28-2025 21:18 Color:



# इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स से मिली मुंबई की रफ्तार को धार

**2025 में वर्षों से अटकी कई अहम परियोजनाएं शुरू हुई, जिससे लोगों को राहत मिली है। अब भी कुछ बड़े प्रॉजेक्ट तय समय से पीछे हैं, जिनका इंतजार मुंबईकरों को आगे भी करना होगा। महानगर में इंफ्रास्ट्रक्चर की दशा और दिशा पर नजर डाल रहे हैं नीरज तिवारी...**

■ **मुंबई:** 2025 मुंबई महानगर के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से यादगार रहा। वर्षों से अटकी परियोजनाएं, बार-बार टलती डेडलाइन और बढ़ती ट्रैफिक समस्या के बीच इस साल कई बड़े प्रॉजेक्ट आखिरकार आम मुंबईकर के लिए शुरू किए गए। मेट्रो, पुल, सड़क और नवी मुंबई में एयरपोर्ट के शुरू होने से शहर की रफ्तार बढ़ी है। ट्रैफिक की समस्या कम होने से लोग एक स्थान से दूसरे स्थान तक आसानी से पहुंच रहे हैं। हालांकि, इसी साल कई ऐसे अहम प्रॉजेक्ट्स भी रहे, जिनका उद्घाटन तय समय पर नहीं हो सका और मुंबईकरों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।



## दक्षिण मुंबई में कनेक्टिविटी हुई बेहतर

**दक्षिण मुंबई** में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए कोस्टल रोड मरीन ड्राइव (प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर के पास) से वर्ली तक आम जनता के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। करीब 10.58 किलोमीटर लंबे इस मार्ग ने मरीन ड्राइव को सीधे बांद्रा-वर्ली सी लिंक से जोड़ दिया है। इसके शुरू होते ही दक्षिण मुंबई से पश्चिमी उपनगरों की ओर जाने वाले यात्रियों का सफर अब काफी कम समय में पूरा हो रहा है। हालांकि इसे अटल सेतु से जोड़ने का काम किया जाना बाकी है।

## अंडरग्राउंड मेट्रो से बदली तस्वीर



**2025 की सबसे** बड़ी उपलब्धि मुंबई मेट्रो लाइन-3 (एक्वा लाइन) मानी जा रही है। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज को जोड़ने वाली यह अंडरग्राउंड मेट्रो अक्टूबर 2025 में पूरी तरह जनता के लिए खोल दी गई। दक्षिण मुंबई से बीकेसी और अंधेरी तक का सफर अब कहीं ज्यादा तेज और सुविधाजनक हो गया है। वर्ली, दादर और प्रभादेवी जैसे इलाकों में सड़क यातायात पर दबाव कम हुआ है, वहीं लोकल ट्रेनों की भीड़ में भी कुछ राहत देखी गई।

## पुल और सड़कों से आवागमन बढ़ा

**सड़क और पुल** परियोजनाओं के मामले में भी 2025 अहम साबित हुआ। दक्षिण मुंबई में रे रोड रेलवे ओवरब्रिज को मई 2025 में जनता के लिए खोल दिया गया। ब्रिटिश काल के पुराने पुल की जगह बने इस केबल-स्टे ब्रिज ने मझगांव और भायखला के बीच सफर को आसान कर दिया। अंधेरी में लंबे समय से अधूरे पड़े गोखले ब्रिज और सीडी बर्फीवाला फ्लाईओवर कनेक्टर का खुलना भी बड़ी राहत रहा। इसके शुरू होते ही अंधेरी ईस्ट और वेस्ट के बीच सीधा संपर्क बहाल हो गया। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और एसवी रोड पर लगने वाले जाम में भी कमी दर्ज की गई।

## SCLR का हुआ विस्तार

**पूर्वी और** पश्चिमी उपनगरों को जोड़ने वाली सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड (SCLR) का विस्तारित हिस्सा भी 2025 में जनता के लिए खोल दिया गया। वकोला से कुर्ला और चेंबूर तक का सफर अब कम समय में पूरा हो रहा है। पहले जहां वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता था, अब सीधे रास्ते से समय और ईंधन दोनों की बचत हो रही है। SCLR के खुल जाने से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे से ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे तक वाहन आसानी से पहुंच पा रहे हैं।

## क्रीक ब्रिज ने बढ़ाई सुविधा

**मुंबई और नवी** मुंबई को जोड़ने वाला नया वाशी क्रीक ब्रिज फरवरी 2025 में पूरी तरह चालू हो गया। मानखुर्द से वाशी तक बने इस अतिरिक्त लेन वाले ब्रिज से पुराने वाशी ब्रिज पर ट्रैफिक का बोझ घटा है। पनवेल, वाशी और प्रस्तावित नवी मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट की ओर जाने वालों को इससे बड़ी सुविधा मिली।

## अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शुरू

**हवाई यातायात के** मोर्चे पर भी 2025 अहम रहा। मुंबई एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए नवी मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का शुभारंभ किया गया। उलवे-पनवेल क्षेत्र में बने इस एयरपोर्ट से शुरुआती उड़ानें शुरू हुईं, जिससे भविष्य में मुंबई महानगर क्षेत्र को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, नवी मुंबई में एयरपोर्ट के बनने से मुंबई-2 बनाने की सरकार की योजना को गति मिली है। अब नवी मुंबई, कल्याण, ठाणे के नागरिकों को हवाई सफर के लिए नवी मुंबई एयरपोर्ट के रूप में नया विकल्प मिल गया है।

### ये प्रॉजेक्ट्स नहीं हो सके शुरू

■ **मुंबई मेट्रो लाइन-2B (DN नगर-मंडाले)**
अंधेरी पश्चिम से पूर्वी उपनगरों को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन-2B को 2025 में चरणबद्ध रूप से शुरू करने की योजना थी। लेकिन भूमि अधिग्रहण, डिपो से जुड़े विवाद और धीमी निर्माण गति के कारण यह लाइन जनता के लिए नहीं खुल सकी। मेट्रो-2B के पहले फेज के तहत मंडाले से डायमंड गार्डन के मार्ग को मेट्रो रेलवे सेफ्टी बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है। बीएमसी चुनाव के बाद मेट्रो 2B के 5.6 किमी तक के द्वार आम जनता के लिए खुल जाएंगे।

■ **GMLR, सायन और बेलासिस फ्लाइओवर**
BMC द्वारा बनाए जा रहे गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड फ्लाइओवर के तीसरे चरण में देरी पर बीएमसी ने ठेकेदार पर जुर्माना लगाया है और नया लक्ष्य मई 2026 तय किया गया है। इतना ही नहीं, सायन फ्लाईओवर के पुनर्निर्माण और बेलासिस फ्लाइओवर का काम भी मई 2026 तक पूरा होने का दावा किया जा रहा है।

■ **मुंबई मेट्रो लाइन-4**
वडाला-घाटकोपर-ठाणे (मेट्रो लाइन-4) से भी बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन मेट्रो के पूरी लाइन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया था। लेकिन एमएमआरडीए ने साल के अंत में मेट्रो-4 के 4.4 किमी रूट पर ट्रायल रन शुरू कर दिया है। अगले साल इस रूट पर मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा।

■ **गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड**
MMRDA के इस महत्वाकांक्षी प्रॉजेक्ट का कुछ हिस्सा 2025 में खुलना था। लेकिन संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े पर्यावरणीय मुद्दे और कोर्ट केस के कारण काम आगे नहीं बढ़ सका।

■ **मृणालताई गोरे फ्लाइओवर**
गोरेगांव का मृणालताई गोरे फ्लाईओवर सात साल बाद भी अधूरा है। 750 मीटर लंबे इस फ्लाइओवर का अभी कुछ काम बाकी है, लेकिन डेडलाइन बार-बार खिसकती रही। अब अप्रैल 2026 तक इसके खुलने की उम्मीद जताई जा रही है।


TIMES interact
To book your ad | Login to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

**बिजनेस**

बिजनेस प्रस्ताव

**PREMIUM EUROPEAN COATING RESINS/ ADDITIVES**
We can offer a diverse range of high-performance materials regularly at low prices, including:
• Waterborne Polyurethane Dispersions
• Acrylic Polyols
• Alkyds & Epoxies
• Functional Monomers & Crosslinkers
Please contact: Euro Exim Limited
Manchester (UK)
Email: sales@euroeximlimited.co.uk

**प्रॉपर्टी**

मुंबई प्रॉपर्टीज

बांद्रा पश्चिम

**BARGAIN** 1350 Sq ft Almeida Park 660 Sqft Perry RD 1350 Sqft Sea View Perry X RD 846 Martin Rd Spacious Outright/ Lease. 9820060294/ 9820064144

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

PROPERTY WANTED

**URGENTLY** looking for buying office space vastu compliant full furnish / bare shell with 2 restroom, 1 or 2 parking space in a good building in Nariman Point, Lower Parel and Prabhadevi. Having carpet area of 800 sq.ft -1000 sq.ft. Please contact- Deepak 8898514328 / Peter 9372094347

**भर्ती**

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

प्रशासन

कार्यालय सहायक

**चैंबहार्ट** रोड (डोंगरी) ऑफिस चाहिए: बैंक ऑफिस सिनियर असिस्टेंट - कंप्यूटर ज्ञान और आत्मविश्वास से भरपूर। आयु: 45 वर्ष तक। वेतन: 15000 से 25000 रुपये। 9821080282 / 9820611987

**अन्य रिक्तियां**

सामान्य

**बैंक** के रिकवरी काम के लिए लड़के (Field Executives) तुरंत चाहिये, संपर्क : विजय - 9930443090

तकनीकी

इंजीनियर्स

**चैंबहार्ट** रोड (डोंगरी) ऑफिस चाहिए- टेक्नीशियन/ इंजीनियर: मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल ज्ञान आवश्यक। वेतन: 12000 से 20000 रुपये प्रति माह। संपर्क: 9821080282 / 9820611987

सेवाएं

TIFFIN SERVICES

**रेवाना** 800 टिफिन जाते हैं पूरे मुंबई में, 45 या उससे अधिक की उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को रोजगार का निःशुल्क टिफिन परोसना जायेगा, श्रीमती कुमुद तिवारी चुनीलाल पोपटलाल गुप्ता प्रभादेवी 9819006404 केवल व्हाट्सऐप (फ़ोन नहीं)

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I am changing my name from "Jayshree Vijay Wagh" To "Jayshree Vijaykumar Wagh" for Passport Issuance Vide Affidavit Dtd. 20 Dec 2025

I am changing my name from "Vinayak Vijay Wagh" To "Vinayak Vijaykumar Wagh" for Passport Issuance Vide Affidavit dtd. 20 Dec 2025

I am changing my name from "Vijay Kisan Wagh" To "Vijaykumar Kisan Wagh" for Passport Issuance Vide Affidavit Dtd. 20 Dec 2025

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

**टेंडर और नोटिस**

निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**निविदा सूचना**
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिष्ठित विक्रेताओं से निम्नलिखित कार्यविवरण के लिए ई-निविदा प्रस्ताव आमंत्रित करता है
जीईएम बोली संख्या-जीईएम/2025/बी/7035858 दिनांक: 23.12.2025
वेब-आधारित निर्यात डेटा प्रोसेसिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम (EDPMS) तथा आयात डेटा प्रोसेसिंग और मॉनिटरिंग सिस्टम (IDPMS) के उन्नयन और ऑनबोर्डिंग के साथ सुविधा प्रबंधन समर्थन हेतु निविदा (RFP)
पूर्व बैठक - 05.01.2026 सुबह 11:00 बजे
प्रस्ताव प्राप्ति की अंतिम तारीख - 17.01.2026 शाम 16:00 बजे
अन्य जानकारी एवं बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए तथा निविदा में प्रतिभागिता के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) पोर्टल https://gem.gov.in को देखें.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**निविदा सूचना**
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिष्ठित विक्रेताओं से निम्नलिखित कार्यविवरण के लिए ई-निविदा प्रस्ताव आमंत्रित करता है
जीईएम बोली संख्या - जीईएम/2025/बी/7031870 दिनांक: 22.12.2025
कोर बैंकिंग प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा प्रबंधन सेवाओं हेतु विक्रेता के चयन के लिए प्रस्ताव का अनुरोध
पूर्व बैठक - 02.01.2026 सुबह 11:00 बजे
प्रस्ताव प्राप्ति की अंतिम तारीख - 16.01.2026 शाम 16:00 बजे
अन्य जानकारी एवं बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए तथा निविदा में प्रतिभागिता के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) पोर्टल https://gem.gov.in को देखें.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

BUSINESS CONNECT

**FOR SALE**
Two Commissioned Small Hydro Power Projects for Sale, both having valid PPA's at Good Price.
Interested parties contact: commhydro@gmail.com

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

PROPERTY SPECIAL OFFER

**LAND AT DHULE (FAGNE) 66 ACRES**
FOR SALE
ATTACHED HIGHWAY (NH - 6) SUITABLE FOR
• Schools • Colleges • Hospitals
• Housing Plots
• Warehouse • Factories • Commercial Premises
SUYASH GOLDEN CITY
Call For Details: 98673 85827 • 99304 54253



NBT स्मृति यादों के चिराग

मृत्यु की सूचना

**बैकुण्ठवास**



**श्रीमती स्नेहलता माहेश्वरी**
(धर्मपत्नी स्वर्गीय सत्यनारायण माहेश्वरी)
का बैकुंठवास शनिवार दि. २७ दिसम्बर २०२५ को हो गया है।
**उठावना: सोमवार २९ दिसम्बर २०२५ समय सांय 4 से 6**
**एयरशाइन क्लब,** ई.एम.पी., ठाकुर विलेज, कांदिवली (पूर्व), मुंबई - 400 101
शोकाकुल
पुत्र-पुत्रवधू: पंकज - रेखा
पुत्री - दामाद: रेणु - नंद कुमार लढ़ा
पुत्री - दामाद: रीना - संजय बंग
पौत्र - पौत्री: हर्षी - मयंक
नंद किशोर, कमल किशोर, नवल किशोर माहेश्वरी (देवर) एवं समस्त माहेश्वरी परिवार।
पीहर पक्ष:
रमेश - शकुंतला कोठारी
महेश - प्रेमलता कोठारी
दिनेश - सुनीता कोठारी
संजय - जयश्री कोठारी
एवं समस्त कोठारी परिवार, कुचामन सिटी।

पुण्यतिथि

**26th DEATH ANNIVERSARY**



**Smt. Clara J. Kaul**
29-12-1999
You may not be with us in person but you live in our hearts.
Fondly remembered
Ajay, Shabnam, Sujata, Anita, Lalit, Hetan, Sandeep, Amit, Suraj, Prathna, Prapti, Tanisha, Arain & Ayaansh.

प्रार्थना सभा

**शोक सभा**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
**स्व श्रीमती रक्षादेवी देवीराम गोयल**
(आयु ८९ वर्ष) का दिनांक २७/१२/२०२५ को मुंबई में निधन हो गया।
**उठावना**
दिनांक: २९/१२/२५ सोमवार शाम ५ से ७ बजे तक।
स्थान: डी. जी. खेतान इंटरनैशनल विद्यालय, सुंदर नगर, मालाड पश्चिम, मुंबई - ४०००६४.
**शोकाकुल**
पुत्र-पुत्रवधू: सुशील अग्रवाल-सरिता अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल-अमिता अग्रवाल, संजय अग्रवाल-प्रीति अग्रवाल
पौत्री: अदिती अग्रवाल
पौत्र: हर्षवर्धन अग्रवाल, सुशाल अग्रवाल, निशांत अग्रवाल एवं केशव अग्रवाल
संपर्क: 9320051963

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472



## मेगा मुंबई

# दिन में राहत, रात में मुसीबत बना मुंबई-अहमदाबाद हाइवे!

### चार दिनों से ट्रैफिक जाम से जूझ रहे यात्री

■ **सुरेंद्र नेगी, वसई:** 621 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी मुंबई-अहमदाबाद हाइवे की हालत नहीं सुधरी है। वाइट टॉपिंग कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण हाइवे पर गड्ढे बन गए हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है।

पिछले चार दिनों से रात के समय हाइवे पर लग रहे भारी ट्रैफिक जाम से वाहन चालक परेशान हैं। दिन में कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन रात के समय 12 से 15 किमी लंबा जाम लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के चलते बड़ी संख्या में लोग मुंबई और उपनगरों से बाहर घूमने जा रहे हैं। वहीं गुजरात से भी बड़ी संख्या में लोग मुंबई आ रहे हैं। इससे हाइवे पर वाहनों की संख्या बढ़ गई है।



मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर ट्रैफिक जाम से यात्री हुए परेशान।

**ठेकेदार की लापरवाही से घटिया काम**

बताया जा रहा है कि वर्सोवा खाड़ी पर बने पुराने ब्रिज के कंक्रीटीकरण का काम चलने के कारण हाइवे के दोनों ओर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। दो साल पहले एनएचएआई ने गुजरात बॉर्डर से काशीमीरा तक हाइवे पर वाइट टॉपिंग का फैसला लिया था। अधिकारियों की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही के चलते घटिया काम हुआ और जल्द ही सड़क पर गड्ढे बनने लगे। ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं बढ़ीं।


इमरजेंसी सेवाओं पर भी इसका असर पड़ा। मीरा-भाईंदर-वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के पूर्व आयुक्त मधुकर पांडे ने ट्रैफिक सुधार के लिए हाइवे पर अलग जोन बनाया था। दिन में पुलिस तैनाती से कुछ राहत मिली, लेकिन रात में हालात बदतर हो जाते हैं।

छुट्टियों के दौरान हाइवे पर काम न करने के निर्देश के बावजूद एनएचएआई ने वर्सोवा खाड़ी के पुराने ब्रिज पर कंक्रीटीकरण शुरू कर दिया। प्रभावी योजना के अभाव में पिछले चार दिनों से 15 से 20 किमी लंबा जाम लग रहा है।

एनएचएआई अधिकारी सुहास चिटनिस के अनुसार जाम नियंत्रण के लिए 20 से 25 वॉर्डन लगाए गए हैं, जबकि रात में वॉर्डन नजर नहीं आते। ट्रैफिक विभाग के डीसीपी अशोक वीरकर ने बताया कि करीब 50 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और भारी वाहनों को खानीवडे टोल प्लाजा के पास रोका जा रहा है।

## अभिनेत्री का मोबाइल फोन हैक कर पैसों की उगाही

■ **NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर:** मीरा रोड क्षेत्र में रहने वाली अभिनेत्री (29) का मोबाइल फोन हैक कर उसके निजी और आपत्तिजनक वीडियो और फोटो चुराने का मामला सामने आया है। आरोपी ने इन विडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पैसों की उगाही करने की कोशिश की। पीड़िता की शिकायत पर काशीमीरा पुलिस ने पनवेल निवासी एक सहायक निर्देशक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



यह घटना 19 दिसंबर से 23 दिसंबर के बीच घटी। आरोपी कुमार पृथ्वीराज ने अभिनेत्री का मोबाइल हैक कर अभिनेत्री और उसके मित्र के निजी पलों को हासिल कर लिया। फिर अलग-अलग व्हाट्सऐप नंबरों और टेलीग्राम आईडी से धमकाने लगा। मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर अभिनेत्री ने शिकायत दर्ज कराई। आरोपी और उसके अन्य साथियों के खिलाफ बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आगे की जांच पुलिस निरीक्षक दिलीप राख्ये कर रहे हैं।

## पिस्टल और कारतूस के साथ आरोपी पकड़ाया

■ **NBT न्यूज, पनवेल:** पनवेल शहर पुलिस ने स्टेशन परिसर से एक आरोपी को पिस्टल और छह जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सानपाड़ा, नवी मुंबई निवासी अनंत पाटणकर के रूप में हुई है।

गुप्त सूचना के आधार पर सहायक पुलिस निरीक्षक सचिन पवार की टीम ने कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि आरोपी हथियार कहां से लाया और कहां ले जाने वाला था।

### फटाफट खबरें

**सड़क दुर्घटना में वृद्धा की मौत**

■ **NBT न्यूज, वसई:** मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर मालजी पाड़ा इलाके में सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात वृद्धा की मौत हो गई। नायगांव पुलिस के अनुसार, ब्रिज के पास सड़क पार करते समय वृद्धा किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

**शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म**

■ **NBT न्यूज, वसई:** गोरेगांव में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी ने नायगांव निवासी युवक पर शादी का लालच देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। किशोरी के अनुसार, वर्ष 2023 में उसकी पहचान 25 वर्षीय युवक से हुई थी। अप्रैल 2023 में युवक ने उसे नायगांव बुलाकर शादी का भरोसा दिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने नायगांव और गोरेगांव में कई बार ऐसा किया। पीड़िता की शिकायत पर नायगांव पुलिस ने रेप और पोक्सो के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कोकीन के साथ विदेशी गिरफ्तार**

■ **NBT न्यूज, नालासोपारा:** तुलिंज पुलिस ने शनिवार रात प्रगति नगर इलाके से एक नाइजीरियन नागरिक को कोकीन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 63 ग्राम कोकीन जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 12.60 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक विदेशी नागरिक ड्रग्स की तस्करी करने आने वाला है। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर उसे हिरासत में लिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### स्टेट अपडेट

**6.39 लाख का प्रतिबंधित गुटखा ज़ब्त, एक अरेस्ट**


■ **भाषा, पालघर :** पालघर जिले में प्रतिबंधित गुटखा उत्पादों का कथित तौर पर भंडारण करने और बेचने के आरोप में एक दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। पेल्हार पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, दुकानदार को 25 दिसंबर को एक छापे में पकड़ा गया था। उन्होंने कहा, जावेद अहमद जहीर उर्फ अहमद अंसारी (38) के पास से 6.39 लाख रुपये का गुटखा जब्त किया गया, जिसे भारतीय न्याय संहिता (BNS) और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया।

**बस-बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल**

■ **पीटीआई, बीड :** बीड जिले में रविवार को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (MSRTC) की बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार किशोर निर्मल (50) की मौत हो गई और पीछे बैठे सुनील जाधव (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 11:30 बजे मांजरसुम्बा-अंबाजोगाई रूट पर सांडवाड़ी फ्रांस रोड पर हुआ। MSRTC के देगलूर डिपो की एक बस विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई।

## नशे में धुत युवक का वाइन शॉप के बाहर हंगामा, लोगों ने की पिटाई

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई:** नवी मुंबई के खारघर इलाके में शनिवार देर रात नशे में धुत एक युवक ने वाइन शॉप के बाहर जमकर हंगामा किया। शराब के नशे में युवक तेजस वास्कर (25) ने गोल्ड कॉइन वाइन शॉप के बाहर तोड़फोड़ की। युवक देर रात दुकान के पास पहुंचा और अचानक उग्र हो गया। उसने दुकान के बाहर लगा साइनबोर्ड तोड़ दिया और आसपास रखी वस्तुओं को नुकसान पहुंचाया। अचानक हुई इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।



**शांति भंग करने का मामला दर्ज**

नाराज स्थानीय नागरिकों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। खारघर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और शांति भंग करने का मामला दर्ज किया है। लोगों ने हंगामे का वीडियो बनाकर पुलिस को सौंपा है, जिसमें युवक तोड़फोड़ करता हुआ साफ नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि वाइन शॉप के मैनेजर से बहस के बाद युवक ने बखेड़ा खड़ा किया। खारघर को पहले नो लिकर जोन के रूप में जाना जाता था। इसे लेकर कई बार आंदोलन भी हुए हैं।

> शराब से हिंसा बढ़ती है। सरकार ने समय रहते कदम उठाए होते, तो ऐसी घटनाएं नहीं होतीं।
> -संजय जाधव, याचिकाकर्ता, अल्कोहल मुक्त खारघर

> जबसे शराब की दुकानें खुल गई हैं। रात में घर से निकलने में डर लगता है।
> -रेनू पांडे, शराब विरोधी आंदोलनकारी

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: cci Time: 12-28-2025 22:39 Color:



# उम्मीदों की आस लिए आ रहा है नया साल

तारीखों की कलम से वक्त की स्याही रोजाना नई इबारत लिखती है। साल 2025 जाने को है, नया साल 2026 आने को है। नए साल में नक्षत्रों की बदलती चाल वक्त की स्याही से फिर कुछ नया लिखवाने को है। काल के कपाल की बुनावट में गहरा छिपा भविष्य उजागर होने को है। वक्त की स्याही को भविष्य की इबारत लिखने से पहले इसे ज्योतिष की कसौटी पर कस रहे हैं सद्गुरुश्री दयाल (डॉ. स्वामी आनंदजी)





AI Image

## नए कारनामों का होगा सूत्रपात

**मेष**

**नववर्ष वर्ष के आरंभ** में आपकी राशि का अधिपति और मनोबल ज्ञान का प्रदाता मंगल, धनु में धन सजाएगा, नया राग गाएगा, आपको बल देगा, संबल देगा, पर दिमाग में गरम करेगा। मीन राशि में गतिमान शनि नए-नए कारनामे का सूत्रपात करेगा। विदेश यात्राओं और विदेशी मामलों में भी जेब हल्की होगी। स्वर्ण पाद पर एकादश राहु कुंभ में और पंचम केतु सिंह में आगे बढ़ेंगे, जेब गरम करेंगे। मन उदास होगा। स्वर्णपाद का बृहस्पति कर्क राशि में बैठकर अभ्यर्थना करेगा, और कष्ट कमी की प्रार्थना करेगा। 4 दिसंबर को रजतपाद का तृतीय गुरु वक्री होकर जब मिथुन में प्रविष्ट होंगे, अध्यक्षन करेंगे। स्वास्थ्य नरम रहेगा। 1 जून, 2026 को जब गुरु कर्क में वापस जाएगा, लौहचरण के चतुर्थ गुरु कष्ट से सिर चकराएगा। वाहन और संपत्ति से जुड़ी उलझनें मन की शांति को छिन्न-भिन्न करेंगी। 31 अक्टूबर को ताम्रपाद के पंचम गुरु जब सिंह में जाएंगे, भाग्य को सत्ता मिलाने लगाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेगा। कुल मिलाकर वर्ष 2026 मेष राशि के लिए आत्मसंयम और साहस का संयुक्त अध्याय है। यह वर्ष मेष को योद्धा से साधक बनने की ओर ले जाएगा, जहां विजय बाहरी नहीं, भीतर की होगी।

- **पढ़ाई-लिखाई:** अध्ययन में दुविधाएं होंगी। परीक्षाओं के परिणाम सामान्य से संतोषजनक रहने के संकेत हैं। उच्च शिक्षा से जुड़े प्रयास सकारात्मक होंगे।
- **काम-धंधा:** करियर में प्रगति होगी, पर धैर्य की कसौटी पर। कला, संगीत, लेखन अथवा सृजनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को अधिकाधिक विशेष अवसर छोड़ेंगे। व्यवसाय में दूरदर्शिता जरूरी है।
- **अपने-पराए:** संबंधों में परिपक्वता आएगी, अहं घटेगा, समझ बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कहानुमी से बचें।
- **अर्थ-गणित:** आर्थिक पक्ष आरंभ में अस्थिर, किंतु उत्तरार्ध में संतुलित और सुदृढ़ होगा। कर्ज से दूरी बनाए रखें।
- **सेहत का हाल-चाल:** स्वास्थ्य में मानसिक दबाव, थकान और नेत्र-विकार पर सावधानी आवश्यक है। महिलाओं को गर्भाशय से जुड़ी समस्या परेशान करेगी। छोटी मोटी दुर्घटना संभव है। सकारात्मक दृष्टिकोण से ही स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार संभव हो सकेगा।
- **उपाय:** लाल वस्तुओं का दान, गुड़ का जल प्रवाह और क्रोध पर अंकुश इस साल मेष की ऊर्जा को साहस में बदल देंगे।
- **शुभ संकेत:** रंग: गहरा लाल। अंक: 1, 2, 9. ग्रह: बृहस्पति, सूर्य। दिशा: दक्षिण।


## देवेंद्र फडणवीस : 2026 सत्ता, संयम और संकल्प का वर्ष



**राजनीति के लंबे** आकाश में कुछ बरस महज गुजरते नहीं, वे किसी-किसी को तपा कर उसके व्यक्तित्व की परीक्षा भी लेते हैं। देवेंद्र फडणवीस के लिए वर्ष 2026 ऐसा ही एक कालखंड बनता दिखाई देता है, जहां सत्ता केवल अधिकार नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व बनकर उनसे आंख से आंख मिलाएगी।

यह साल उनसे शब्दों की नहीं, कर्म की भाषा में बात करेगा। प्रशासनिक निर्णयों में वह बेहद स्पष्ट रहेंगे। सबकी परवाह करते हुए भी मुक्तचैनी करने वालों से बेपरवाह। उनके हर फैसले को जनता अपनी निगाह से परखेगी और इतिहास भी वक्त की कसौटी पर कसेगा। वर्ष का आरंभ अपेक्षाकृत संयमित रहेगा, पुरानी नीतियों और प्रशासनिक परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन, व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण और अधूरी योजनाओं को पूर्णता देने की चेष्टा प्रमुख रहेगी। इस समय वह शोर शराबे से दूर रहकर दांव मजबूत करने का प्रयास करेंगे, लेकिन उन्हें भीतरघात का भी सामना करना पड़ेगा। चुनावों के परिणाम उनकी दूरगामी भूमिका तय करेंगे। राजनैतिक मित्रों की हरकतें बेचैन करेंगी। पर यही सावधानी भी आवश्यक है; अति-आत्मविश्वास और जल्दबाजी विरोध को जन्म देगी। 2026 का संदेश स्पष्ट है, स्थिरता ही शक्ति है। वर्ष के उत्तरार्ध में दबाव बढ़ेगा। अपने प्रयास करेंगे। पुराने प्रश्न, राजनैतिक आलोचनाएं और भीतर से समठनात्मक कसावट की मांग उभरेगी। 2026 देवेंद्र फडणवीस के लिए सत्ता साधने का नहीं, उसे अर्थ देने का वर्ष है, जहां राजनीति से अधिक उनके प्रशासनिक कदम बोलेंगे।

## अक्षय खन्ना : 2026 मौन-परिपक्वता और सधी वापसी



साल 2026 अक्षय खन्ना के रचनात्मक जीवन में मौन-परिपक्वता और सधी हुई वापसी का वर्ष बनकर उभरता दिखाई देता है। यह समय शोर से दूर, चयन की सूक्ष्मता और अभिनय की गहराई को तराशने का संकेत देता है। वर्ष के आरंभिक महीनों में आत्ममंथन प्रबल रहेगा। जो अवसर ठहर कर चुने जाएंगे, वे दीर्घकालीन प्रभाव छोड़ सकते हैं। मध्य वर्ष के बाद स्थितियां अनुकूल रंग पकड़ेंगी। अनुभव की परतें अभिनय में और स्पष्ट झलकेंगी; संवादों से अधिक नजर और मौन बोलते दिखाई देंगे। यह समय चरित्रप्रधान भूमिकाओं, सशक्त पटकथाओं और सीमित परंतु अर्थपूर्ण उपस्थितियों के लिए उपयुक्त है। सहयोगियों और निर्देशकों के साथ विश्वास का रिश्ता मजबूत होगा। वर्ष का उत्तरार्ध प्रतिष्ठा को स्थिर करेगा। निजी जीवन में भी सादगी और संतुलन प्राथमिकता रहेगी; स्वास्थ्य और दिनचर्या पर सजगता रचनात्मक ऊर्जा को बनाए रखेगी। 2026 अक्षय खन्ना के लिए सुर्खियों का नहीं, बल्कि स्थायी छाप का वर्ष है।

## अनंत अंबानी : 2026 संयम एवं दीर्घकालिक दृष्टि का वर्ष



साल 2026 अनंत अंबानी के जीवन में संयम, परिपक्वता और दीर्घकालीन दृष्टि का वर्ष बनकर सामने आएगा। वर्ष का आरंभ अपेक्षाकृत शांत किंतु विचारप्रधान रहेगा, जहां हर कदम तौलकर रखने की आवश्यकता होगी। जल्दबाजी के स्थान पर सुव्यवस्थित योजना और अनुशासन ही लाभदायक सिद्ध होंगे।

मध्य वर्ष के बाद सकारात्मक परिवर्तन दिखेगा। नेतृत्व-क्षमता निखरेगी और संस्थागत दायित्वों में विस्तार होगा। उनका व्यक्तित्व पितृ छाया से बाहर दस्तक देगा। यह चरण विश्वास, प्रतिष्ठा और सहयोग को मजबूत करेगा। सामाजिक सरोकार, परोपकार और दीर्घकालीन परियोजनाएं इस समय विशेष अर्थ ग्रहण करेंगी। कार्यक्षेत्र में ऐसे निर्णय लिए जाएंगे, जो केवल वर्तमान नहीं, बल्कि भविष्य की नींव रहेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। वर्ष का उत्तरार्ध दिशा-संशोधन का है। 2026 अनंत अंबानी के लिए तेज उपलब्धियों का नहीं, बल्कि स्थायी निर्माण और परिपक्व नेतृत्व का वर्ष है।

## चुनौतियों पर अनुभव होगा भारी

**मिथुन**

**वर्षारंभ में राशि** स्वामी बुध धनु राशि में गतिशील है, वह जिंदगी के सफहे पर चुनौतियों का सूत्रपात करेगा और अनुभवों की छेनी हथौड़ी से आपके अधरों पर लंबे समय तक रहने वाली मुस्कान गढ़ेगा। स्वर्ण पाद का दसवां शनि मीन में है, जो नैतिक मार्ग से भटकाता है, किसी शॉर्ट कट या इधर-उधर के प्रपंचों से लाभ दिलाता है। साथ ही किसी नए हुनर से फायदा कराता है। लौह चरण का नवम राहु कुंभ में और तृतीय केतु सिंह में बैठ कर नए नए गुण से ओतप्रोत करेगा, कई पुरानी समस्याओं से मुक्ति का कारक बनेगा। मौलिक विचारों और मानसिक क्षमता से आपकी जयजयकार होगी। लौह पाद के प्रथम गुरु वक्री गुरु मिथुन में हैं, चुनौतियों का पहाड़ लगाएंगे। आपके धैर्य की परीक्षा होगी। संतान के शिक्षा की शिक्षा में विघ्न से अंतर्मन उदास होगा। 1 जून को गुरु जब कर्क में कदम धरेगा, स्वर्ण चरण का दूसरा गुरु अर्थ लाभ देगा। 21 अक्टूबर को जब गुरु सिंह में चरण धरेंगे, स्वर्ण चरण के तृतीय गुरु शारीरिक शक्ति में कमी करेंगे। कुल मिलाकर वर्ष 2026 मिथुन राशि के लिए विचारों की उड़ान और निर्णयों की परीक्षा का वर्ष है। यह वर्ष मिथुन को बताएगा कि सच्ची चतुराई बिखराव में नहीं, संतुलन में होती है।

- **पढ़ाई-लिखाई:** शिक्षा और परीक्षा के लिए साल अच्छा है। प्रतियोगिता में तनाव के बाद हर्ष के संकेत मिल रहे हैं।
- **काम धंधा:** करियर में नए अवसर अचानक दस्तक देंगे; लेखन, संचार, व्यापार और तकनीक से जुड़े लोगों के लिए यह वर्ष विशेष चमक लाएगा। साल के उत्तरार्ध में कारोबार में चुनौतियां पेश आएंगी।
- **अपने पराए:** जीवनसाथी का अविश्वास मन उदास करेगा। संबंधों में आकर्षण बढ़ेगा। कोई पुराना रिश्ता पुनः सुधरेगा।
- **अर्थ गणित:** आर्थिक स्थिति चंचल रहेगी, पर समझदारी से किया गया नियोजन लाभ देगा। शेयर बाजार में सतर्क निवेश से धनलाभ संभव है।
- **सेहत का हाल चाल:** मानसिक थकान और अनिद्रा से बचने के लिए अनुशासन आवश्यक होगा। मधुमेह, उच्च रक्तचाप की समस्या के साथ पैरों और पीठ दर्द परेशान करेगा।
- **उपाय:** बुधवार को गणपति स्मरण, इंद्रियों पर नियंत्रण का प्रयास, हरे रंग का दान और मौन का अभ्यास, बिखर रही आंतरिक क्षमता को एकाग्र करेगा।
- **शुभ संकेत:** रंग: हरा, लाल। अंक: 1, 4, 5. ग्रह: सूर्य, बुध। दिशा: पश्चिम।

## उलझनों के बीच गुनगुनाएंगे गीत

**वृष**

**नव वर्ष के आगाज** पर राशि स्वामी शुक्र धनु राशि में गतिशील है जो अनोखे ज्ञान और मान से जीवन की चादर पर अनोखी बुनावट करता है, नए रंग भरता है। शनि गुरु की राशि मीन में विराज कर स्वयं को महागुरु समझ रहे हैं, नई माया रच रहे हैं। लौहपाद का एकादश शनि आपके ऊपर कवच बनाएगा, आर्थिक झमेलों से बचाएगा और कर्ज के तनाव से सुकून दिलाएगा। रजतपाद का दशम राहु मीन और चतुर्थ केतु सिंह में अचानक जेब भारी करेगा। कारोबार में विस्तार होगा। रजत चरण का तृतीय बृहस्पति कर्क राशि में दैहिक पीड़ा देगा। कानूनी उलझन बढ़ सकती है और प्रतिष्ठा पर सवाल उठ सकते हैं। 4 दिसंबर को स्वर्ण पाद का द्वितीय गुरु जब वक्री होकर मिथुन राशि में चरण रखेंगे, जेब से खनखनाहट की आवाज आएगी। 1 जून को गुरु कर्क में जाएंगे, ताम्रचरण का तीसरा गुरु कंधे और हाथ दुखाएंगे। 31 अक्टूबर को गुरु सिंह में जाएंगे, भूमि, भवन और वाहन से कष्ट पहुंचाएगा। विरोधी माथे पर तनाव की बूंद बनके छलछलाएंगे और बाद में भाप बनकर खुद हवा हो जाएंगे। कुल मिलाकर वर्ष 2026 वृष राशि के लिए धीमी चाल से रचे जाने वाले चमत्कारों का वर्ष है। यह वर्ष वृष को सिखाएगा कि ठहराव ही कई बार सबसे सुंदर गति होता है।

- **पढ़ाई-लिखाई:** पढ़ाई-लिखाई के लिए यह वर्ष अहम रहेगा। परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा की परिस्थितियां अनुकूल बनेंगी।
- **काम-धंधा:** कर्मक्षेत्र में परिश्रम की नींव पर सफलता की इमारत खड़ी होगी। करियर में मानसिक अंतर्द्वंद्व प्रकट होगा। नए अनुबंध से प्रचंड लाभ होगा।
- **अपने-पराए:** रिश्तों में अपनापन गहराएगा। दांपत्य जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। बहन की भूल संबंधों पर असर डालेगी। नकारात्मक टिप्पणी से रिश्तों की गर्माहट कम होगी।
- **अर्थ-गणित:** धन का प्रवाह संतुलित रहेगा, पर लालच नहीं, समझ लाभ देगी। नए निवेश में लाभ होगा, पर अल्पकालिक ट्रेडिंग से बचें। कारोबार में आकस्मिक घाटे या चोरी के कारण आर्थिक क्षति की संभावना है।
- **सेहत का हाल-चाल:** कंठ, गर्दन में कष्ट होगा। थकान बढ़ेगी। शुगर की समस्या, यौन-विकार और मन में संशय है। उदासी से स्वास्थ्य प्रभावित होगा।
- **उपाय:** शुक्रवार को श्वेत वस्तुओं का दान, कृतज्ञता और भोग-विलास में संयम, वृष के जीवन में इस बरस संतुलन और समृद्धि लाएगा।
- **शुभ संकेत:** रंग: लाल, हरा। अंक: 1, 2, 6. ग्रह: सूर्य, शुक्र। दिशा: पश्चिम।

## मन, वचन और कर्म की सुनें

**कर्क**

**वर्षारंभ पर राशिस्वामी** चंद्रमा वृष में गतिशील होकर सुख की दास्तान लिखेगा। ताम्र चरण का नवम शनि मीन राशि में कदम बढ़ाएगा एवं आशा का दीप जलाएगा। ताम्र चरण का अष्टम राहु कुंभ और द्वितीय केतु सिंह में बैठ कर आंखें दिखा रहे हैं, आपकी राशि के प्रौढ़ लोगों की सेहत में पलीता लगा रहा है। स्वर्ण पाद का द्वादश गुरु वक्री होकर मिथुन साजिश कर रहे हैं, जहां वे जीवन की राह में कंटक बो रहे हैं। 1 जून को गुरु कर्क में जाएगा, रजत पाद का प्रथम गुरु मानसिक झमेलों का कारक बनेगा। 31 अक्टूबर को गुरु सिंह में जाएगा, लौह पाद का दूसरा गुरु अर्थ लाभ कराएगा। कर्क राशि वालों के लिए वर्ष 2026 एक अंतर्मुखी परंतु फलदायी यात्रा का संकेत दे रहे हैं। यह वर्ष भावनाओं की गहराई को समझने और उन्हें संतुलित करने की ताकीद करेगा। ध्यान, प्रकृति और आत्मसंवाद कर्क राशि वालों के लिए 2026 को सार्थक बना देंगे। किसी व्यर्थ के आरोप से पीड़ा होगी। किसी बिगड़े संबंध की मरहम पट्टी की गुंजाइश प्रस्फुटित होगी। आंतरिक खूबियों से आपका रसूख बढ़ेगा। प्रतिष्ठा का सितारा फलक चढ़ेगा। आला बरस जिंदगी के कैनवास पर बौद्धिक चातुर्य और जुगाड़ के रंग से सफलता के नए चित्र उकेरेगा। भाग्य साथ देगा।


- **पढ़ाई-लिखाई:** पढ़ाई से मन उचटेगा। परीक्षा परिणाम से तनाव मिलेगा। शिक्षा से जुड़े रुके काम में गति से हर्ष होगा।
- **काम धंधा:** करियर में स्थिरता बनी रहेगी, प्रगति धीमी किंतु सुनिश्चित होगी। धैर्य और निरंतर प्रयास से वर्ष के उत्तरार्ध में शुभ परिणाम मिलेंगे। जॉब में स्थान परिवर्तन की संभावना है।
- **अपने पराए:** पारिवारिक जीवन में स्नेह और जिम्मेदारियों का संतुलन साधना पड़ेगा। संबंधों में भावुकता के साथ व्यवहारिक समझ आवश्यक रहेगी। किसी का अप्रतिम सहयोग आत्मिक सुख देगा।
- **सेहत का हाल चाल:** स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ेगा। त्वचा संबंधी विकार और कोई छोटी या बड़ी शल्य चिकित्सा मुमकिन है। स्वास्थ्य की दृष्टि से मानसिक शांति सबसे बड़ी औषधि बनेगी।
- **अर्थ गणित:** आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष संयम का संदेश देता है। आय के स्रोत स्थिर रहेंगे, अनावश्यक व्यय से बचें। कर्ज न लें, अन्यथा रातों की नींद महबूब की जुदाई से अधिक गम देगी।
- **उपाय:** श्वेत गाय की सेवा, शिव-स्मरण, जल और चंद्र से जुड़ाव, मन को शांति और आत्मबल को धार देगा।
- **शुभ संकेत:** रंग: लाल, पीला। अंक: 1,3, 9. ग्रह: सूर्य, बृहस्पति। दिशा: उत्तर-पूर्व।

## साल 2026 में बनेगा रवि पुष्य और गुरु पुष्य योग: वर्ष भर रहेगा शुभ संयोग

- वर्ष 2026 में पुष्य नक्षत्र के साथ सूर्य और गुरु के विशेष संयोग कई बार बनेंगे, जिन्हें ज्योतिष में सर्वसिद्ध माना गया है। ये योग नए कार्यों, निवेश, दीर्घकालिक निर्णयों, शुभ संकल्पों के अनुकूल होते हैं।
- रवि पुष्य योग रविवार और पुष्य नक्षत्र के मेल से बनता है। वर्ष 2026 में यह योग 6 बार बनेगा। इसके प्रमुख अवसर 4 जनवरी, 1 फरवरी, 1 मार्च, 4 अक्टूबर, 1 नवंबर और 29 नवंबर को रहेंगे।
- वहीं गुरु पुष्य योग, जो गुरुवार और पुष्य नक्षत्र के संयोग से बनता है, 2026 में 3 बार बनेगा। यह योग 23 अप्रैल, 21 मई और 18 जून को बनेगा। गुरु पुष्य योग को धन, ज्ञान, स्थिरता, दीर्घकालिक सफलता का कारक माना जाता है।
- कुल मिलाकर, 2026 में रवि पुष्य और गुरु पुष्य योग ऐसे समय-संकेत दे रहे हैं, जो यह बताते हैं कि चुनौतीपूर्ण वातावरण के बीच भी विवेक, धैर्य और सही निर्णय से स्थायी लाभ की नींव रखी जा सकती है।

## मुंबई/ मेगा मुंबई

# IIT बॉम्बे में एलुमनी का पावर शो, 50 करोड़ का कमिटमेंट



AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में एलुमनी-डे सिर्फ एक रीयूनियन नहीं, बल्कि पावर स्टेटमेंट बन गया। कैंपस में जुटे पूर्व छात्रों ने दिखा दिया कि संस्थान की असली ताकत उसकी एलुमनी है। कार्यक्रम में पांच पूर्व छात्रों को डिस्टिंग्विश्ड सर्विस अवॉर्ड और सात को चैप्टर सर्विस अवॉर्ड दिए गए। इन पूर्व छात्रों ने भारत और विदेशों में रहकर भी आईआईटी बॉम्बे से अपना नाता मजबूत बनाए रखा है। सबसे बड़ा आकर्षण सिल्वर जुबली बैच (वर्ष 2000 बैच) का 50 करोड़ रुपये देने का संकल्प रहा।

आईआईटी बॉम्बे के निदेशक प्रो. शिरीष केदारे ने कहा कि पूर्व छात्र न केवल आर्थिक सहयोग कर रहे हैं, बल्कि अपने अनुभव और उद्योग से जुड़े नेटवर्क के जरिए छात्रों को आगे बढ़ने का रास्ता भी दिखा रहे हैं। इस अवसर पर उद्यमी कनवल रेखी की पुस्तक लॉन्च हुआ। इसमें आईआईटी बॉम्बे से सिलिकॉन वैली तक की उनकी प्रेरक यात्रा की कहानी है। किरात पटेल को एलुमनी असोसिएशन का पहला चेयरमैन एमेरिटस बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी बॉम्बे के वार्षिक फंडरेजिंग अभियान 'गो-आईआईटी बॉम्बे' की भी शुरुआत की गई, जिसका मकसद अधिक से अधिक पूर्व छात्रों को संस्थान से जोड़ना और सामूहिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### एलुमनी होते हैं शैक्षणिक संस्थान के असली पूंजी

मौजूदा दौर में सरकारी फंडिंग और शैक्षणिक संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में एलुमनी सपोर्ट संस्थानों के लिए लाइफलाइन बन रहा है। आईआईटी बॉम्बे का मॉडल यह दिखाता है कि कैसे पूर्व छात्र रिसर्च, स्टार्टअप्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टूडेंट डिवेलपमेंट को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। यह भी अहम है कि यह सहयोग केवल पैसे तक सीमित नहीं है- मेंटॉरशिप, इंडस्ट्री कनेक्शन और ग्लोबल एक्सपोजर आज के छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं।

## व्रत त्योहार

आचार्य बाल कृष्ण मिश्र

29 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक

**29 दिसंबर, सोमवार**

■ **साम्ब दशमी:** पौष के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को साम्ब दशमी पर्व मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से उड़ीसा में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन देवी अंबा की विशेष पूजा- अर्चना की जाती है। मान्यता है कि इस पूजा से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**30 दिसंबर, मंगलवार**

■ **पुत्रदा एकादशी व्रत:** हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह के शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार संतान की इच्छा रखने वाले दंपतियों और संतान के कल्याण की कामना करने वालों के लिए यह व्रत अत्यंत फलदायी माना गया है। इस दिन चावल का सेवन वर्जित होता है।

**31 दिसंबर, बुधवार**

■ **कूर्म द्वादशी व्रत:** पौष मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को कूर्म द्वादशी व्रत किया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के कूर्म अवतार की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि कूर्म स्वरूप में विष्णु भगवान की आराधना करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

**1 जनवरी, गुरुवार**

■ **आंग्ल नव वर्ष, गुरु प्रदोष व्रत:** इस दिन से आंग्ल नववर्ष का शुभारंभ हो रहा है। इस दिन गुरु प्रदोष व्रत भी पड़ रहा है। गुरुवार के दिन प्रदोष व्रत करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से शत्रुओं से मुक्ति मिलती है।

**2 जनवरी, शुक्रवार**

■ **पूर्णिमा व्रत:** हिंदू पंचांग के अनुसार पौष के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर पूर्णिमा व्रत किया जाएगा। जिन जातकों की कुंडली में चंद्र दोष होता है, उनके लिए यह व्रत विशेष लाभकारी माना जाता है। सायंकाल चंद्रोदय के समय चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है।

**3 जनवरी, शनिवार**

■ **शाकंभरी जयंती:** पौष मास की पूर्णिमा तिथि को शाकम्भरी जयंती मनाई जाती है। शास्त्रों के अनुसार देवी शाकंभरी का अवतार प्रकृति और भक्तों के कल्याण के लिए हुआ था। इस दिन का व्रत विशेष महत्व रखता है। संयोग से इस दिन से ही प्रयागराज में माघ मास के अंतर्गत कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्रत, नियम और यज्ञ का शुभारंभ भी हो जाएगा।

## कांदिवली में पांचवें दिन गूंजा आत्मोद्धार का संदेश

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** कांदिवली (पूर्व) के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मैदान में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ के पांचवें दिन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानन्द तीर्थ महाराज ने बताया कि भागवत धार्मिक अनुष्ठान के साथ जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। कथा-श्रवण से मन शुद्ध होता है और आत्मिक बल मिलता है।

भागवत कथा से मन की शुद्धि और जीवन का मार्गदर्शन

महाराज ने तुलसीदास जी के दोहों का उल्लेख करते हुए बताया कि सत्संग से ज्ञान और वैराग्य का जन्म होता है। भागवत महापुराण के श्लोकों का संदर्भ देते हुए महाराज ने कहा कि निरंतर भागवत-सेवन से भगवान में अटूट भक्ति उत्पन्न होती है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से संदेश देते हुए कहा कि आज जानकारी तो बहुत है, लेकिन आत्मिक ज्ञान की कमी है।

## भिवंडी: सुनियोजित विकास पर जोर



■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** भिवंडी को लंबे समय से गंदगी और अव्यवस्थित शहर के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन अब शहर के सुनियोजित विकास के लिए प्रशासन द्वारा शुरू किए जा रहे कार्यों को नागरिकों का पूरा समर्थन मिलेगा। यह जानकारी प्रैक्टिसिंग आर्किटेक्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन के शहर सचिव जावेद आजमी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि हर नागरिक चाहता है कि भिवंडी स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बने। उन्होंने मनपा आयुक्त अनमोल सागर को बधाई दी और स्पष्ट किया कि एसोसिएशन इस परियोजना में मनपा प्रशासन के साथ है। इस दौरान जलाल अंसारी, दुर्गेश कामणकर, के.बी. मलाडे, मंदार लेले और फिरोज शेख सहित कई इंजीनियर उपस्थित थे।

### रिंग रोड निर्माण है जरूरी

**आजमी ने बताया** कि मेट्रो परियोजना सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये दिए जा रहे हैं। भारी वाहनों से हादसों और जाम को देखते हुए रिंग रोड निर्माण की आवश्यकता जताई गई। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित संपत्ति धारकों को उचित मुआवजा और पुनर्वास देने की मांग भी की। साथ ही ई-बस सेवा के साथ पार्किंग और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर जोर दिया गया।


BIGGEST INTERNATIONAL CONSUMER EXPO

Hurry ! Visit Today




FULLY A/C




Electronic Partner: vijay sales 60,000 Sq. Ft. Area of Electronics / Appliances

www.iicfexhibitions.in

Entry by Ticket ₹50

BANDRA KURLA COMPLEX, MMRDA GROUND, NEAR ASIAN HEART HOSPITAL , BKC, BANDRA

DAILY TIMINGS : Sat. Sun. & Holidays 11 am to 9.30 pm | Weekdays : 1 pm to 9.30 pm

From 23rd DEC 2025 to 5th JAN 2026

FREE ENTRY: Bring this paper Ad & Get 1 Person Entry Free Valid Till 5 pm only on 29th Dec.

All National & Multinational Brands

AN EXPO ON

ELECTRONICS, APPLIANCES, IT, FURNITURES, FURNISHING & INTERIORS, DRESS MATERIALS, HOME TEXTILES, HEALTH &BEAUTY, HANDICRAFTS, AYURVEDIC MEDICINE, AUTOMOBILES, FOOT WEARS, BEDSHEET BEDCOVER, ARTIFICIAL JEWELLERY, KIDS BOOK & TOYS, FOOD COURT & MANY MORE.....

Get upto 70% Off on selected Items @ vijay sales Electronics / Appliances

- Buy Brother Sewing Machine & Get Free attachment + upto 30% off
- Up to 60% off on Interior Style Furniture
- Up to 50% off @ Wrought Iron Furniture
- Buy Massage chair & Get Leg Massager Free worth Rs. 20,000/-
- By Sleepsure Mattress & Get Pillow + Bed Sheet Free
- Buy Singer Machine & get Sewing Kit Free + Exchange Offer



+91 7387779275

WORLD CLASS FAMILY SHOPPING EXPERIENCE

CCI NO 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: ccl Time: 12-28-2025 23:07 Color:



# इस साल क्या बदलेगा, 26 नामी एक्सपर्ट्स के जवाब




**सरहदों की खटास और गिरते-संभलते बाजार के बीच गुजरा बीता साल, अब 2026 के वेलकम के साथ देश की नई तस्वीर का करने खाका तैयार, हम उम्मीदों के 26 सवाल लेकर पहुंचे अलग-अलग क्षेत्रों के जानकारों के पास, उनके जवाबों से आइये जानें कि अपने पिटारे में ये बरस क्या लेकर आ रहा है खास:**



## 1 क्या भारत 2026 में ग्लोबल साउथ के देशों की बुलंद आवाज बन पाएगा?

## 2 भारत क्या चीन के साथ अपने रिश्तों का कोई स्थायी न्यू नॉर्मल ढूंढ पाएगा?



## 3 क्या डेटा सुरक्षा कानून लोगों की प्राइवेसी का 'सुरक्षा कवच' बन पाएगा?

## 4 कई शहरों में पानी खत्म होने का खतरा है। इस पर क्या मास्टर प्लान?

## 5 रूस-यूक्रेन और मध्य-पूर्व के बाद क्या 2026 में युद्ध साइबर, स्पेस और AI वाला होगा? भारत कितना तैयार है?

## 6 क्या भारत 2026–27 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनेगा? आम लोगों की कमाई तक कितना फायदा पहुंचेगा?

## 7 क्या 'चाइना प्लस वन' रणनीति का फायदा भारत उठा पाएगा या वियतनाम और मैक्सिको बाजी मार ले जाएंगे?

## 8 एंटीबायोटिक दवाओं के बेअसर होने का खतरा भारत में अधिक है। क्या इसका तोड़ निकलेगा?

## 9 क्या BJP बंगाल का किला फतेह करने में कामयाब हो पाएगी? या वहां की सियासत चुनौती बनी रहेगी?



## 10 क्या प्रदूषण का हल निकलेगा? क्या मुंबईकर साफ हवा में सांस ले पाएंगे?

## 11 गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की तैयारी में 2026 कितना अहम है?

## 12 जीन थेरेपी, जीन एडिटिंग इतनी सुरक्षित-सस्ती होगी कि दिल की बीमारी-डायबिटीज जैसे रोगों का इलाज बन सके?

## 13 नई शिक्षा नीति के 6 साल बाद 2026 में क्या रट्टा मारना खत्म कर बच्चों में सोचने की समझ पैदा कर पाएगी?

## 14 क्या लीग क्रिकेट के असर से टेस्ट-वनडे सिमट जाएंगे और खिलाड़ी सिर्फ फ्रेंचाइजी के होकर रह जाएंगे?



## 15 ओलिंपिक्स की मेजबानी की दावेदारी भारत पेश करेगा, क्या इन्फ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त होगा?

## 16 2026 तक खान तिकड़ी और बड़े स्टार 60 पार कर जाएंगे, क्या बॉलिवुड नया पैन-इंडिया स्टार बना पाएगा या सिर्फ कॉन्टेंट चलेगा?

## 17 AI स्क्रिप्ट-म्यूजिक बना सकता है, तो लेखकों-कलाकारों के रोजगार का क्या होगा, क्या सिंथेटिक सिनेमा की ओर जा रहे हैं?

## 18 इन्फ्लुएंसर्स, यू-ट्यूबर्स फिल्मों में आ रहे हैं, क्या 'एक्टिंग टैलेंट' और 'सोशल मीडिया फॉलोअर्स' के बीच की लाइन मिट जाएगी?

## 19 जब तापमान 50 डिग्री को छूने लगेगा, तो भारत की श्रम शक्ति की सेहत और क्षमता को बचाने का क्या रास्ता है?

## 20 क्या भारत अपनी युवा आबादी से दुनिया का HR कैपिटल बन पाएगा?

## 21 ई-स्पोर्ट्स एशियन गेम्स में इवेंट होगा, क्या भारत गेमिंग को करियर मानेगा?

## 22 डीपफेक से चुनावों पर क्या असर और इससे निपटने के लिए क्या है हल?

## 23 AI के दौर में भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके क्या होंगे?

## 24 क्या भारत खुद का मजबूत AI इन्फ्रास्ट्रक्चर बना पाएगा या हम डेटा के लिए विदेशी कंपनियों पर ही निर्भर रहेंगे?

## 25 इलेक्ट्रिक व्हीकल और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में भारत की इस साल कितनी बदलेगी तस्वीर?

## 26 सोशल मीडिया-डिजिटल लत से गिरती मेंटल हेल्थ से जेनरेशन अल्फा और Gen-Z को बचाने की क्या तैयारी है?

# इस साल क्या बदलेगा, 26 नामी एक्सपर्ट्स के जवाब




**सरहदों की खटास और गिरते-संभलते बाज़ार के बीच गुजरा बीता साल, अब 2026 के वेलकम के साथ देश की नई तस्वीर का करने खाका तैयार, हम उम्मीदों के 26 सवाल लेकर पहुंचे अलग-अलग क्षेत्रों के जानकारों के पास, उनके जवाबों से आइये जानें कि अपने पिटारे में ये बरस क्या लेकर आ रहा है खास:**

## 1 क्या भारत 2026 में ग्लोबल साउथ के देशों की बुलंद आवाज़ बन पाएगा?

शशांक, इंटरनैशनल मामलों के जानकार

भारत की विदेश नीति ने हमेशा ऐसी राह पकड़ी जो कि ना सिर्फ उसके हितों बल्कि दूसरे विकासशील देशों की साझा प्राथमिकताओं को भी रेखांकित करती रही है। अतीत में गुटनिरपेक्ष आंदोलन से लेकर 77 समूह में हमारी भागीदारी इसकी गवाह रही है। भारत उपनिवेशवाद से पीड़ित रहा है और दूसरे ऐसे विकासशील देशों के संघर्षों को समझता है। इसीलिए हम किसी पर अपनी नीतियां थोपते नहीं हैं। ग्लोबल साउथ के देशों से भारत हमेशा यही कहता है कि वो अपनी प्राथमिकताएं तय करें। भारत एक मददगार साथी की तरह अपने अनुभव और विशेषज्ञता उनके साथ साझा करेगा। यही वजह है ग्लोबल साउथ के देश भारत जैसे देश के साथ बहुत सहज महसूस करते हैं। लेकिन, भारत कभी भी खुद को ग्लोबल साउथ का अगुवा नहीं कहता है। हम विभिन्न मंचों के जरिए ग्लोबल साउथ की आवाज को आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही दूसरे देशों को भी अपनी आवाज रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम न कोई ध्रुव हैं न किसी किसी ध्रुव की तरह दिखना चाहते, बल्कि यह एक साझा रिश्ता है। जो हमारे साथ और हम उनके साथ सहज साझा प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## 2 भारत क्या चीन के साथ अपने रिश्तों का कोई स्थायी न्यू नॉर्मल ढूंढ पाएगा?



## 3 क्या डेटा सुरक्षा कानून लोगों की प्राइवेसी का 'सुरक्षा कवच' बन पाएगा?

## 4 कई शहरों में पानी खत्म होने का खतरा है। इस पर क्या मास्टर प्लान?

## 5 रूस-यूक्रेन और मध्य-पूर्व के बाद क्या 2026 में युद्ध साइबर, स्पेस और AI वाला होगा? भारत कितना तैयार है?

## 6 क्या भारत 2026–27 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनेगा? आम लोगों की कमाई तक कितना फायदा पहुंचेगा?

## 7 क्या 'चाइना प्लस वन' रणनीति का फायदा भारत उठा पाएगा या वियतनाम और मैक्सिको बाजी मार ले जाएंगे?

## 8 एंटीबायोटिक दवाओं के बेअसर होने का खतरा भारत में अधिक है। क्या इसका तोड़ निकलेगा?

## 9 क्या BJP बंगाल का किला फतेह करने में कामयाब हो पाएगी? या वहां की सियासत चुनौती बनी रहेगी?



## 10 क्या प्रदूषण का हल निकलेगा? क्या मुंबईकर साफ हवा में सांस ले पाएंगे?

## 11 गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की तैयारी में 2026 कितना अहम है?

## 12 जीन थेरेपी, जीन एडिटिंग इतनी सुरक्षित-सस्ती होगी कि दिल की बीमारी-डायबिटीज जैसे रोगों का इलाज बन सकें?

## 13 नई शिक्षा नीति के 6 साल बाद 2026 में क्या रट्टा मारना खत्म कर बच्चों में सोचने की समझ पैदा कर पाएगी?

## 14 क्या लीग क्रिकेट के असर से टेस्ट-वनडे सिमट जाएंगे और खिलाड़ी सिर्फ फ्रेंचाइजी के होकर रह जाएंगे?



## 15 ओलिंपिक्स की मेजबानी की दावेदारी भारत पेश करेगा, क्या इन्फ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त होगा?

## 16 2026 तक खान तिकड़ी और बड़े स्टार 60 पार कर जाएंगे, क्या बॉलिवुड नया पैन-इंडिया स्टार बना पाएगा या सिर्फ कॉन्टेंट चलेगा?



## 17 AI स्क्रिप्ट-म्यूज़िक बना सकता है, तो लेखकों-कलाकारों के रोजगार का क्या होगा, क्या सिंथेटिक सिनेमा की ओर जा रहे हैं?

## 18 इन्फ्लुएंसर्स, यू-ट्यूबर्स फिल्मों में आ रहे हैं, क्या 'एक्टिंग टैलेंट' और 'सोशल मीडिया फॉलोअर्स' के बीच की लाइन मिट जाएगी?

## 19 जब तापमान 50 डिग्री को छूने लगेगा, तो भारत की श्रम शक्ति की सेहत और क्षमता को बचाने का क्या रास्ता है?

## 20 क्या भारत अपनी युवा आबादी से दुनिया का HR कैपिटल बन पाएगा?

## 21 ई-स्पोर्ट्स एशियन गेम्स में इवेंट होगा, क्या भारत गेमिंग को करियर मानेगा?

## 22 डीपफेक से चुनावों पर क्या असर और इससे निपटने के लिए क्या है हल?

## 23 AI के दौर में भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके क्या होंगे?

## 24 क्या भारत खुद का मजबूत AI इन्फ्रास्ट्रक्चर बना पाएगा या हम डेटा के लिए विदेशी कंपनियों पर ही निर्भर रहेंगे?

## 25 इलेक्ट्रिक वीकल और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में भारत की इस साल कितनी बदलेगी तस्वीर?

## 26 सोशल मीडिया-डिजिटल लत से गिरती मेंटल हेल्थ से जेनरेशन अल्फा और Gen-Z को बचाने की क्या तैयारी है?

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 29-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 12-28-2025 23:12 Color:



कहीं भी होने वाला अन्याय, हर जगह न्याय के लिए ख़तरा होता है।
- मार्टिन लूथर किंग जूनियर

# नया क़ानून चाहिए

'मैं भारतीय हूं'... देहरादून में दम तोड़ने वाले त्रिपुरा के एंजेल चकमा के ये आखिरी शब्द हर भारतीय को झकझोरने वाले होने चाहिए। अपनी पहचान से संघर्ष करते हुए एक युवा को जान देनी पड़ी। यह शर्मनाक है कि देश के भीतर देश के ही कुछ हिस्सों के लोगों को भारतीयता पर बार-बार सवाल उठाए जाते हैं।

**आपत्तिजनक कमेंट** । 24 साल के एंजेल पिछले एक साल से देहरादून में रहकर MBA की पढ़ाई कर रहे थे। 9 दिसंबर को वह अपने भाई माइकल के साथ कुछ सामान लेने निकले थे, जब कुछ लड़कों ने उन पर आपत्तिजनक कमेंट्स किए। एंजेल ने जब विरोध किया कि 'हम चीनी नहीं हैं', तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। इस शुक्रवार को एंजेल ने दम तोड़ दिया, जबकि माइकल की हालत गंभीर है। 6 में से 5 आरोपी अरेस्ट हो चुके हैं।


एंजेल चकमा की हत्या

**नस्लीय सोच** । इस घटना से त्रिपुरा और पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों में जबरदस्त गुस्सा है, और यह जायज भी है। अमेरिका, यूरोप या ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों के खिलाफ नस्लभेदी अपराध होने पर जो देश विरोध जताता है, उसके भीतर ही कुछ तबकों में इतनी गहरी और खतरनाक नस्लीय सोच मौजूद है। इसके निशाने पर बार-बार पूर्वोत्तर के लोग आते हैं।

**देश में मुश्किल** । इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (ICSSR) ने 2021 में एक स्टडी के नतीजे जारी किए थे। तब सर्वे में शामिल पूर्वोत्तर के 78% लोगों का मानना था कि उन्हें उनके चेहरे-मोहरे के कारण निशाना बनाया जाता है। यह बताता है कि लोगों में अपने ही देश के बारे में कितनी कम जागरूकता है। दूसरी बात, पूर्वोत्तर के लोगों को देश के कई हिस्सों में कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

**नस्लभेदी कानून** । ऐसी हर घटना के बाद कड़ी कार्रवाई की बात की जाती है, लेकिन सवाल है कि क्या उससे कोई सबक लिया जा रहा? 2014 में दिल्ली में अरुणाचल के छात्र Nido Tania को इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई - वहां से अभी तक, क्या कोई बदलाव आया है? एंजेल की मौत के बाद कई संगठनों ने नस्लवाद विरोधी कानून की मांग की है, जो बिल्कुल सही है।

**सख्ती जरूरी** । नस्लवाद देश की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि जब भी भारत के किसी शहर में किसी एंजेल के साथ भेदभाव किया जाता है, तो उससे एक बड़े वर्ग की भावनाओं को चोट पहुंचती है। देश को ऐसा कानून चाहिए, जो इन मामलों में आरोपियों के प्रति सख्ती और पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाए।

## नश्तर

# गमलाधर और पागल

अदब, नफासत और नवाबों का शहर लखनऊ इन दिनों गमलों के लिए चर्चा में है। कुछ रोज पहले प्रधानमंत्री शहर आए थे तो विकास प्राधिकरण ने सजावट के लिए गमले रखवा दिए। प्रधानमंत्री गए तो शहर के लोग गमलों पर झपट पड़े और कार, स्कूटी, मोटरसाइकल में रखकर अपने घर ले जाने लगे।


सौरभ श्रीवास्तव

वसंत कुंज इलाके में जब लोग गमले ले जा रहे थे तो मैं भी वहां खड़ा गुस्सा रहा था। मैं मन ही मन इसे चोरी का दर्जा देने ही वाला था कि माल्या, नीरव और मेहुल जैसे देवों ने मुझे रोक लिया। उन्होंने मुझे रोका तो मैंने भी एक गमलाधर को रोक लिया। उसकी जैकेट पर चे-ग्वेरा की तस्वीर थी और स्कूटी के फुट रेस्ट पर तीन गमले। 'चे को मानते हो और चोरी कर रहे हो?' गमलाधर ने पहले अपनी मुस्कुराहट से मुझे मूर्ख तो कह ही दिया, फिर शब्दों में बोला, 'चोरी कहां? यह तो क्रांति है। रेलिंग के गैप से देखिए। शहर की गंदगी नजर आती है। इसे छुपाने के लिए गमले लटका दिए गए। गमले ले जाकर मैं तो असली तस्वीर सामने ला रहा हूं।' उसके इस तर्क से मैं बैकफुट पर आ गया। थोड़ी देर में खुद को संभाला और दूसरे बाइक सवार को रोका। उसके गले में गमछा और आंखों पर काला चश्मा था। बाइक पर पीछे बैठे उसके साथी ने दोनों रानों पर दो-दो गमले टिका रखे थे।



'भाई, गमले चुराकर क्यों अपने शहर को बदनाम कर रहे हो?' गमछे वाले ने स्टाइल से चश्मा उतारा और लगभग सीनाजोरी करते हुए बोला, 'चोरी कैसी...सरकार ने हमारे टैक्स के पैसे से ही तो गमले लगाए हैं, इसलिए हम ले जा रहे।' मेरे पास इस बात का भी कोई जवाब नहीं था। वह फुर्र हो गया। मैं हताश होकर सिर झुकाकर फुटपाथ पर बैठ गया। बगल में बैठे एक पागल ने चिल्लाते हुए कहा, 'स्कूटी और बाइक वाले मौसेरे भाई थे... अभी ट्रेनिंग पर हैं।' यह बात मुझे समझ नहीं आई, पर पागल की बात को क्यों ही समझना।

## एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

# दहेज के विरुद्ध

पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी दोनों भाइयों के कंधों पर आ गई थी। कुछ ही समय बीता था कि मां भी चल बसीं। बड़े भाई की बेटी विवाह योग्य हो चुकी थी। तब कायस्थ परिवारों में लड़कियों की शादी 14-15 वर्ष की उम्र में कर दी जाती थी। बड़े भाई अध्यापक थे, लेकिन उनकी आमदनी इतनी ही थी कि घर का खर्च किसी तरह चल सके। छोटे भाई को मुजफ्फरपुर में प्रोफेसरी मिल गई थी, पर नौकरी को अभी तीन महीने ही हुए थे। जमींदारी से खाने-रहने की सुविधा भले ठीक-ठाक थी, पर नकद धन का अभाव था। इधर बेटी की शादी तय हो चुकी थी। तिलक और दहेज की मोटी रकम का सवाल सामने था। हालांकि जिस लड़के से विवाह तय हुआ था, उसके बड़े भाई कलकत्ता में दोनों भाइयों के साथ पढ़ चुके थे। आखिरकार कर्ज लेकर दहेज की मांग पूरी की गई। दहेज का यह बोझ उठाने वाले बड़े भाई का नाम था महेंद्र प्रसाद और छोटे भाई थे राजेंद्र प्रसाद, जो आगे चलकर देश के पहले राष्ट्रपति बने। इस कर्ज की पीड़ा राजेंद्र प्रसाद को जीवन भर सालती रही। उन्होंने इसे अपनी आत्मकथा में भी दर्ज किया है। आगे चलकर उन्होंने दहेज प्रथा के विरुद्ध सक्रिय अभियान चलाया। उन्होंने एक ऐसे शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 51 रुपये से अधिक दहेज न लेने की प्रतिज्ञा थी।



## विदेशी संस्थागत निवेशकों के पैसा निकालने पर भी डटा रहा भारतीय बाज़ार

# शेयर बाज़ार को संभालने आए देसी

भारतीय शेयर बाजार 2025 में कैसा रहा, इसे समझने के लिए सेंसेक्स और निफ्टी के आंकड़ों के बाहर भी देखना पड़ेगा। इस साल निवेशकों का व्यवहार विभिन्न वर्गों में साफ तौर पर बंटा रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक (FIIs) लगातार बिकवाली करते रहे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (DIIs) ने जमकर खरीदारी की।


समीर रस्तोगी

**MF का सहारा** । इस साल सबसे ज्यादा शोर विदेशी निवेशकों के भारतीय बाजार से बाहर निकलने पर मचा। उनकी पसंद अमेरिका, चीन, जापान और दूसरे देश थे। उन्होंने लगातार पैसा निकाला। यानी वे भारतीय बाजार में ऊंचे वैल्यूएशन से असहज थे। FIIs ने पूरे साल में करीब 1.80 लाख करोड़ के शेयर बेचे। बाजार को अगर MF का सहारा नहीं मिला होता, बड़ी उथल-पुथल देखने को मिलती।।

**बदलती तस्वीर** । 2025 में सबसे बड़ा स्ट्रक्चरल बदलाव यह देखने को मिला कि NSE में सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी के मामले में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने विदेशी संस्थागत निवेशकों को पीछे छोड़ दिया। यह एक ऐतिहासिक घटना है, जो भारतीय निवेशकों के आत्मविश्वास को दिखाती है। 10 साल पहले FIIs की हिस्सेदारी 21% और DIIs की 11% थी। मार्च 2025 में FIIs का प्रतिशत घटकर 17.50 रह गया है, जबकि DIIs का बढ़कर 18.10% पर। घरेलू संस्थागत निवेशक अब ऐसी स्थिति में हैं, जहां उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।





**बाजार का मूड बदला**
- SIP से हर माह आ रहे 29 हजार करोड़ रुपये
- NSE कंपनियों में DIIs की हिस्सेदारी बढ़ी
- लंबी अवधि के निवेश में बढ़ी लोगों की रुचि

**कमजोर और मजबूत** । हर 3 से 5 साल में बाजार की चाल बदलती है और एक नया चक्र शुरू होता है। हर बार जब ऐसा होता है, तो रिटेल ट्रेडर्स का एक बड़ा हिस्सा मोमेंटम के जाल में फंस जाता है। 2025 में भी ऐसा ही हुआ। मीडिया, रियल्टी, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी से जुड़े शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। इसके उलट, जो सेक्टर पहले पिछड़े माने जाते थे, उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया - जैसे फाइनैंशल सर्विसेज, मेटल्स और ऑटो।

**रेलवे में नुकसान** । 2025 में रेलवे से जुड़े शेयरों की वैल्यू लगभग 1.32 लाख करोड़ रुपये घटी। साल 2024 में IRFC रिटेल इन्वेस्टर्स का चहेता था, लेकिन 2025 में यह 17% नीचे गया। इसी तरह से एनर्जी सेक्टर के शेयर भी नीचे आए। Suzlon में 16% और रिलायंस पावर में 14% की गिरावट आई।

2025 के हीरो

**घाटे का इंतजार** । 2025 में 120 से ज्यादा स्टॉक ऐसे रहे, जिनमें 25% से अधिक की गिरावट आई। अगर हम ऐसे स्टॉक्स के 2024 और 2025 के खरीदने-बेचने से जुड़े आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो पता चलता है कि बहुत थोड़े निवेशक सही समय पर मार्केट से निकल पाए। जिन्होंने 2024 में तब पैसा लगाया था, जब शेयर की कीमत ऊंची थी, उनमें से ज्यादातर इसी इंतजार में हैं कि बेचने का सही समय कब आएगा।

**गोल्ड की चांदी** । 2025 ने निवेशकों का व्यवहार बदल दिया। स्मॉल कैप स्टॉक्स के बारे में अभी तक माना जाता था कि इसमें तो मुनाफा होना ही है, रिस्क बहुत कम है। लेकिन, उसका यह रुतबा छिन चुका है। जिन स्टॉक्स में बड़े करेक्शन देखने को मिले, उनमें से ज्यादातर स्मॉल और माइक्रो कैप हैं। तो निवेशकों ने यह सीखा कि मार्केट में धारणाओं के आधार पर नहीं उतरते। फिर, इस समय सिल्वर और गोल्ड के दाम में आश्चर्यजनक तेजी देखने को मिल रही है। इस वजह से लोग धड़ाधड़ पैसा लगा रहे हैं इन दोनों में। अधिकतर निवेशक यही मान रहे हैं कि इससे भविष्य में मुनाफा होना तय है।

**सबसे बड़ी जीत** । अतीत की तुलना में इस बार रिटेल इन्वेस्टर्स ने जबरदस्त धैर्य और साहस दिखाया। साल के शुरुआती तीन महीने अस्थिरता वाले थे। कई स्टॉक में 30 से 50% की गिरावट आई, लेकिन वे इन शेयरों में बने रहे। SIP से आंकड़े बता रहे हैं कि लंबी अवधि के निवेश का ट्रेंड बढ़ रहा है। 2025 का संदेश यही रहा कि भारतीय बाजार को दौड़ने के लिए अब विदेशी पूंजी की जरूरत नहीं है।

*(लेखक सक्षम वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं)*

# नए साल के स्वागत से पहले पुराने की विदाई

भारतीय परंपरा है कि जो चला गया, उसके बारे में बुरा नहीं बोलते। उसके रहते भले कभी न बनी हो, लेकिन जब वह गया, तो बात गई। जो बीता सो भला, भले वह साल ही क्यों न हो। वैसे भी जो साल पूरे सालभर खुद को खपा देता है हमारे लिए, उसकी बुराई बनती नहीं। विदाई मुस्कान के साथ दी जाए, तो जाने वाले का सफर अच्छा रहता है और विदा करने वाले के दिल पर भी बोझ नहीं बचता।

नए साल को आने में अब पूरे तीन दिन भी नहीं बचे हैं। हालांकि उसका शोर पहले ही आ चुका है। 2026 का आगाज कैसे करना है, इसकी तैयारी चल रही है। आपने भी कुछ न कुछ प्लान किया होगा जरूर। लेकिन, इस तैयारी में थोड़ी फुरसत निकालिए 2025 के लिए भी।

पुराना साल बस कैलेंडर नहीं, जिसके सारे पन्ने पलटे जा चुके हैं - यह जीवन का एक चैप्टर है, जो अपने साथ हमारा एक हिस्सा भी ले जा रहा। इसमें उम्मीदें हैं, निराशा है, हार है, जीत है। कुछ अपेक्षाएं, जो पूरी हो गईं और कई ख्वाहिशें जो अधूरी छूट गईं। जो मिला वह आने वाले साल को और खूबसूरत बनाएगा और जो बचा रह गया, उसे पाने का संघर्ष फिर शुरू होगा।

अगर इन सब यादों को बिना देखे, बिना समेटे आगे बढ़ गए तो अपने अनुभवों से मुंह मोड़ना होगा यह। प्रसिद्ध लेखक पाउलो कोएल्हो के मुताबिक, यदि आप अलविदा कहने का साहस रखते हैं, तो जीवन आपको एक नए स्वागत से पुरस्कृत करेगा। यह साहस चाहिए स्वीकार करने के लिए, कि जो हुआ, अच्छा हुआ। पुराना भी कभी नया था, तब उसके लिए भी तैयारियां की जा रही थीं। वक्त ने उससे उसकी चमक छीनी, पर बदले में उसे पहले से ज्यादा काबिल बनाया।

AI Image




**जीवन आनंद**
शैलेंद्र पांडेय

2025 कुछ लेकर नहीं, बहुत कुछ देकर जा रहा है। उसने हमारे लिए हर दिन को बेहतर बनाने की कोशिश की। इसमें कुछ दिन अच्छे नहीं भी बने, लेकिन साल कहीं रुका नहीं और न उसकी कोशिशें रुकीं। हर मुश्किल ने थोड़ा मजबूत बनाया और खुशियों ने संयम सिखाया।

उत्तरी अमेरिका की Anishinaabe और Lakota जैसी मूल जनजातियों में गुडबाय कहने की परंपरा नहीं है। वहां विदा होते हुए भी कहा जाता है - फिर मिलेंगे। मान्यता है कि बिछुड़ना अंतिम नहीं होता - आत्मा और मन के स्तर पर जुड़ाव बना रहता है हमेशा। पुराने साल से 'फिर मिलेंगे' तो कहना बेकार है, लेकिन अब इससे सदा के लिए कनेक्शन जुड़ चुका है। हमारी कोई भी कहानी अधूरी रहेगी इसके बिना।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in


# ईश्वर ने गणित की भाषा में लिखी ब्रह्मांड की कहानी

मयंक मुरारी

वर्ष 2025 बीतने की दहलीज पर है। इस मौके पर समय को गणित के रूप में देखा जा सकता है। समय स्वयं एक प्रवाह है, जो सेकंड, मिनट, वर्ष और युगों में मापा जाता है। लेकिन इसके पीछे भी वही गणितीय अनुशासन है, जो ब्रह्मांड को संचालित करता है।

वैदिक गणित इसी सोच को आगे बढ़ाता है। उसके अनुसार वैदिक सूत्र मात्र गणना के शॉर्टकट नहीं, बल्कि चेतना को जाग्रत करने वाले ज्ञान-स्रोत हैं। ये सूत्र मन की शक्तियों- एकाग्रता, आत्मविश्वास और अंतर्ज्ञान को विकसित करते हैं। यहां गणित एक सहज और दिव्य प्रक्रिया बन जाता है, जहां शून्य को अनंत शक्ति और एक को परम सत्य के रूप में देखा जाता है। शून्य और एक का यह मिलन अनंत संभावनाओं का प्रतीक है, ठीक वैसे ही जैसे हर बीतता वर्ष नए आरंभ का संकेत देता है।

AI Image



गणित और देवत्व के संबंध को समझने वालों का मानना है कि गणित वह भाषा है, जिसमें ईश्वर ने ब्रह्मांड को लिखा है। यहां ईश्वर कोई अलग सत्ता नहीं, बल्कि संपूर्ण अस्तित्व में व्याप्त चेतना है। हर परमाणु में देवत्व गतिशील है। जब पूरा अस्तित्व लय में आता है, तो वह ईश्वर का नृत्य बन जाता है और हम उसके सहभागी हो जाते हैं।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े डॉ. विली सून का 'फाइन-ट्यूनिंग' तर्क इस रहस्य को और गहन करता है। ब्रह्मांड के मूलभूत भौतिक नियम और स्थिरांक (constants) इतने सटीक मानों पर हैं कि उनमें जरा-सा भी परिवर्तन होता, तो तारे नहीं बनते, परमाणु स्थिर नहीं रहते, जीवन की संभावना ही समाप्त हो जाती। उनके अनुसार ब्रह्मांड के भौतिक नियम इतने सटीक संतुलन में हैं कि इसे केवल संयोग नहीं कहा जा सकता।

इलेक्ट्रॉन से लेकर आकाशगंगाओं तक की गणितीय गति को देखते हुए यह विश्वास और गहराता है कि ईश्वर स्वयं को गणित के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। भारतीय सभ्यता की विशेषता भी गणितीय चिंतन की गहराई में मौजूद है।

## कांटे की बात

जो कहते हैं कांग्रेस खत्म हो गई है, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हमारे पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन हमारी रीढ़ अभी भी सीधी है। हमने न संविधान से समझौता किया, न धर्मनिरपेक्षता से और न ही गरीबों के हक से।



मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

# लाल गलियारा नहीं, बस छोटी-सी लकीर बची

*बसवराजु, हिडमा और साल बीतने के पहले पकास हनुमंथु - सुरक्षाबलों ने 2025 में नक्सलियों की टॉप लीडरशिप को लगभग खत्म कर दिया है। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट जैसे अभियानों की वजह से लाल गलियारा सिमट चुका है।*

**डेटा Window**

- **323+** नक्सली मारे गए साल 2025 में
- **862+** गिरफ्तारियां हुईं, 2000+ सरेंडर
- **258** सरेंडर अक्टूबर के 2 दिन में हुए
- **27** नक्सली ढेर ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में




- 11 जिलों में नक्सलवाद बचा है अब, 2014 में 126 जिले प्रभावित थे
- 3 जिले नक्सलवाद से अति प्रभावित, एक दशक पहले 36 था आंकड़ा

*बीजापुर, नारायणपुर और सुकमा हैं नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित। तीनों छत्तीसगढ़ में। अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर इस साल मुक्त हुए।*

**दशक दर दशक बदलाव**
- **53%** कमी आई है नक्सली हिंसा में
- **70%** गिरावट आम लोगों की मौत में
- **73%** कमी सुरक्षाबलों की मौत में


**2004 से 2014 के बीच** : 16,463 नक्सली वारदात हुईं, 1,851 सुरक्षाकर्मी और 4,766 आम लोग मारे गए।
**2014-2024 के दौरान** : 7,744 नक्सली घटनाएं घटीं, 509 जवानों और 1,495 आम लोगों की मौत हुई।

**जनता जंक्शन** इरफान




# टैरिफ़ पर अडिग, आतंक पर सख़्त रहे मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह साल सबसे व्यस्त और सबसे अहम रहा। उन्होंने अफ्रीका, पश्चिम एशिया और यूरोप के 23 देशों तक पहुंच बनाई। कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक संबंध मजबूत किए। मालदीव और अन्य वैश्विक सहयोगियों के साथ संबंधों को प्रगाढ़ किया। खासकर, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ विविधीकृत रणनीतिक साझेदारियों के जरिये इसे पूरा किया। भारत और चीन के बीच भी संबंध स्थिर हुए।


सुजान चिनॉय

**ट्रंप टैरिफ पर अडिग** । वैश्विक व्यापार में अस्थिरता के बीच पीएम मोदी का अंतरराष्ट्रीय कद काफी बढ़ गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ युद्ध के सामने अन्य देश झुक गए, मगर मोदी का संकल्प अटल रहा। भारतीय किसानों और छोटे कारोबारियों के बुनियादी हितों की रक्षा कर उनके राष्ट्र प्रथम नजरिये ने बता दिया कि भारत को असमान व्यापार व्यवस्था स्वीकार करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

**तेजी से बढ़ी अर्थव्यवस्था** । वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए GDP वृद्धि दर करीब 7.3% होने के अनुमान के साथ, दूसरी तिमाही में 8.2% की वास्तविक वृद्धि से भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना है। GST दरों में कमी, उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग, औद्योगिक और विनिर्माण प्रोत्साहन के जरिये अर्थव्यवस्था को गति मिली। इस साल डिजिटल बुनियादी ढांचे, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्र तेजी से उभरे। शांति विधेयक, 2025 ने ऐतिहासिक सुधार को दर्शाया।

**ब्रिक्स में आतंक की निंदा** । अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित किया। पीएम मोदी का यह कहना कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता, आतंकवाद के खिलाफ भारत के शून्य सहिष्णु सिद्धांत को दर्शाता है। जुलाई में ब्रिक्स सम्मेलन में पहली बार जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले की निंदा की गई। SCO शिखर सम्मेलन ने भी कड़ा संदेश दिया।

**29 देशों से मिला सम्मान** । इस साल भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा भी खूब बढ़ी।



पीएम मोदी को बारबाडोस, मॉरीशस, श्रीलंका, साइप्रस, घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, ब्राजील, नामीबिया, इथियोपिया और ओमान सहित 29 देशों ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। रणनीतिक व्यापार वार्ता ने भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया। भारत-ब्रिटेन CETA और भारत-ओमान CEPA ने पश्चिम और खाड़ी बाजार तक पहुंच बढ़ाई। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। यूरोपीय संघ, कनाडा, इस्राइल, मेक्सिको और GCC देशों के साथ वार्ता ने दुनिया भारत के भरोसे को बढ़ाया है।

**18 संसदों में दिया भाषण** । पीएम मोदी ने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, नामीबिया और इथियोपिया की संसद को संबोधित किया। बेहतर दुनिया के लिए भारत के दृष्टिकोण को बताया। SDG व जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विकासात्मक वित्त और उभरती प्रौद्योगिकियों तक बेहतर पहुंच के लिए ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं की वकालत की। 18 संसदों में भाषण देने वाले वह एकमात्र भारतीय भी बने।

**दुनिया से मिली तारीफ** । इस साल दुनिया भर के नेताओं ने पीएम मोदी की ईमानदारी और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। कैरेबियाई नेताओं ने उन्हें स्थिर राजनेता बताया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने उनकी तारीफ करते हुए भारत को भाग्यशाली बताया। पूतिन और जॉर्डन के क्राउन प्रिंस हुसैन के साथ मोदी की कार डिप्लोमेसी की भी चर्चा हुई। इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली का उन्हें एस्कॉर्ट करना और भूटान के राजा का सड़क पर खड़े होकर स्वागत करना, नरेंद्र मोदी का अंतरराष्ट्रीय नेताओं के साथ का व्यक्तिगत संबंध दर्शाता है। कुल मिलाकर, 2025 आत्मविश्वास और उभरते देश के तौर पर भारत की यात्रा में निर्णायक साबित हुआ।

*(लेखक मनोहर पर्रिकर इंस्टिट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज ऐंड एनालिसिस, नई दिल्ली के महानिदेशक हैं)*

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता की जगह

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल निर्देशों पर काम करने वाली प्रणाली नहीं रही, बल्कि निर्णय लेने, प्रक्रियाओं को समझने और बहुस्तरीय कार्यों को स्वयं पूर्ण करने वाली इकाई के रूप में उभरने लगी है। इसी परिवर्तन ने एजेंटिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता को केंद्र में ला खड़ा किया, जहां मशीनें इंसान की सहायता भर नहीं करतीं, बल्कि संस्थागत ढांचे के भीतर जिम्मेदार सहयोगी की तरह भूमिका निभाने लगीं। उद्योग, व्यापार, शिक्षा और प्रशासन में इसका प्रभाव तेजी से दिखाई देने लगा। कोड लेखन जैसे क्षेत्र में मशीनों ने अभूतपूर्व दक्षता दिखाई, जिससे मानव श्रम की प्रकृति बदलने लगी और मनुष्य निरीक्षक, नियोजक तथा दिशा-निर्देशक की भूमिका में आता गया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल तकनीक नहीं, बल्कि नीति, नैतिकता और मानवीय जिम्मेदारी का विषय बन चुकी है।

-विभूति बुपक्या, ईमेल से

## विचार

ईमानदारी से किया गया काम, अंत में मुस्कान देता है। वही मुस्कान जीवन की सबसे बड़ी सफलता होती है।
– लाल बहादुर शास्त्री

# सरहद के रक्षकों का नया सत्याग्रह

## शांति के संदेश के साथ 15 रिटायर्ड जांबाज़ अब करेंगे दांडी मार्च

TOI




ऐतिहासिक रूट का जायजा लेते पूर्व सैन्य अधिकारी



15 प्रतिभागी अहमदाबाद में जुटेंगे, जहां से मार्च की शुरुआत होगी

Mohita.Tewari@timesofindia.com

■ **लखनऊ:** जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी सीमाओं की रक्षा में और युद्ध के मैदानों में बिताई, जिन्होंने शांति बनाए रखने के लिए कभी हथियार उठाने को अपना 'कर्तव्य' समझा, अब वही जांबाज हाथ में लाठी लेकर अहिंसा का संदेश देने निकल रहे हैं। यह कहानी है सेना के उन 15 रिटायर्ड सीनियर ऑफिसर्स की, जो महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 'दांडी मार्च' को फिर से जीवित करने जा रहे हैं। 3 जनवरी से 17 जनवरी तक चलने वाली इस दो हफ्ते की यात्रा को नाम दिया गया है 'इकोज ऑफ दांडी: रिट्रेसिंग द हिस्टॉरिक पाथ ऑन फुट'। सेना के ये दिग्गज, जिनमें से कई लेफ्टिनेंट जनरल और मेजर जनरल के पद से रिटायर हुए हैं, दांडी पथ पर 400 किलोमीटर का सफर पैदल तय करेंगे।

**60 की उम्र और वही जज्बा:** इस यात्रा के पीछे एक दिलचस्प भावनात्मक जुड़ाव है। लखनऊ के रहने वाले लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) अनिल पुरी बताते हैं कि जब गांधीजी ने दांडी मार्च शुरू किया था, तब उनकी उम्र 60 साल थी। आज हम सभी भी 60 से ज्यादा की उम्र के हैं। हमने सोचा कि क्यों न उस ऐतिहासिक पल को फिर से महसूस किया जाए।

उन्होंने कहा कि डिफेंस सर्विस में शांति के लिए हमें कभी-कभी हिंसा (युद्ध) का सहारा लेना पड़ा क्योंकि वह हमारा कर्तव्य था। लेकिन अब समय है कि हम दुनिया में शांति का संदेश फैलाएं।

रि. जनरल पुरी स्पष्ट करते हैं कि वे गांधीजी की महानता या उनके ऊंचे कद की बराबरी नहीं कर सकते। वे तो बस एक 'विद्यार्थी' की तरह उस गर्मी, थकान और मिट्टी को महसूस करना चाहते हैं जिससे बापू गुजरे थे। वे शहरों की भागदौड़ से दूर भारत के गांवों की धड़कन को सुनना चाहते हैं, जहां जिंदगी आज भी सादगी से चलती है।

**तैयारी और रास्ता:** इस सफर की योजना पिछले 18 महीनों से बन रही थी। 15 अधिकारियों का यह समूह अहमदाबाद में इकट्ठा होगा। रास्ते में वे उन सभी जगहों पर रुकेंगे जहां गांधीजी रुके थे, जैसे नडियाद का संतराम मंदिर। रहने के लिए वे 'दांडी पथ यात्री निवास' का सहारा लेंगे। रास्ते में उनके साथ NCC कैडेट्स और आम लोग भी जुड़ेंगे।


लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) वी. श्रीनिवासन कहते हैं कि यह हमारा एक पुराना सपना है, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी और सरोजिनी नायडू के दिखाए ऐतिहासिक मार्ग पर बहुत बारीकी से प्लान किया गया है। उम्र को देखते हुए सेहत का भी ध्यान रखा गया है। पूरी टीम ने महीनों तक खुद को तैयार किया है। उनके पास फर्स्ट-एड और जरूरी दवाइयां होंगी और जरूरत पड़ने पर वे स्थानीय डॉक्टरों की मदद लेंगे।

दांडी मार्च के 100 साल पूरे होने में अभी 4 साल बाकी हैं (मूल मार्च 12 मार्च से 6 अप्रैल, 1930 तक चला था), लेकिन इन पूर्व सैनिकों ने अभी से शांति और सादगी का बिगुल फूंक दिया है। ये जवान 17 जनवरी को दांडी पहुंचेंगे। इनका मकसद साफ है कि स्कूल-कॉलेज के छात्रों और गांव के लोगों से मिलकर उन्हें बताना कि शांति की ताकत किसी भी हथियार से बड़ी होती है।

## उम्मीद का फैक्ट

### एशिया की रैंकिंग में रेकॉर्ड 294 भारतीय संस्थान

AI Image



- 'QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026' के ताजा आंकड़े बताते हैं कि भारतीय कॉलेज अब दुनिया के बेहतरीन संस्थानों को टक्कर दे रहे हैं।
- **2016 में भारत के सिर्फ 24 संस्थान इस लिस्ट में थे, जो अब 2026 में बढ़कर 294 हो गए हैं।**
- एशिया के सबसे बेहतरीन 100 कॉलेजों में भारत के 7 संस्थानों ने अपनी जगह बनाई है। टॉप-200 में भारत के 20 संस्थान शामिल हैं।
- **IIT दिल्ली लगातार 5वें साल भारत का नंबर-1 संस्थान बना हुआ है। एशिया में इसकी रैंक 59वीं है।**
- IISc बेंगलुरु, IIT मद्रास, IIT बॉम्बे, IIT कानपुर, IIT खड़गपुर और दिल्ली यूनिवर्सिटी ने टॉप-100 में जगह बनाई है।
- **वहीं पहली बार 'QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स' में भारत के 54 संस्थान शामिल हुए हैं। इसमें भी IIT दिल्ली 123वें स्थान के साथ देश का नेतृत्व कर रहा है।**

*सोर्स: QS एशिया और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026*

## भाईचारे की मिसाल

# मस्जिद के लिए सिख महिला ने दी ज़मीन

TOI



Shariq.Majeed@timesofindia.com

■ **फतेहगढ़ साहिब:** चंडीगढ़ से करीब 55 किलोमीटर दूर पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के जखवाली गांव में धार्मिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की एक अनूठी मिसाल सामने आई है। यहां 75 वर्षीय सिख महिला बीबी राजिंदर कौर ने मुस्लिम समुदाय के लिए मस्जिद निर्माण के लिए अपनी निजी जमीन दान कर दी, जबकि सिख और हिंदू परिवारों ने बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग किया।

जखवाली गांव मुख्य रूप से सिख बहुल है, जहां करीब 400 से 500 सिख परिवार रहते हैं। इसके साथ ही गांव में लगभग 150 हिंदू और 100 मुस्लिम परिवार भी रहते हैं। गांव में पहले से एक गुरुद्वारा और शिव मंदिर मौजूद है, लेकिन अब तक मस्जिद नहीं थी। इस कारण मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज अदा करने के लिए पास के गांव जाना पड़ता था।

बीबी राजिंदर कौर ने बातचीत में बताया कि गांव के मुस्लिम निवासियों को नमाज के लिए दूर जाना पड़ता था, यह बात उन्हें लंबे समय से खटक रही थी। उन्होंने कहा कि मैंने सोचा कि अगर उन्हें पांच मरले (करीब 1,360 वर्ग फुट) जमीन दे दी जाए, तो उन्हें नमाज पढ़ने के लिए अपनी जगह मिल जाएगी। हमें बहुत खुशी है कि वे खुश रहेंगे।

बीबी राजिंदर कौर के पोते सतनाम सिंह ने बताया कि गांव में सिख, हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग पीढ़ियों से भाईचारे के साथ रहते आए हैं।

## देसी युद्धकला बचाने वाले योद्धा

PTI



कोलकाता में प्रतिहारी ट्रेनिंग कैंप में स्टूडेंट्स अपनी फिजिकल ट्रेनिंग का हुनर दिखा रहे हैं। हाथों में पारंपरिक ढाल और लाठी लिए ये युवा योद्धा की तरह अडिग और ऊर्जा से लबरेज नजर आए। युवाओं ने कई एक्टिविटी का प्रदर्शन किया।

### छत्तों को रेस्क्यू कर सुरक्षित घर दे रही है 'Bee बास्केट' की टीम

# खतरे में मधुमक्खियां, संकट में खेती, पैदावार बचाने का प्लान Bee

Photos: Amit Godse






Anjali.Jhangiani@timesofindia.com

■ **सोचिए, क्या** आपकी गर्मियों की दोपहर बिना 'मैंगो शेक' के पूरी हो सकती है? या बिना 'तड़के' वाली दाल और खुशबूदार 'बिरयानी' के खाने का मजा आएगा? शायद नहीं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके पसंदीदा खाने का भविष्य नन्ही मधुमक्खियों के परों पर टिका है। लेकिन, भारत के खेत एक खामोश त्रासदी से गुजर रहे हैं। दरअसल, मधुमक्खियां धीरे-धीरे गायब हो रही हैं, और उनके साथ ही प्याज, आम, सेब और सरसों जैसी फसलों के परागण (Pollination) पर गहरा असर पड़ रहा है। पुणे के अमित गोडसे ने 2014 में 'Bee बास्केट' की पहल शुरू की।

उनका मिशन है मधुमक्खियों को मारने के बजाय सुरक्षित रेस्क्यू करना और खेतों में वापस छोड़ना। अमित कहते हैं कि यह सिर्फ कीड़ों की समस्या नहीं, हमारी फूड सिक्योरिटी का सवाल है। अगर मधुमक्खियां लौटेंगी नहीं, तो थालियां खाली होंगी।

फरवरी 2019 में नासिक में एक विशाल छत्ते को बचाने के लिए अमित की टीम ने 300 किलोमीटर की यात्रा की और 12 घंटे मेहनत के बाद उसे सुरक्षित बचाया। 11 सालों में उन्होंने 17,000 से ज्यादा छत्ते बचाए, जिसकी तारीफ पीएम मोदी ने 'मन की बात' में की।

खेती के एक्सपर्ट राघवेंद्र सधिकर बताते हैं कि इस साल प्याज के बीजों का उत्पादन 60% गिर गया। फरवरी और मार्च की गर्मी के कारण मधुमक्खियां फूलों तक नहीं पहुंचीं। लातूर और रत्नागिरी के किसान भी जंगल कटाई और रसायनों के कारण मधुमक्खियों के नुकसान की चिंता करते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि शहरों में मधुमक्खियों की विविधता ज्यादा है, जबकि खेतों में मोनोकल्चर के कारण पोषण कम है। समय रहते कदम नहीं उठाए तो फसल और मधुमक्खियां दोनों खतरे में हैं।

### कैसे बचेंगी मधुमक्खियां?

अमित गोडसे की टीम ने अब तक 250 से ज्यादा 'बी रेस्क्यूअर्स' तैयार किए हैं। वे निर्माण स्थलों, टॉयलेट्स और पुरानी इमारतों से छत्तों को बचाकर उन्हें ऐसी जगह ले जाते हैं जहां वे सुरक्षित रह सकें। लेकिन यह लड़ाई अमित अकेले नहीं जीत सकते। हकीकत यह है कि हमें पेस्टिसाइड्स का इस्तेमाल कम करना होगा और पर्यावरण में विविधता लानी होगी। अगर हमने आज कदम नहीं उठाया, तो जैसा कि विशेषज्ञों का कहना है, अमेरिका जैसे देशों की तरह यहां भी पूरी मधुमक्खी कॉलोनी खत्म हो जाएगी।




कानपुर। मेरठ। आगरा। गाजियाबाद। अलीगढ़। सहारनपुर। मथुरा। सतना। रीवा। छिंदवाड़ा। दतिया। खंडवा। अलवर। सीकर। धौलपुर। कोटा। अजमेर। भीलवाड़ा। पलवल। मेवात। जींद। सोनीपत। चंबा। कांगड़ा। कुल्लू। मंडी। सिरमौर। पिथौरागढ़। रुद्रपुर। बेगूसराय। भागलपुर। भोजपुर। सिवान

## फटाफट खबरें

### शादी के 22 दिन बाद मिले दंपती के शव

■ **NBT न्यूज, सीतापुर:** 22 दिन पहले प्रेम विवाह करने वाले खुशीराम और मोहिनी के शव रविवार सुबह अनिया कलां के महमाई मंदिर में लगे पेड़ से एक ही फंदे से लटकते मिले। उन्होंने यहीं शादी की थी। दोनों के पैर जमीन से छू रहे थे। खुशीराम और मोहिनी बरसीपुरवा निवासी थे और रिश्ते में भाई-बहन लगते थे। शादी के बाद काफी मान-मनौव्वल पर घरवाले राजी हुए थे। सीओ नेहा त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बांग्लादेश से आती थी कफ सिरप की पेमेंट

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** कफ सिरप की तस्करी में पुलिस ने पांच लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें विष्णु पांडेय और लोकेश अग्रवाल ने तीन बोगस फर्म खोल रखी थीं। इन फर्मों के खातों में नकद जमा कर तस्करी के सरगना शुभम के खातों में ट्रांसफर किए जाते थे। अन्य आरोपितों दिनेश, आशीष यादव व स्वप्निल केसरी ने पूछताछ में बताया कि बांग्लादेश से कफ सिरप की पेमेंट हवाला और गोल्ड के जरिए होती थी। गुजरात का रहने वाला प्रवीण यह इंतजाम करता था।

### कोहरे की चादर से ढका ताजमहल

■ **NBT न्यूज, आगरा:** गलन भरी ठंड के बीच रविवार सुबह ताजमहल घने कोहरे की चादर से ढका रहा। ठंड के बावजूद ताज का दीदार करने पहुंचे सैलानियों को मायूस होना पड़ा। सुबह करीब ग्यारह बजे के बाद हल्की धूप से कोहरा छटने के बाद ताजमहल के साफ दीदार हो सके और लोगों ने फोटो क्लिक करवा यादों को सहेजा। वहीं, कोहरे के चलते शहर के चारों ओर हाइवे और एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार थमी रही। मौसम विभाग ने 2 जनवरी तक घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

# महापुरुषों के नाम पर अराजकता फैला रहे कुछ लोग: CM योगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ




पुलिस मंथन के दूसरे दिन रविवार को सीएम योगी ने अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

**सीएम योगी आदित्यनाथ** ने 'पुलिस मंथन-2025' के दूसरे दिन रविवार को अफसरों से कहा कि सोशल मीडिया पर कानून व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों और साइबर अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से लागू की जाए। उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय अनुद्रनित धर्मांतरण रैकेट' की रोकथाम के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, वित्तीय ट्रेल, तकनीकी विश्लेषण एवं आधुनिक संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के भी निर्देश दिए।

> कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

सीएम ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्क वेब, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता जताते हुए पुलिस और इंटेलिजेंस तंत्र को अलर्ट रहने को कहा। सीएम ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग कर नए-नए संगठन बनाकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ऐसे संगठनों की पृष्ठभूमि की गहन जांचकर इनके नेटवर्क को ध्वस्त करे। धर्मांतरण को गंभीर चुनौती बताते हुए सीएम ने कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं। उन्होंने आगरा के पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार द्वारा अवैध धर्मांतरण के अंतरराष्ट्रीय रैकेट के खुलासे का जिक्र करते हुए कहा कि सीपी की सतर्कता के चलते एक छोटी सी घटना से बड़े रैकेट का खुलासा हुआ। इसी तरह धार्मिक कन्वर्जन से जुड़ी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

### 'अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निगरानी बढ़ाएं'

सीएम ने पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं नेपाल से लगी सीमाओं से बढ़ रही आतंकवादी गतिविधियों के नए आयामों का गहन विश्लेषण करते हुए निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने नशीले पदार्थों की तस्करी एवं संगठित अपराध के खिलाफ और प्रभावी व निर्णायक कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि इसके लिए विभागीय समन्वय एवं सुरक्षा एजेंसियों के बीच रियल-टाइम सूचनाएं साझा की जाएं। गो-तस्करी के मामलों में केवल त्वरित गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे नेटवर्क की पहचान कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। 'पुलिस मंथन-2025' का रविवार को समापन हो गया। आखिरी दिन चार अहम विषयों पर प्रेजेंटेशन हुआ। इसमें आपदा प्रबंधन से लेकर आतंकवाद और संगठित अपराध तक की चुनौतियों पर चर्चा की गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी सत्रों को ध्यानपूर्वक सुना और इनोवेशन्स को सराहा।

# कानपुर में जिंदा मरीज को बताया मुर्दा

■ **NBT रिपोर्ट, कानपुर:** GSVM मेडिकल कॉलेज में जिंदा मरीज को कागजों पर मुर्दा बताकर पुलिस को सूचना भेज दी गई। कॉलेज के एलएलआर अस्पताल की इमरजेंसी में 27 दिसंबर को 60 साल के मरीज की मौत हुई, लेकिन पुलिस को दूसरे मरीज की मौत की जानकारी भेज दी गई। पुलिस पोस्टमॉर्टम के लिए शव लेने पहुंची तो मरीज जिंदा मिला। इस मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आदेश पर आरोपित जूनियर डॉक्टर, स्टाफ नर्स और आया को निलंबित कर दिया गया है।

> डिप्टी सीएम के आदेश पर जूनियर डॉक्टर सहित 3 सस्पेंड

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एलएलआर हॉस्पिटल की इमरजेंसी के बेड नंबर-43 पर 60 साल और बेड नंबर-44 पर 43 साल का मरीज भर्ती था। शनिवार को बेड नंबर-43 पर भर्ती मरीज की मौत हो गई। पुलिस को भेजी जाने वाली सूचना (पीआई) में 43 साल के मरीज की जानकारी भेज दी गई। स्वरूपनगर पुलिस पोस्टमॉर्टम के लिए शव ले जाने के लिए पहुंची तो मरीज जिंदा मिला। प्रिंसिपल डॉ. काला ने बताया कि जूनियर डॉक्टरों की काफी कमी है। जो डॉक्टर हैं, उनके पास बहुत ज्यादा काम है। जिस जूनियर डॉक्टर से गलती हुई, उसे तुरंत ही एक मरीज को हार्टअटैक की सूचना मिली थी।

# जमुई में मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतरे



बिहार के जमुई जिले में एक मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण हावड़ा-पटना-दिल्ली रेल मार्ग पर रेल सेवाएं बाधित हो गईं। इस हादसे में किसी के हताहत होने की अब तक कोई सूचना नहीं है। पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात करीब 11.25 बजे आसनसोल मंडल अंतर्गत लाहाबन और सिमुलतला रेलवे स्टेशन के बीच हुई। इसके कारण करीब 24 ट्रेन का परिचालन प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।



# MP: बाइक पर विस्फोटक ले जाते हुए धमाका, युवक की मौत

AI Image



■ **आईएएनएस, भोपाल/इछावर:** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के रामनगर गांव के पास इछावर-आष्टा मार्ग पर रविवार को मोटरसाइकिल चला रहे एक 20 वर्षीय युवक की एक जोरदार विस्फोट में मौत हो गई। माना जा रहा है कि वाहन में ले जाए जा रहे विस्फोटक पदार्थ के कारण हुए इस विस्फोट से युवक के शरीर के निचले हिस्से को गंभीर चोटें आईं और मोटरसाइकिल पूरी तरह से नष्ट हो गई। पीड़ित की पहचान सुखराम बरेला के रूप में हुई है, जो जामली गांव का निवासी था। वह अपनी मोटरसाइकिल से इछावर से रामनगर की ओर जा रहा था।

> सीहोर जिले में हुई घटना में युवक की गई जान

जांच अधिकारी और इछावर पुलिस स्टेशन के प्रभारी पंकज वाडेकर ने कहा कि विस्फोट के कारण सुखराम के शरीर के निचले हिस्से को गंभीर क्षति पहुंची और वह सड़क से काफी दूर जा गिरा। घटनास्थल पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। उन्होंने प्रथम दृष्टया इस बात से इनकार किया कि विस्फोटक का किसी आपराधिक गतिविधि से कोई संबंध है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया, पीड़ित व्यक्ति कुआं खोदने, खेतों में छोटी-मोटी खुदाई करने या मछली पकड़ने जैसी गतिविधियों में इस्तेमाल करने के लिए विस्फोटक ले जा रहा होगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अक्सर करते हैं, हालांकि यह अवैध होता है। हम फोरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से गहन जांच और तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## सवारी डिब्बा कारखाना
चेन्नै - 600 038

निम्नलिखित ई-टेंडर आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए हैं। कंपनियों से अनुरोध है कि वे www.ireps.gov.in पर लॉग इन करके टेंडर के लिए बोली लगाएं। इस टेंडर के लिए मैन्युअल बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।

| खुली निविदा संख्या | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | निविदा मूल्य (₹) |
|---|---|---|
| 2025499212069 | रेलवे यात्री डिब्बों में एल्युमिनियम कम्पोजिट पैनल और मोल्डिंग की स्थापना के लिए कार्य अनुबंध | 1,47,61,800/- |
| 2025499212070 | एलएचबी डिब्बों में पैनलिंग और संबंधित कार्यों के लिए कार्य अनुबंध | 1,89,02,841.05/- |

| | |
|---|---|
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 21.01.2026, दोपहर 14:45 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि | 21.01.2026, दोपहर 15:00 बजे |

उपरोक्त विज्ञापन का हिंदी संस्करण https://icf.indianrailways.gov.in/ पर उपलब्ध है।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/फर-III

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम (1) मेसर्स जय ट्रेडर्स, प्रोपराइटर के जरिए, दुकान नंबर 2, कृपा कॉम्प्लेक्स, वसई (पूर्व), जिला पालघर, महाराष्ट्र–401209 और अभियुक्त नंबर 2 श्री निमेश बालकृष्ण त्रिवेदी, मेसर्स जय ट्रेडर्स के प्रोपराइटर, दुकान नंबर 2, कृपा कॉम्प्लेक्स, वसई (पूर्व), जिला पालघर, महाराष्ट्र–401209 ने केस CC No-12169/2019, मारुति ओवरसीज बनाम जय ट्रेडर्स U/s 138 NI अधिनियम में अपराध किया है (या उन पर अपराध करने का संदेह है) जो थाना लाहौरी गेट, उत्तरी जिला, दिल्ली में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त नम्बर 1 और 2 नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त नम्बर 1 और 2 फरार हो गये है। (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि उक्त अभियुक्त नम्बर 1 और 2, CC No-12169/2019, मारुति ओवरसीज बनाम जय ट्रेडर्स U/s 138 NI अधिनियम के तहत थाना लाहौरी गेट, उत्तरी जिला, दिल्ली को उक्त शिकायत का जवाब देने के दिनांक 18.03.2026 को सुबह 10 बजे या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री आकांक्षी परवाल,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, एन आई एक्ट,
सेंट्रल एनेक्सर–01, कमरा नंबर 02,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

DP/17499/N/2025
(अदालती मामला)

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in